kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-265 ❐ गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12




कांग्रेस वोट बैंक की दुकान चलाने के लिये अवैध बंगलादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का साथ देने के एजेंडे पर उतर आयी है। यह पार्टी लगातार कई वर्षों से बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। शहजाद पूनावाला


राजद के नेताओं ने बिहार की छवि पूरी दुनिया में खराब की : राजनाथ 11

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉ. जितेंद्र सिंह से की मुलाकात 12


## संक्षेप

### भारत और रूस ने रक्षा संबंधों को अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की

नयी दिल्ली। सैन्य सहयोग के लिए भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) के कार्य समूह की 5 वीं बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में व्यापक चर्चा की गयी। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंगलवार को शुरू हुई दो दिन की इस बैठक की सह-अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ निदेशालय के मुख्य संचालन उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डाइलेव्स्की इगोर निकोलायेविच ने की।

### गोयल ग्रुप की संभल, बिजनौर और बरेली जिले में चार चीनी मिलों पर आयकर छापा

संभल। आयकर विभाग की टीमों ने बुधवार सुबह गोयल ग्रुप की उत्तर प्रदेश के संभल में दो, बिजनौर और बरेली जिलों में स्थित एक-एक चीनी मिलों सहित चार मिलों पर एक साथ छापा मारा। अधिकारियों ने मिलों के दस्तावेज और अन्य कागजात चेक किये। आयकर अधिकारियों की कार्रवाई जारी हैं। मिल प्रबंधन पर टैक्स चोरी का आरोप है। आयकर विभाग ने बुधवार सुबह संभल जिले के रजपुरा स्थित धामपुर चीनी मिल, असमोली स्थित धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के अलावा बरेली के मीरगंज स्थित धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और बिजनौर के धामपुर स्थित चीनी मिल पर एक साथ छापेमारी की। सुबह करीब सात बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में साठ गाड़ियों से एक सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारी मिलों तक पहुंचे थे।

### एसआईआर प्रक्रिया के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी

नयी दिल्ली। देश के जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा, वहां इस कवायद के पूरी होने के बाद मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ायी जाएगी ताकि मतदान के लिए कतारों में कमी लायी जा सके। बिहार में मतदाता सूची को अद्यतन बनाने की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है और वह देश का पहला राज्य बन गया है जहां हर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 है जबकि पहले यह संख्या 1,500 थी। इस प्रक्रिया के तहत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बिहार की तर्ज पर अधिक मतदान केंद्र होंगे। बिहार में पहले मतदान केंद्रों की संख्या 77,895 थी, जो बढ़कर 90,712 हो गई है। मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कतारों में अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए कम समय बिताना पड़ेगा। जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चार नवंबर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू होगी।

# गन्ना मूल्य 30 रुपये प्रति कुन्तल बढ़ा

## गन्ना किसानों को योगी सरकार का बड़ा उपहार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❐ पेराई सत्र 2025-26 में अगेती गन्ना 400, सामान्य 390 प्रति कुन्तल निर्धारित

❐ गन्ना मूल्य वृद्धि से किसानों को होगा 3,000 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान

❐ गन्ना किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं: लक्ष्मी नारायण चौधरी

❐ योगी सरकार में अब तक 2.90 लाख करोड़ का रिकॉर्ड भुगतान, पिछली सरकारों से 1.42 लाख करोड़ अधिक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एक बार फिर गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में 30 प्रति कुन्तल की वृद्धि की गई है। प्रदेश सरकार ने बुधवार को यह घोषणा की। प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के अनुसार अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य ?400 प्रति कुन्तल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान होगा। योगी सरकार के कार्यकाल में यह चौथी बार है, जब गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय न केवल गन्ना किसानों की आमदनी में वृद्धि करेगा, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अर्थतंत्र में नई ऊर्जा भी भरेगा। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि किसानों के परिश्रम का सम्मान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं। गन्ना हमारे ग्रामीण जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है और हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य सही समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। गन्ना किसानों को अब तक दिए 2.9 लाख करोड़ उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को अब तक 2,90,225 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो वर्ष 2007 से 2017 के बीच सपा और बसपा सरकारों में किसानों को कुल मात्र 1,47,346 करोड़ का भुगतान हुआ था। इस प्रकार सरकार ने मात्र साढ़े आठ वर्षों में पिछली सरकारों के मुकाबले 1,42,879 करोड़ अधिक भुगतान कर नया इतिहास रचा है। चार चीनी मिले बनाईं, छह पुनः खोलीं मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 122 चीनी मिलें संचालित हैं, जिससे उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में जहां 21 मिलें औने-पौने दामों पर बेची गई थीं, वहीं सरकार के पारदर्शी प्रबंधन और निवेश हित में बनी नीतियों से इस उद्योग में 12,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है। पिछले आठ वर्षों में 4 नई चीनी मिलें स्थापित की गईं, 6 बंद मिलें पुनः शुरू की गई और 42 मिलों की उत्पादन क्षमता में विस्तार हुआ। इससे प्रदेश में 8 नई बड़ी मिलों के बराबर उत्पादन क्षमता में वृद्धि दर्ज हुई है। साथ ही, 2 मिलों में सीबीजी संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे गन्ना क्षेत्र में वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन को भी बल मिला है। स्मार्ट गन्ना किसान प्रणाली का हुआ लाभ प्रदेश सरकार की अभिनव पहल 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ● शेष पेज 11 पर

## लड़ाकू विमान राफ़ेल में उड़ान भरी राष्ट्रपति मुर्मु ने, कहा

# देश की रक्षा क्षमताओं पर गर्व

एजेंसी

अंबाला। तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां वायु सेना के अंबाला स्टेशन से अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफ़ेल में उडान भरने के बाद इसे अविस्मरणीय अनुभव करार दिया और कहा कि उन्हें देश की रक्षा क्षमताओं पर गर्व है। राष्ट्रपति मुर्मु इससे पहले सुखोई-30 लड़ाकू विमान में भी उडान भर चुकी हैं। दो अलग-अगल लड़ाकू विमानों में उडान भरने वाली वह देश की पहली राष्ट्रपति तथा लड़ाकू विमान में उडान भरने वाली दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। श्रीमती मुर्मु ने सात अप्रैल 2023 को वायु सेना के तेजपुर स्टेशन से सुखोई विमान में उडान भरी थी। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम भी सुखोई लड़ाकू विमान में उडान भर चुके हैं।



राष्ट्रपति ने राफ़ेल में लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी और लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय की। इस विमान ने समुद्र तल से लगभग 15000 फुट की उंचाई पर और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी। इसे 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी उडा रहे थे। बाद में श्रीमती मुर्मु ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि यह उनके लिए कभी न भूलने वाला अनुभव है और उन्हें देश की रक्षा क्षमताओं पर गर्व है। उन्होंने कहा, '' भारतीय वायु सेना के राफ़ेल विमान पर अपनी पहली उड़ान के लिए अंबाला वायु सेना स्टेशन आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। राफ़ेल पर उड़ान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है। शक्तिशाली राफ़ेल विमान पर इस पहली उड़ान ने मुझमें राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की एक नई भावना जगा दी है। मैं इस उड़ान के सफल आयोजन के लिए भारतीय वायु सेना और अंबाला वायु सेना स्टेशन की पूरी टीम को बधाई देती हूं। श्रीमती मुर्मु की राफ़ेल में उडान को नारी सशक्तिकरण के बड़े प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। ● शेष पेज 11 पर

## ज्ञानवापी विवाद: 'वजूखाने' के ताले पर फटा कपड़ा लगाने पर दोनों पक्ष सहमत

वाराणसी। ज्ञानवापी विवाद से जुड़े हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों ने मस्जिद परिसर में सीलबंद 'वजूखाने' के ताले पर बंधे कपड़े को बदलने पर मौखिक रूप से सहमति व्यक्त की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'वजूखाने' के ताले पर बंधा कपड़ा समय के साथ फट और घिस गया है। ज्ञानवापी विवाद से जुड़ा मुकदमा अदालत में है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने ● शेष पेज 11 पर

# मायावती ने एक दलित और एक मुस्लिम को बनाया संयोजक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❐ मंडलवार जाकर बनाएंगे सदस्य, मुस्लिमों को जोड़ेंगे

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में 'मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन' की विशेष बैठक ली।

मायावती ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों यानि प्रत्येक मंडलवार 'मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन' के तहत एक दलित और एक मुस्लिम को संयोजक बनाया है। ये दोनों मिलकर अपने मंडल के प्रत्येक विधानसभा वार मुस्लिम समाज में जाकर उनके बीच-बीच छोटी-छोटी बैठक कर पार्टी के कार्यों के बारे में बताने और सदस्य बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्य की प्रगति रिपोर्ट सीधे बसपा प्रमुख को भेजा जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए मायावती ने कहा कि एक पार्टी के रूप और सरकार बनने पर बसपा ने मुस्लिम समाज के हित और कल्याण के साथ उनकी हर स्तर पर उचित भागीदारी और जान माल एवं मजहब की गारंटी के लिए बेहतरीन कानून व्यवस्था देकर हिफाजत की है। जातिवाद साम्प्रदायिकता को काफी हद तक खत्म किया है। प्रदेश में बसपा ही ऐसी पहली सरकार रही है, जो जुल्म ज्यादती, अराजकता, आपराधिक तत्वों के विरूद्ध और मजलूमों के हक में उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ हमेशा खड़ी रही। यूपी को पूरी तरह से दंगा, शोषण, अन्याय व भय मुक्त किया। जबकि दूसरी पार्टियों में ऐसे दावे ज्यादातर हवा-हवाई रहे हैं। इनकी कथनी और करनी में भी जमीन आसमान का अंतर होता है। वे लोग केवल वोट के स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करते हैं। सरकार बनने के बाद दलित और अन्य पिछड़ों को भूला दिया जाता है। इसलिए अब आगे से इनके किसी भी बहकावे में नहीं आना है। मायावती ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव और इससे पहले भी बार-बार के चुनावी अनुभव से पूरी तरह स्पष्ट है कि मुस्लिम समाज का पूरे तन मन धन का समर्थन मिलने के बावजूद इंडी गठबंधन सपा-कांग्रेस आदि भाजपा को नहीं हरा पा रही है। जबकि मुस्लिम समाज का उसे काफी कम समर्थन मिलने पर बसपा ने भाजपा को परास्त करके दिखाया और 2007 में बहुमत से सरकार भी बनायी। सपा-कांग्रेस आदि की राजनीति दलित, पिछड़े व अन्य वंचित बहुजन विरोधी रही। इनके गलत कार्य कलापों से ही भाजपा यूपी में मजबूत हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सपा, कांग्रेस जैसी इन विरोधी पार्टियों के घिनौने हथकंडों के साथ-साथ पार्टी में कुछ स्वार्थी, अवसरवादी लोगों के भीतरघाती चुनौतियों से भी सामना करना पड़ता है। इनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई भी करनी पड़ती है। इसका ताजा उदाहरण समसुद्दीन राइन हैं। जिन्होंने पिछले विधानसभा, लोकसभा चुनावों में खासकर पश्चिम यूपी में पार्टी को काफी नुकसान पहुंचाया है। चेतावनी के बावजूद सुधार न होने पर उन्हें पार्टी से बाहर किया गया। उन्होंने नसीहत दी है कि आगे ऐसा ● शेष पेज 11 पर

## राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में दानदाता भी होगे शामिल : नृपेन्द्र मिश्र

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में 25 नवंबर को प्रस्तावित ध्वजारोहण समारोह में मंदिर के दानदाताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक के बाद राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि राममंदिर के 25 नवंबर को आयोजित होने वाले ध्वजारोहण समारोह में राममंदिर में दान करने वाले दानदाताओं को भी आमंत्रित किए जाने का आज की बैठक में निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि राममंदिर निर्माण के लिए देश भर के श्रद्धालुओं ने अब तक तीन हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि रामलला को समर्पित की है। वर्ष 2022 के बाद भी अनेक भक्तों ने बड़ी धनराशि रामलला के चरणों में दान में दी है। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि ध्वजारोहण समारोह में छह हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित करने कि योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक में कई निर्णय लिए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की भवन ● शेष पेज 11 पर

# भारत-चीनी सेनाओं के बीच हुई 23वें दौर की वार्ता, एलएसी के तनाव प्रबंधन पर हुई चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली। लंबे इंतजार के बाद भारत और चीन के वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने भारतीय सीमा में मोल्दो-चुशुल सीमा मिलन बिंदु पर कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता के 23वें दौर की बैठक की। इस दौरान दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पश्चिमी क्षेत्र में तनाव प्रबंधन और स्थिरता बनाए रखने पर व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा पर सक्रिय मुद्दों पर गहन संवाद किया।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में कहा कि भारत-चीन कोर कमांडर-स्तरीय बैठक का 23वां दौर 25 अक्टूबर को चुशुल-मोल्दो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित किया गया था। इससे पहले 19 अगस्त को हुई विशेष प्रतिनिधि वार्ता के 24वें दौर के बाद से पश्चिमी क्षेत्र में जनरल स्तर के तंत्र की यह पहली बैठक थी। वार्ता मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। चीनी रक्षा मंत्रालय के अनुसार



❐ भारतीय सीमा के मोल्दो-चुशुल में कोर कमांडर स्तर की बैठक मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई

बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी हिस्से के प्रबंधन पर 'सक्रिय और गहन संवाद' किया और संवेदनशील क्षेत्रों में तनाव कम करने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

बयान में कहा गया है कि वार्ता में दोनों प्रतिनिधिमंडल सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से जुड़ाव जारी रखने पर सहमत हुए। दोनों देशों के अधिकारी सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से संचार और बातचीत जारी रखने और चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में शांति और शांति की संयुक्त रूप से रक्षा करने पर सहमत हुए। बैठक का उद्देश्य पूर्वी लद्दाख में 2020 के सीमा गतिरोध के बाद से जारी तनाव को कम करना था, क्योंकि भारत और चीन के बीच 15/16 जून, 2020 को गलवान घाटी में हुए खूनी संघर्ष के बाद रिश्ते ज्यादा तल्ख़ हो गए थे। इस सीमा संघर्ष में दोनों पक्षों के सैनिकों की मौत हो गई थी।

गलवान संघर्ष के बाद 2024 में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान कजान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद द्विपक्षीय संबंध सुधारने की कवायद तेज हुई। इसी साल अगस्त की शुरुआत में भारत और चीन ने सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वें दौर की वार्ता करके द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही सीमा पर तनाव कम करने पर चर्चा करने के लिए राजनयिक और सैन्य ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का पद खाली नहीं : शाह

## चुनाव में राजद-कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरभंगा/समस्तीपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को कहा है कि बिहार में मुख्यमंत्री और केंद्र में प्रधानमंत्री का पद खाली नहीं है।

श्री शाह ने आज दरभंगा के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय, बेला पोहद्दी में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, लेकिन बिहार में ना तो मुख्यमंत्री का पद खाली है और ना ही केंद्र में प्रधानमंत्री का पद खाली है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने बेटे-बेटियों के लिए ही लगे हो तो वैसी पार्टी से आप अपना नंबर लगने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री



श्री मोदी ने एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का काम शुरू किया है और इसी क्रम में बिहार के दरभंगा में अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से 25 वर्षीय स्वर कोकिला मैथिली ठाकुर को बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के रहने पर भी अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि मैथिली ठाकुर जीतेगी और देश ही नहीं विश्व में मिथिला का सम्मान और आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं, बच्चों को राजनीति में आने का अवसर केवल भाजपा ही दे सकती है, कांग्रेस और लालू नहीं। उन्होंने कहा कि एक लाख युवाओं को पंच, सरपंच, तहसील पंचायत, जिला पंचायत, विधायक और सांसद का टिकट देने का काम भाजपा ने शुरू किया है। गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि बिहार के दरभंगा में 500 करोड़ रुपए की लागत से मिथिला का बहुत बड़ा सांस्कृतिक संग्रहालय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा की आदि शंकराचार्य के जमाने से ही दरभंगा, मिथिलांचल विद्वानों और ज्ञानियों का प्रदेश रहा है। यहां सैकड़ो पांडुलिपियाँ दुनिया भर का ज्ञान समाये पड़ी है। संस्कृत संग्रहालय के द्वारा पूरे बिहार में जितनी भी पांडुलिपियों हैं, उसे संग्रहित कर संरक्षित और संर्वद्धित करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यापति, मंडन मिश्र एवं मां भारती सभी के ● शेष पेज 11 पर

# जो पशुओं का चारा खा जाये, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता/एजेंसी

लखनऊ/भोजपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इंट्री ने बिहार विधानसभा चुनाव को रोचक बना दिया है। बुधवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राकेश रंजन ओझा के पक्ष में जनसभा की। योगी ने कंग्रेस व राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि इन लोगों ने विकास कार्यों को पूरा नहीं किया, क्योंकि जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के भाव के साथ हर नौजवान, गरीब, किसान, माता-बहन को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बुधवार को सिवान के रघुनाथपुर विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी विकास कुमार सिंह और दरौली से विष्णुदेव पासवान के समर्थन में बोलते हुए सीएम ने कहा कि अब बिहार को जंगलराज की ओर नहीं जाने देना है, बल्कि इसे विकास और



जनराज की राह पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने आरजेडी प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जैसा नाम, वैसा काम। जनसभा में हजारों की भीड़ ने 'जय श्री राम' और 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से हवा गुंजायमान कर दिया।

भोजपुरी में संबोधन शुरू करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बाबा महेन्दर नाथ और भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के गौरवशाली धरती पर रउआ सब के हम हिरदय से अभिनन्दन करत बानी। बिहार को ज्ञान, भक्ति, शक्ति, शांति और क्रांति की धरती बताते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध, नालंदा विश्वविद्यालय, भगवान महावीर, चाणक्य, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और कर्पूरी ठाकुर जैसे महानुभावों का की गौरवशाली धरा को पहचान के संकट में धकेलने वाले कौन हैं यह सबको पता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता का नहीं बल्कि पहचान के संकट के खिलाफ लड़ाई है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार पहचान खोने के दौर से गुजर रहा था। आरजेडी पर तीखा हमला करते हुए योगी ने कहा कि रघुनाथपुर में आरजेडी ने जिस प्रत्याशी को उतारा है, वह अपनी खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए केवल बिहार नहीं, बल्कि देश-दुनिया में कुख्यात है। जैसा नाम वैसा काम! उन्होंने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और वही नीति अब बिहार में भी लागू होनी चाहिए।

सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि आरजेडी और उसके सहयोगी आज भी अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध कर रहे हैं। सीतामढ़ी में मां जानकी के कॉरिडोर और मंदिर के विकास का भी विरोध करते हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने राम मंदिर के रथ को रोकने का पाप किया था। सिवान के पुराने जंगलराज ● शेष पेज 11 पर

# पर्यटन में एआई का प्रयोग स्मार्ट टूरिज्म और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्री काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), राम मंदिर (अयोध्या) और गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर) पर पर्यटकों के अनुभव को नई तकनीक के साथ जोड़ते हुए नवाचार करने जा रहा है। इन पवित्र धामों पर आने वाले हर श्रद्धालु और पर्यटक की गणना अत्याधुनिक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरा आधारित 'फुटफॉल काउंटिंग सिस्टम' से करने की तैयारी है, जो रियल-टाइम में सटीक डेटा दर्ज करेगा। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए विभाग ने इच्छुक एजेंसियों से 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (ईओआई) आमंत्रित किए हैं।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक तकनीक प्रणाली से न केवल पर्यटकों की संख्या का सटीक आकलन हो सकेगा, बल्कि इससे यात्रा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं के विकास और पर्यटन नीति निर्धारण को भी अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस परियोजना के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर (वाराणसी), गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर) और राम मंदिर (अयोध्या) में एआई कैमरा स्थापित किए जाने का प्रयास है। चयनित एजेंसी को इन स्थलों पर फुटफॉल काउंटिंग सिस्टम की स्थापना, डेटा विश्लेषण और रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत चयनित एजेंसी संपूर्ण प्रणाली के डिज़ाइन, डेवलपमेंट, इंस्टॉलेशन एवं मेंटेनेंस का कार्य संपादित करेगी। इस अत्याधुनिक पहल में एआई आधारित फ़ेस रिकग्निशन सिस्टम, फुटफॉल काउंटिंग, व्यावहारिक विश्लेषण तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली (इमरजेंसी रिस्पांस सिस्टम) जैसी उन्नत तकनीकों का समावेश होगा। यह स्मार्ट तकनीक प्रत्येक स्थल पर आने वाले पर्यटकों की संख्या, भीड़ के घनत्व और प्रवाह का सटीक विश्लेषण कर प्रभावी प्रबंधन, सुरक्षा निगरानी तथा आपात स्थिति में त्वरित अलर्ट और कार्रवाई को सुनिश्चित करेगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का यह कदम उत्तर प्रदेश में स्मार्ट टूरिज्म और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आएगा। इसके माध्यम से राज्य सरकार को पर्यटक प्रवाह का सटीक रिकॉर्ड मिलेगा। साथ ही, भीड़ प्रबंधन और सुविधाओं का विस्तार अधिक वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने बताया, एआई तकनीक आधारित यह प्रणाली राज्य के पर्यटन स्थलों पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और डेटा-आधारित बनाएगी।

# लखनऊ में चौदहकोसी और कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर बदला रहेगा यातायात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए लगातार ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती रहती है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने 30 और 31 अक्टूबर की चौदहकोसी परिक्रमा, 1 व 2 नवंबर को पंचकोषी परिक्रमा के अलावा 4 व 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान को ध्यान में रखते हुए रुट डायवर्ट किया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अशोक सिंह ने बुधवार को बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान और चौदहकोसी, पंचकोसी परिक्रमा को लेकर यातायात में बदलाव किया किया गया है। 29 अक्टूबर शाम छह बजे से 31 अक्टूबर सुबह आठ बजे परिक्रमा समाप्ति तक यातायत बदला रहेगा। इसके बाद एक एक नवंबर शाम छह बजे से दो नवंबर सुबह आठ बजे तक और 4 नवंबर को दोपहर से 5 नवंबर रात्रि 11 बजे तक रूट डायवर्ट किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद कानपुर से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसे, भारी वाहन कानपुर, फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। जनपद उन्नाव से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसें, भारी वाहन कानपुर उन्नाव के दही चौकी से पुरवा, मौरावा, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

इसी तरह उन्नाव से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसे, भारी वाहन कानपुर, उन्नाव (ललऊखेडा), से बीघापुर लालगंज, गुरुबक्शगंज, बछरांवा से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। इनके अलावा सीतापुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनः-जनपद सीतापुर से गोण्डा, मनिकापुर, बस्ती संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसे, भारी वाहन चाहलारी होते हुए बहराईच से गोण्डा व बलरामपुर होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगे। जनपद सीतापुर से गोण्डा, मनिकापुर, बस्ती संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर आजमगढ़ आदि जाने वाले बसें बड़े,भारी वाहन सीतापुर, इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। हरदोई से गोण्डा, मनिकापुर, बस्ती संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसें, भारी वाहन हरदोई से मलिहाबाद, इंटौंजा, कुम्हरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। सुल्तानपुर रोड से गोण्डा, मनिकापुर, बस्ती संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसें,भारी वाहन हैदरगंढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। इनके अलावा रायबरेली रोड से गोण्डा, मनिकापुर, बस्ती संतकबीरनगर गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़ आदि जाने वाले बसें, भारी वाहन बछरांवा से हैदरगंढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुये अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।

## बरेली हिंसा मामले में आरोपियों को अंतरिम राहत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरेली हिंसा मामले के दो आरोपियों नदीम और बबलू को अंतरिम राहत दी है। अदालत ने दोनों की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए चार्जशीट दाखिल होने तक कार्रवाई न करने के निर्देश दिए हैं। दोनों आरोपी सगे भाई हैं और उनके खिलाफ बरेली के बारादरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। कोर्ट के इस आदेश से आरोपियों को फिलहाल बड़ी राहत मिली है।

## अतीक अहमद के बेटों उमर और अली पर गैंगस्टर एक्ट के तहत चार्जशीट दाखिल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत चार्जशीट दाखिल की है। उमेश पाल और सरकारी गनर हत्या की साजिश में इनकी भूमिका सामने आई थी। धूमनगंज थाना पुलिस ने चार्जशीट स्पेशल कोर्ट में प्रस्तुत की है, जहां कोर्ट ने दो दिन बाद की तारीख तय की है।

## प्रयागराज में कार का कहर, एक की मौत, तीन घायल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हाईकोर्ट चौफटका पुल पर तेज रफ्तार कार ने छह गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए। टक्कर के बाद कार धूमनगंज की ओर भाग निकली। पुलिस कार और चालक की तलाश में जुटी है।

## पत्रकार हत्या मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों साहिल और उसकी मां विजेता को गिरफ्तार किया है। दोनों को रोडवेज बस स्टैंड के पास से पकड़ा गया। जांच में खुलासा हुआ कि ये दोनों हत्या की साजिश में शामिल थे। पुलिस ने साहिल के मोबाइल से मर्डर का वीडियो भी बरामद किया है। मुख्य आरोपी विशाल पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्रम विभाग की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में श्रम विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद स्तरीय श्रम बन्धु समिति, बाल श्रम उन्मूलन समिति एवं बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की कार्यवाही की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने जनपद में भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नगर मजिस्ट्रेट, अपर नगर आयुक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस व श्रम विभाग के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति में संलिप्त व्यक्तियों का सर्वे कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाए और सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किया जाए।भिक्षावृत्ति को हतोत्साहित करने हेतु चौराहों पर जागरूकता साइनेज लगाए जाने और पुनर्वास एवं रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने बाल श्रम निरीक्षण की संख्या बढ़ाने और वर्ष 2027 तक जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।उन्होंने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं के समयबद्ध निस्तारण, पंजीकृत श्रमिकों के नवीनीकरण और नए पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। एक्स–ग्रेसिया व गिग वर्कर्स योजनाओं के अधिक प्रचार–प्रसार पर भी बल दिया गया।बैठक में सहायक श्रम आयुक्त डॉ. संजय कुमार लाल, जिला सेवायोजन अधिकारी अवंतिका टंडन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में वॉकाथन का आयोजन


**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, संगम परिसर से आज सुबह 07:00 बजे वॉकाथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और आम नागरिकों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।वॉकाथन महाप्रबंधक कार्यालय से प्रारंभ होकर स्पंदन अधिकारी क्लब तक संपन्न हुआ। इस दौरान अपर महाप्रबंधक श्री ज.एस. लाकरा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक हिमांशु बडोनी, विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति की प्रतिबद्धता जताई।वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों से संगठन के हर स्तर पर नैतिकता और पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया। यह आयोजन सतर्कता जागरूकता सप्ताह (27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झाँसी और आगरा मंडलों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सतर्कता विभाग की टीमें मुख्यालय व मंडलों में सतर्कता संबंधी नियमों और दिशा–निर्देशों के प्रचार–प्रसार में सक्रिय हैं।

## गौरंगी गौरी की राम कथा सुन भाव विभोर हो गए भक्तगण



**कोराव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गौरंगी गौरी ने टाई सरैया मेजा में राम कथा सुनाई, जिससे भक्तों में भक्ति भाव की लहर दौड़ गई। राम कथा के दौरान भक्त झूम उठे और भगवान राम की भक्ति में डूब गए। गौरंगी गौरी की मधुर आवाज और राम कथा के प्रसंगों ने भक्तों के हृदय को छू लिया । गौरंगी गौरी द्वारा राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान भक्तों को राम कथा सुनने का अवसर मिला है । 2 नवंबर को इस मंडप से 11 जोड़ों की शादी हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराई जाएगी। कथा रोजाना 2 बजे से 5 बजे तक होती है, जिसका आयोजन गोविंद सिंह पटेल के यहां किया जा रहा है और कार्यक्रम आयोजक प्रदीप सिंह , पप्पू गौतम ब्लाक प्रमुख , भोला गौतम , सोनू गौतम , कन्हैया गौतम समेत अन्य कई लोगो का सहयोग हैं।

## विश्व ब्रेनस्ट्रोक दिवस पर जागरूकता आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुनिया भर में अचानक तेजी से बढ़ते ब्रेन स्ट्रोक के ख़तरों से जनसाधारण को सावधान करने के लिये 29अक्टूबर को विश्व ब्रेन स्ट्रोक दिवस का आयोजन किया गया। पत्रकारों से इस विषय में बात करते हुए कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डा. ज़ुबैर सरकार और डा.अनिमेष गुप्ता ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के हर चार आदमियों में से एक व्यक्ति अपने जीवन काल में गंभीर ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हो रहा है जो चिकित्सा जगत के लिये बहुत चिंता की बात है।इसके लिये मस्तिष्क आघात से जुड़े ख़तरों के लक्षणों की जानकारी और बचाव के तरीकों को जानना ज़रूरी है।

# मुहुर्त से पहले ही अयोध्या की चौदह कोसी परिक्रमा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या की पौराणिक चौदह कोसी परिक्रमा को शुरू करने का श्रद्धालुओं के लिए शुभ मुहूर्त आज की रात्रि के अंतिम पहर अर्थात 30 अक्टूबर को प्रातः चार बजकर 43 मिनट से हैं लेकिन उत्साही श्रद्धालुओं ने इसकी चिंता किए बिना जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के साथ चौदह कोसी परिक्रमा शुरू कर दी है।

परिक्रमार्थियों को परिक्रमा करने के दौरान कोई कष्ट न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की है। परिक्रमा पथ पर जगह जगह विश्राम स्थल बनाए गये हैं, जहां परिक्रमार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था है। प्रशासन ने पर्याप्त संख्या में चिकित्सा शिविर और सूचना केंद्र भी स्थापित किया है। जिला प्रशासन के अतिरिक्त स्वयंसेवी संस्थाओं ने चिकित्सा, सेवा और खानपान के शिविर लगाए हैं। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर एवं मेला अधिकारी एडीएम नगर योगानंद पाण्डेय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आज दोपहर में पुनः चौदह कोसी परिक्रमा पथ की तैयारियों को परखा। परिक्रमा पथ जहां अभी निर्माण प्रक्रिया में है वहां प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में बालू डाल दिया गया है और जन स्थानों पर परिक्रमा पथ की ऊंचाई अधिक है वहां पर बल्ली बांस लगाकर बैरिकेट कर दिया है। स्वच्छ पेय जल और जनसुलभ सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। चौदह कोसी परिक्रमा पथ की तैयारियों को अंतिम रूप से परखने के बाद डीएम निखिल टी फुंडे ने कहा कि चौदह कोसी परिक्रमा पथ पर वाहन संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मुख्य मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित है। आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों के लिए रूट तय है। चौदह कोसी परिक्रमा से किसी अयोध्या वासी को यातायात प्रतिबंधित होने के बाद भी किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इसके साथ साथ अयोध्या आने वाले परिक्रमार्थियों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# अभूतपूर्व स्वच्छता, प्रकाश और भव्यता के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

## नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा की सतत मॉनिटरिंग और नेतृत्व से मिली सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लोक अस्था का महापर्व छठ पूजा इस वर्ष पूरे प्रदेश में अभूतपूर्व स्वच्छता, प्रकाश और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन की सफलता के पीछे नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा की सतत मॉनिटरिंग, मार्गदर्शन और नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

माननीय मंत्री श्री शर्मा ने छठ पर्व की तैयारियों की स्वयं समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न जनपदों में दर्जनों घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी नगर निकायों से सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की स्थिति की लगातार समीक्षा की।

उनकी प्रेरणा से नगर कर्मियों और प्रशासनिक टीमों ने दिन-रात मेहनत कर घाटों को स्वच्छ, सुसज्जित और प्रकाशमान बनाया। सफाई मित्रों के परिश्रम और विद्युत कर्मियों की सक्रियता के कारण प्रदेश के घाटों पर इस वर्ष का छठ पर्व स्वच्छता और दिव्यता का प्रतीक बना। विद्युत रोशनी से सजे घाटों पर श्रद्धालुओं को आकाशगंगा जैसा दृश्य देखने को मिला।

मंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह सब छठ मैया और सूर्यदेव की कृपा तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद और प्रेरणा से संभव हुआ है। हमारे नगर कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का समर्पण ही इस आयोजन की सच्ची शक्ति है। छठ पर्व की व्यवस्थाओं की सफलता को लेकर सोशल मीडिया पर भी व्यापक प्रतिक्रिया देखने को मिली। दो दिनों तक #ThanksAKSharma छठ सहित कई हैशटैग लगातार ट्रेंड करते रहे। लगभग 13,000 से अधिक श्रद्धालुओं, नागरिकों और सहकर्मियों ने सोशल मीडिया पर धन्यवाद और शुभकामनाएं व्यक्त कीं। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी नगर कर्मियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि *ल्लजनता की सेवा और स्वच्छ, सुंदर नगरों के निर्माण के लिए नगर विकास विभाग निरंतर निष्ठा से कार्य करता रहेगा।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों के हित में लिया ऐतिहासिक निर्णय : केशव प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने गन्ना किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस निर्णय के अंतर्गत अगेती प्रजाति के गन्ने का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि यह निर्णय न केवल किसानों की आय में अभूतपूर्व वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान करेगा। डबल इंजन सरकार का यह प्रयास 'समृद्ध किसान-सशक्त उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और सशक्त कदम है। राजद और सपा दोनों का चाल चरित्र और चेहरा एक जैसाकेशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि सपा और राजद दोनों का चाल, चरित्र और चेहरा एक जैसा ही है। तेजस्वी यादव हों या अखिलेश यादव, दोनों की राजनीति भ्रम, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की है। बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों ने ठान लिया है 2047 तक ऐसे दल सत्ता के इर्द-गिर्द भी नहीं पहुँच पाएंगे, क्योंकि जनता अब सिर्फ़ विकास और सुशासन का राज चाहती है। देश और प्रदेश को जिन दो परिवारों ने लूटा दिन-रात, दोनों 'बुलेट राजा' फिर थामे हैं एक दूसरे का हाथ। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव, एक की राजनीति का आधार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध है, तो दूसरे का अस्तित्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विरोध तक सिमट गया है। परिवारवादी राजनीति और अनर्गल विरोध का हठ अब देश और बिहार की जनता को कतई स्वीकार नहीं है। उन्होंने लिखा कि बिहार और उत्तर प्रदेश ये दो राज्य कभी अपार संभावनाओं के प्रतीक थे, लेकिन राजद और सपा की राजनीति ने इन्हें अराजकता, भ्रष्टाचार और वंशवाद में जकड़ दिया था। भाजपा और एनडीए ने इस अंधेरे दौर को समाप्त कर इन दोनों राज्यों को विकास, सुशासन और विश्वास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है।

# सम्भल, बाराबंकी और फतेहपुर में खुलेंगे तीन नए निजी विश्वविद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के क्रम में बुधवार को तीन निजी विश्वविद्यालयों को संचालन प्राधिकार-पत्र और आशय-पत्र प्रदान किये गये।

इनमें राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, चन्दौसी (जनपद सम्भल) तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी को संचालन प्राधिकार-पत्र (लेटर ऑफ ऑथराइजेशन) प्रदान किया। वहीं, ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय, फतेहपुर के प्रायोजक एंग्लो संस्कृत कालेज, फतेहपुर को 'आशय-पत्र' (लेटर ऑफ इंटेंट) सौंपा गया। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लखनऊ स्थित अपने आवास में इन विश्वविद्यालयों को संचालन प्राधिकार-पत्र और 'आशय-पत्र' सौंपे। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय प्रदेश के शिक्षा परिदृश्य में पूरक भूमिका निभाते हुए स्थानीय युवाओं को उन्नत शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, चन्दौसी का नाम उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 के अंतर्गत अधिनियम की अनुसूची-2 में क्रमांक 52 पर तथा बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी का नाम तृतीय संशोधन अध्यादेश, 2025 के तहत क्रमांक 50 पर सम्मिलित किया गया है। इन विश्वविद्यालयों के संचालन हेतु शासन द्वारा अधिसूचना और संचालन प्राधिकार-पत्र जारी किए गए हैं। इसी तरह फतेहपुर जिले में प्रस्तावित ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी 'आशय-पत्र' में यह निर्देश दिए गए हैं कि प्रायोजक संस्था को 5 करोड़ रुपये की स्थायी विन्यास निधि सृजित करनी होगी। जिसमे न्यूनतम 20 एकड़ (नगरीय क्षेत्र) या 50 एकड़ (ग्रामीण क्षेत्र) भूमि सम्यक रूप से धारित करनी होगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.11.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.11.2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.11.2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14224-SLR-F2-BSB-RGD-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.11.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 12.11.2025 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-VP) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3366/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा:आशीष जैन

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025' में मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों और अफसरों को सत्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने बुधवार को कहा कि मेरा विश्वास है कि देश की आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है। भ्रष्टाचार उन्मूलन करने के लिये सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार, नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सर्तक होना चाहिये तथा उसे सदैव ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिये। मंडल रेल प्रबंधक अपने लहरतारा स्थित कार्यालय परिसर के सभागार में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह ' में रेल अफसरों और कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के बाद उन्हें संबोधित कर रहे थे। मंडल रेल प्रबंधक ने रेल कर्मियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करने, न तो रिश्वत लेने और न ही रिश्वत देने, सभी कार्य ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करने, जनहित में कार्य करने, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेन्सी को देने की शपथ भी दिलाई। वाराणसी मंडल में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अशोक कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आदि अफसर भी मौजूद रहे।

# निजी अस्पतालों के बंद व खुलने के खेल को सुधारेंगे नवागत जिला अधिकारी

**स्वास्थ्य विभाग निजी अस्पतालों के बंद व खुलवाने में करता है बढ़ा खेल**

**अवैध अस्पतालों के संचालन से जा चुकी है कई मासूमो की जाने**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आज नवागत जिला अधिकारी राजा गणपति आर ने सीतापुर जिले का चार्ज लिया जिला अधिकारी के आगमन से पहले ही सोशल मीडिया पर चर्चाएं होने लगी अधिकारी बहुत ही सख्त व ईमानदार है। आज मीडिया से मिलने पर पत्रकारों के सवाल जवाब भी हुए।

एक सवाल में मीडिया कर्मी द्वारा जिले में संचालित हो रहे निजी अस्पतालों के बारे में भी पूछा गया कि अस्पताल बंद करवाये जाते है, फिर खुलवा दिए जाते है,जिला अधिकारी ने कहा सीएमओ साहब से जानकारी लेकर कार्यवाही होगी। हाल ये है सीएमओ ऑफिस की गठजोड़ से जिले में अवैध निजी अस्पतालों की भरमार है। सील होने के कुछ ही दिन बाद अस्पताल खुल जा रहे हैं, या नाम बदलकर आस-पास के मकान में अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। कार्यवाही के नाम पर जिम्मेदार सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं।जिले में लगभग 195 निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन सीएमओ कार्यालय में है, लेकिन शहर के हर गली-मोहल्ले और कस्बों में अवैध तरीके से निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। उच्चाधिकारियों तक शिकायत पहुंचने पर सीएमओ कार्यालय में तैनात अधिकारी व बाबू पहुंचते हैं और अस्पताल को सील कर चले आते हैं। दो से चार दिन बाद संचालक अस्पताल का सील खोल मरीज का इलाज शुरू कर देते हैं। कुछ महीने पहले सकरन ब्लॉक के नोवा हॉस्पिटल, बाला जी हॉस्पिटल,जन सेवा हॉस्पिटल सिविल लाइन सीतापुर,ओम हॉस्पिटल नैपालापुर, हिन्द हॉस्पिटल खैराबाद,हरगांव पॉलिक्लिनिक, नवयुग हॉस्पिटल हरगांव आदि सैकड़ो हॉस्पिटल बन्द होकर पुनः संचालित हो रहे है।कुछ हॉस्पिटल बन्द होने के बाद नए नाम से भी संचालित हो रहे है। नवागत जिला अधिकारी इन मामलों को कैसे देखेंगे ये यक्ष प्रश्न है।इनबॉक्सऐसे होता है खेल- जानकारों के अनुसार अस्पताल बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सील नहीं किया जा सकता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सील कर देती है। संचालक कुछ दिन बाद सील को खोल लेता है। इस खेल को अंजाम विभागीय मिलीभगत से की जाती है।कई अस्पतालों में नोटिस जारी की जाती है फिर वो नोटिस पर खाना पूर्ति कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। अस्पतालों का नाम बदलकर या उसी नाम से अस्पताल का संचालन अन्य जगह शुरू कर दिया जाता है।

## नवागंतुक जिलाधिकारी ने कोषागार के डबल लॉक में लिया चार्ज

सीतापुर । उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जनपद में आज नवागंतुक जिलाधिकारी राजागणपति आर0 ने जनपद सीतापुर के कोषागार के डबल लॉक में चार्ज लिया। कोषागार के डबल लॉक का चार्ज ग्रहण करते समय मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवागंतुक जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय भी लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में जो भी शासन की योजनाएं हैं, उन योजनाओं का लाभ जनपद के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक पहुंचानें की प्राथमिकता रहेगी तथा शिकायतकर्ताओंकी शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिये निर्देशित किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**अभिलेख रख-रखाव में शिथिलता पर जताया असंतोष**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी राजागणपति आर0 ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों एवं आंग्ल अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य निष्पादन की गति तथा आमजन से संबंधित पत्रावलियों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पटलों पर अभिलेखों का संधारण सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए तथा प्रत्येक पत्रावली का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को अनावश्यकरूप से इधर-उधर न भटकना पड़े, इसके लिए कर्मचारियों को तत्परता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कुछ पटलों पर अभिलेखों के रख-रखाव में शिथिलता पाए जाने पर असंतोष व्यक्त किया और संबंधित कर्मचारियों को सुधार हेतु चेतावनी दी। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यालयों में कार्य संस्कृति में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व लाया जाए।अंत में जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिए कि प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर समय पर प्रस्तुत की जाए तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राठौरपुर में भ्रष्टाचार की गाथा, मनरेगा से लेकर पंचायत निधि तक खुली लूट

**चहेती फर्मों को भुगतान का खेल मछरेहटा की राठौरपुर पंचायत में मनरेगा से पंचायत निधि तक खुली लूट**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा/सीतापुर। विकासखण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत राठौरपुर में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की बेल बेकाबू होती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा से लेकर पंचायत निधि तक हर योजना लूटखसोट का जरिया बन चुकी है। यहां फाइलों में विकास की इबारत लिखी जाती है, लेकिन जमीनी सच्चाई पूरी तरह उजागर करती है कि विकास नहीं, दलाली चल रही है।

सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत में बना सामुदायिक शौचालय भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया है। महीनों से ताले में बंद शौचालय कागजों में ल्लसंचालितड्ड दिखाया जा रहा है। हर महीने मानदेय का भुगतान धड़ल्ले से हो रहा है, जबकि सुविधा जनता के लिए बंद है।

सवाल यह है कि जब शौचालय खुलता ही नहीं, तो फिर मानदेय किसके नाम पर उठाया जा रहा है? यही नही वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में व्हील चेयर के नाम पर लगभग 7650 व बूथ व्यवस्था हेतु लगभग 13200 व ग्राम पंचायत में प्रशासनिक व्यय के नाम पर 6 बार मे लगभग 44000 रुपयों का भुगतान कराया जिसमे जमकर बंदरबाँट किया गया है यही नही तालाब भरवाई के नाम पर लगभग 9800 रुपयों का भुगतान कराया इसके साथ साथ राबिस डलवाई , हैंडपम्प मरम्मत , दवा छिड़काव आदि के भुगतान कराये गए है , जिसमे काफी अनिमिताये बर्ती गयी है।इतना ही नहीं, पंचायत में किए गए कई कार्यों में फर्जी हाजिरी और कागजी योजनाओं का जाल बिछाया गया है। बताया जा रहा है कि पंचायत के अधिकांश कार्य कुछ चहेती फर्मों को ही सौंपे गए, जिन्हें बिना वास्तविक काम के भुगतान कर दिए गए हैं। यह सब कुछ प्रधान, सचिव की मिलीभगत से किया जा रहा है ताकि सरकारी धन को निजी खातों तक पहुंचाया जा सके।सूत्रों के मुताबिक, कागजों पर दर्ज कामों की हकीकत जमीन पर कुछ और ही बयां कर रही है – न सड़कों की गुणवत्ता, न नालियों का अस्तित्व, न शौचालयों का संचालन। फिर भी भुगतान ऐसे किया जा रहा है, मानो राठौरपुर विकास का आदर्श मॉडल बन चुका हो !विभागीय अधिकारी और जिम्मेदार कर्मी सब कुछ जानते हुए भी मौन हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह खेल ऊँचे स्तर तक फैला हुआ है। सवाल यह है – जब जनता के पैसे से भ्रष्टाचार हो रहा है, तो प्रशासन कब जागेगा?राठौरपुर की यह कहानी सिर्फ एक पंचायत की नहीं, बल्कि उस सिस्टम की सच्चाई है जो विकास योजनाओं की आड़ में लूट का साम्राज्य चला रहा है। अब ज़रूरत है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और चहेती फर्मों को किए गए भुगतानों की पूरी पड़ताल हो, ताकि जनता के पैसे की एक-एक पाई का हिसाब सामने आ सके।

# दबंगई के बल पर घर पर तोड़फोड़ और जबरन मारपीट व नगदी छीने

**जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है पूरा मामला , जिस पर प्राथिनी का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर, सीतापुर। पीड़िता मीरा देवी पत्नी रामचंद्र निवासी ग्राम पतवारा विदित हो कि प्रार्थिनी की ननंद निमिषा ,आरती ,व अन्य दो अज्ञात महिलाएं जो प्रार्थिनी मीरा देवी के घर पर दिनांक 27.10.2025 को समय दोपहर करीब 2 बजे में आई और प्राथिनी से गाली गलौज करने लगी प्रार्थिनी घर पर उस समय अकेली थी जिस पर विपक्षी गणों ने लाभ उठाते हुए प्रार्थिनी के पास रखें 20000 रुपए नगदी व प्राथिनी के गले से सोने का मंगलसूत्र ,व कान के झाले ,नोच लिए प्राथिनी जब विपक्षी गणों से जीत न पाई तो उन्होंने अपने पुत्र लखनऊ में फोन कर घटना की पूरी जानकारी दी तभी पुत्र ने डायल 112 को सूचित कर पूरी घटनाक्रम की जानकारी दिया मौके पर पहुंची डायल 112 ने मामले को शांत कराया और विपक्षी गणों से कहा कि आप लोग यहां से जाइए ऐसा ही एक मामला विपक्षी गणों के द्वारा आपराधिक षडयंत्र कर 2024 माह नवंबर 24_11 2024 में घटना को अंजाम दिया जा चुका जब प्राथिनी के बेटे की शादी थी प्राथिनी घर पर अकेली थी इसी मौके का फायदा उठाते हुए विपक्षी प्रेमचंद ,क्षेमचंद, विपिन चंद्र, निमिषा (नीलम ) आरती के द्वारा घर पर जबरन कब्जा व तोड़फोड़ किया गया था इसी तरह आए दिन इनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं जब प्रार्थनी घर पर अकेली होती है यह लोग अपराधिक षड्यंत्र रचकर घर पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं पीड़िता मीरा देवी विपक्षी गण निमिषा देवी , आरती देवी ,क्षेमचंद्र प्रेमचंद ,बिपिन चंद्र के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार लगाई है।

# थाना मैलानी पुलिस द्वारा पांच वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**थाना अध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व में चला अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी के नेतृत्व में आज दिनांक 29.10.2025 को थाना मैलानी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 436/2025 धारा 333/ 115(2)/118(1)/ 351(2) बीएनएसव मु0अ0सं0 0437/2025 धारा 115(2)/118(1) से सम्बन्धित 05 नफर वांछित अभियुक्तगण 1.शादाब पुत्र मो0 नाजिम निवासी ग्राम खंजनपुर थाना मैलानी जनपद खीरी 2.मुन्ना पुत्र इबरत निवासी ग्राम कुकरा थाना मैलानी जनपद खीरी 3. प्रदीप पुत्र ब्रिजेन्द्र सिंह 4.अमरपाल पुत्र गजेन्द्र सिंह 5 .सुरजीत पुत्र ब्रिजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम खंजनपुर थाना मैलानी जनपद खीरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण का में शादाब पुत्र मो. नाजिम निवासी ग्राम खंजनपुर , गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 अबलीश कुमार थाना मैलानी जनपद खीरी।2.हे0का0 कुलदीप थाना मैलानी जनपद खीरी। का0 पंकज तिवारी थाना मैलानी जनपद खीरी शामिल रही।

# पति-पत्नी में विवाद के बीच कमरे के अंदर मिली पति की लाश

**पत्नी भी कमरे में थी , पुलिस को अब तक नहीं दी गई सूचना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। थाना क्षेत्र खमरिया के ग्राम पंचायत लखपेड़ा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक नवविवाहित युवक की लाश उसके ही कमरे के अंदर पाई गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था।मृतक की पहचान विकास पुत्र राजनरायन (उम्र करीब 27 वर्ष) निवासी ग्राम पंचायत लखपेड़ा के रूप में हुई है। उसकी शादी को लगभग छह माह ही हुए थे। सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला, दरवाजा खोलने पर विकास मृत अवस्था में मिला।जानकारी के अनुसार, घटना के समय पत्नी भी कमरे के अंदर मौजूद थी, जिससे पूरे मामले को लेकर संदेह और गहराता जा रहा है।घटना की सूचना अब तक पुलिस को नहीं दी गई है, वहीं ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई हैं। परिजन फिलहाल मामले को लेकर मौन हैं।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं स्वाट व सर्विलांस टीम द्वारा, 08.325 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद कर अभियुक्त जगदीश बिन्द पुत्र दयाराम बिन्द को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली सदर के नेतृत्व में आज दिनांक 29.10.2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस एवं सर्विलांस व स्वाट टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त जगदीश बिन्द पुत्र दयाराम बिन्द निवासी फरीदपुर थाना खेता सराय जिला जौनपुर अस्थायी पता भूसौरिया बायी पास गोला थाना गोला जनपद खीरी को 08.325 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ मानपुर तिराहा निकट अमृत सरोवर रेलवे क्रासिंग पुल से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार एवं बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 924/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है

## एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक सम्पन्न



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक पुलिस लाइन सभागार में सम्पन्न हुई। इसके अलावा सैनिक सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जिसमें एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसपी ने जनपद में विगत माह में घटित गंभीर अपराधों जैसे हत्या, लूट, चोरी, बलात्कार, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, आदि की गहन समीक्षा की और जिन प्रकरणों में अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं की दैनिक समीक्षा करें और समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित विवेचक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने जनपद में सक्रिय वांछित एवं इनामी अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम गठित कर अभियान चलाने, महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने एवं महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने, एंटी रोमियो स्क्वाड को स्कूलों-कॉलेजों के आसपास प्रभावी गश्त करने, बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए आमजन को जागरूक करने, अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी फुट पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाने, हाइवे, बाजार क्षेत्र, बैंक, एटीएम एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, थानों में जनशिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक निस्तारण करने, थाना स्तर पर संतोषजनक संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने, खुफिया सूचना संकलन, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सभी अपने थाना क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाएं, जनता से संवाद स्थापित करें तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सतत रूप से कठोर कार्रवाई करें। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था एवं जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, व शाखा प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत शक्ति संवाद, महिलाओं के सशक्तिकरण का संदेश

शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फ़ेस-5 के तहत महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई कॉलेज रोजा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह ने छात्राओं और महिलाओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब वह जमाना गया, जब नारी की पहचान आंसुओं और आंचल से होती थी। आज की नारी सशक्त, जागरूक और आत्मविश्वासी है।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबिता सिंह का शाहजहांपुर दौरा

**-जनसुनवाई में महिलाओं की सुनी समस्याएं, किया मेडिकल कालेज व जेल का निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चैहान ने बुधवार को शाहजहांपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास भवन सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा की और जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज और जिला कारागार का निरीक्षण किया।विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी प्रियंका चैधरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके मिश्रा ने किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने जनसुनवाई प्रारंभ कराई। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, जमीन विवाद व अन्य मामले शामिल थे। डॉ. बबिता सिंह चैहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित महिलाओं तक पहुंचे। कहा कि आज उत्तर प्रदेश में महिलाएं अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं और सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान सफाई, भोजन की गुणवत्ता व मरीज सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट वितरित की। इसके बाद उन्होंने जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

# फातिमा हॉस्पिटल, गोरखपुर एकेडमिक ब्लाक एवं कम्युनिटी आई केयर वार्ड का हुआ उदघाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पादरी बाजार , गोरखपुर । फातिमा हॉस्पिटल, गोरखपुर में आज Academic Block एवं Community Eye Care Ward का आशीर्वाद एवं उद्घाटन समारोह श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फा. डॉ. संतोष सेबास्टियन, सहयोगी निदेशक फा. शिजो, विभागाध्यक्षगण, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अतिथि गण उपस्थित रहे।

नव स्थापित Academic Block में विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक शिक्षण सुविधाएं, स्मार्ट क्लासरूम, प्रायोगिक प्रशिक्षण साधन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं एधद्वद्वफ्द्धद्वष्भ क्भद्र एथन्द्र डथन्द के माध्यम से नेत्र रोगियों को उन्नत एवं किफायती नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।समारोह को संबोधित करते हुए बिशप डॉ. मैथ्यू नेल्लीकुनेल सी.एस.टी. ने कहा–ल्लआज का दिन फातिमा हॉस्पिटल परिवार के लिए अत्यंत हर्ष और आशीर्वाद का दिन है। शिक्षा और सेवा हमारे संस्थान के मूल स्तंभ हैं। के माध्यम से हम भावी स्वास्थ्यकर्मियों को न केवल चिकित्सा शिक्षा देंगे, बल्कि उन्हें सेवा, संवेदना और मानवता का पाठ भी पढ़ाएंगे। की स्थापना समाज के उन लोगों के लिए की गई है जिन्हें बेहतर नेत्र चिकित्सा की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक कारणों से दृष्टि से वंचित न हो। इस उपलब्धि के लिए मैं सभी सहयोगियों, स्टाफ, इंजीनियरिंग टीम और विद्यार्थियों का हृदय से धन्यवाद करता हूं।ड्डइसके पश्चात निदेशक फा. डॉ. संतोष सेबास्टियन ने कहा–ल्लआज का यह समारोह फातिमा हॉस्पिटल की विकास यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ता है। इदथदद्गद्वद्बद उद्यधदद्म विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का केन्द्र बनेगा और एधद्वद्वफ्द्धद्वष्भ क्भद्र एथन्द्र डथन्द समाज के लिए सेवा का एक अमूल्य माध्यम सिद्ध होगा। हमारा लक्ष्य है कि हम प्रत्येक मरीज को संवेदनशील, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें। मैं सभी अतिथियों और सहयोगियों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस अवसर को विशेष बनाया।ड्डकार्यक्रम का समापन प्रार्थना एवं आशीर्वाद के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और फातिमा हॉस्पिटल की निरंतर प्रगति की सराहना की।1995 में स्थापित फातिमा हॉस्पिटल वर्तमान में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (घ्ड्ढख्ड्ढ), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (क्ळ्ब्ट्ट), पूर्वोत्तर रेलवे, एच.ए.एल., एन.टी.पी.सी., भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण , गोरखपुर तथा मा. मुख्यमंत्री

# श्रद्धालुओं को रोडवेज की 106 बसें ले जाएंगी ककोड़ा मेला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मेले में इतनी बड़ी संख्या में बसों के संचालन से दूसरे स्थानीय रूटों पर बसें कम चलने की आशंका है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि किसी भी रूट के यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी**

बदायूं। ककोड़ा मेले में इस बार यात्रियों की सहूलियत के लिए रोडवेज की ओर से विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। परिवहन निगम ने मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए डिपो की 106 बसों को चलाने का निर्णय लिया है। बदायूं के कादरचौक में ककोड़ा मेले के लिए परिवहन निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कोशिश की जा रही है कि डिपो की हर बस मेले का एक चक्कर अवश्य लगाए, इसके बाद ही आगे रवाना हो।

वहीं मेले में इतनी बड़ी संख्या में बसों के संचालन से दूसरे स्थानीय रूटों पर बसें कम चलने की आशंका है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि किसी भी रूट के यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मिनी कुंभ कहे जाने वाले प्रसिद्ध ककोड़ा मेले में इस बार यात्रियों की परिवहन सुविधा के लिए रोडवेज की ओर से विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए डिपो की 106 बसों को सेवा में लगाने का निर्णय लिया है। इन बसों का रूट चार्ट ऐसा तैयार किया जा रहा है कि अन्य किसी रूट के यात्रियों को परेशानी न हो इन रूटों पर चलेंगी बसें वहीं एआरएम राजेश पाठक ने बताया कि बसों को एक चक्कर में लगाकर अपने निर्धारित रूट पर भेजा जाएगा। इससे मेले में आने-जाने वाले लोगों को भी दिक्कत नहीं होगी और अन्य रूटों के यात्रियों को भी परेशानी नहीं होगी। परिवहन निगम ने तय किया है कि 10 बसें दो से दस नवंबर तक नियमित संचालित होंगी। बाकी बसें पहला चक्कर मेले का लगाकर दिल्ली, मुरादाबाद, बरेली, कासगंज, अलीगढ़, बिल्सी, शाहजहांपुर, मेरठ, लखनऊ, कौशांबी आदि रूटों पर जाएंगी। यह बस मेले की अवधि में प्रतिदिन एक चक्कर अवश्य लगाएगी। एआरएम राजेश पाठक ने बताया कि बदायूं से ककोड़ा मेले तक का किराया निर्धारित करने की प्रक्रिया चल रही है।

डीएम की बैठक के बाद किराए की सूची सार्वजनिक की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। मेले में पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु ककोड़ा मेला क्षेत्र में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दौरान निजी वाहनों के कारण यातायात दबाव और जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। रोडवेज की ओर से लगाई जा रही अतिरिक्त बसें इस दबाव को काफी हद तक कम करेंगी और लोगों को आसानी से मेला स्थल तक पहुंचने में मदद मिलेगी। तीन से पांच नवंबर तक मेले में रहेगी काफी भीड़, चार नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा है। जिले से लेकर अन्य प्रदेशों तक के श्रद्धालु तीन नवंबर की शाम तक मेले में अवश्य पहुंच जाएंगे, जो सुबह में गंगा स्नान करेंगे। इस रात मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। इन दिनों परिवहन निगम की विशेष व्यवस्था रहेगी। इस पर विचार विमर्श किया जा रहा है। निजी वाहनों की रहेगी भीड़रोडवेज बस के साथ ही लोग निजी वाहनों से भी मेले में पहुंचेगे।

वाहनों को मेले से एक किलोमीटर दूर ही छोड़ना पड़ सकता है। क्योंकि मेले तक पहुंचने में लोगों को चार से पांच घंटे जाम से जूझना पड़ सकता है। जाम की स्थिति ठीक रह इसके लिए जगह जगह पुलिस व यातायात कर्मियों को भी तैनात किया गया। एआरएम राजेश पाठक ने बताया कि मेले में आने-जाने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। रोडवेज की 106 बसें मेले का एक चक्कर लगाकर ही अपने रूट पर भेजी जाएंगी। किराया जल्द ही सार्वजनिक कर दिया जाएगा। दस बसें नियमित संचालित होती रहेंगी। दो दिन ही भीड़ अधिक रहती है। फिर भी दस नवंबर तक यात्रियों के हिसाब से बसों का संचालन होता रहेगा।

## एसपी की अनोखी पहल, सर्दी में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के लिए बांटी विशेष सिग्नल लाइट

शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी ने सर्दी के मौसम में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल की। उन्होंने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को विशेष सुरक्षा सिग्नल लाइट वितरित की। यह छोटी सुरक्षा लाइट वर्दी के कंधे पर लगाई जा सकती है और रात या कोहरे की स्थिति में दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इससे सड़क पर ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मियों की विजिबिलिटी बनी रहती है तथा दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी पुलिस कर्मी रात्रि ड्यूटी या कोहरे के समय इस लाइट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। कहा कि यह पहल न केवल सुरक्षा का उपाय है, बल्कि पुलिस बल की सतर्कता और संवेदनशीलता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और सर्विलांस सेल, एसओजी, महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल व मीडिया सेल आदि शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनगणना को लेकर शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

अनूपशहर । उ. प्र. जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक ने जनगणना प्रशिक्षण में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन दिया।बुधवार को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने तहसीलदार संजय कुमार को ज्ञापन देते हुई अवगत कराया गया, कि जनगणना 2027 मकान सूचीकरण और मकानों की गणना, पूर्व परीक्षण के लिए प्रगणक/ पर्यवेक्षक के रूप में तहसीलदार /चार्ज अधिकारी कार्यालय द्वारा अध्यापकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें किसी-किसी विद्यालय का पूरा स्टाफ ही उक्त कार्य हेतु नियुक्त कर दिया गया है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण 30 सितम्बर से डीपीबीएस कालेज में होना निर्धारित किया गया है। गणना मे विद्यालय का समस्त स्टाफ ही उक्त कार्य हेतु नियुक्त किया गया है। वहां बच्चों की पढ़ाई एवं विद्यालय का संचालन प्रभावित होगा। कुछ विद्यालयों से एक भी अध्यापक की ड्यूटी नहीं है। अवकाश पर गई प्रसूता अध्यापिकाओं की भी ड्यूटी लगा दी है। मांग पत्र देकर तहसीलदार संजय कुमार से सूची में संशोधन कराने का आग्रह किया गया। तहसीलदार ने खंड शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार से वार्ता कर सूची में संशोधन करने की संतुति की। इस मौके पर राजेंद्र सिंह, राजकुमार राघव, महेंद्र प्रताप सिंह चौहान, विजय गोयल, मुकेश कुमार शर्मा, प्रेमपाल सिंह, रतन पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर एसडीएम ने राजनेताओं से की वार्ता

अनूपशहर। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ बैठक कर पुनरीक्षण एसआईआर से जुड़ी कार्यक्रम की जानकारी दी। बुधवार को एसडीएम प्रियंका गोयल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चुनाव आयोग की ओर से जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा चुनाव क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम पर बातचीत की। एसआईआर का कार्य 4 नवंबर से शुरू होकर 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। एसडीएम ने बताया कि इस गणना अवधि में बीएलओ घर-घर जाकर सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र बांटेंगे व प्राप्त करेंगे। प्रत्येक मतदाता के लिए गणना प्रपत्र अलग होगा। वहीं मतदाता की ओर से गणना प्रपत्र में निर्धारित कॉलम में दी गई प्रविष्टियों को भरा जाएगा। साथ ही अपना एक नया रंगीन फोटो लगाकर व हस्ताक्षर करने के बाद संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीच मतदाता अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन भी भर सकते हैं। बीएलओ दोबारा मतदाताओं के पास जाकर भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करेंगे। साथ ही गणना प्रपत्र की एक प्रति बीएलओ अपने पास रखेंगे तथा दूसरी प्रति मतदाता के पास रहेगी। सूची प्रकाशन के बाद जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दाखिल किए जा सकेंगे। वहीं, मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी को किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार संजय कुमार, भाजपा अध्यक्ष मुनेश शर्मा, कांग्रेस सलाम खां, सपा अध्यक्ष मोहसिन गाजी, बसपा विजय गौतम, शेख रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

## बाजरा निकालते समय कटर की चपेट में आने से किसान की मौत

सम्भल। गुन्नौर थाना क्षेत्र के ग्राम झुकेरा में बुधवार दोपहर खेत में काम करते समय एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी प्रताप सिंह (42 वर्ष) पुत्र रामनिवास अपने खेत में ट्रैक्टर कटर की मदद से बाजरा निकाल रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे कटर की चपेट में आ गए। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े, लेकिन तब तक प्रताप सिंह की सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर गुन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रताप सिंह के परिवार में उनके पिता, पत्नी, तीन अविवाहित पुत्रियां और एक 14 वर्षीय पुत्र हैं। अचानक हुए इस हादसे से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रताप सिंह मेहनती और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, जो खेती करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे।

## श्मशान भूमि पर अवैध वसूली रोकने की डीएम से मांग

बदायूं। भागीरथी गंगा मैया कछला घाट पर अंतिम संस्कार करने वाले लोगों से हजारों रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। जिसको लेकर महात्मा मैकू लाल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।महात्मा मैकूलाल ने कहा कछला घाट पर गंगा के दोनों तरफ अंतिम संस्कार करने की हिंदू संस्कृति में परंपरा है। घाट पर तैनात कर्मचारी अंतिम संस्कार करने के लिए कंडे से आग देता है। जिसके बदले दो हजार से लेकर पाँच हजार तक अवैध वसूली की जा रही है। इस वसूली को लेकर अंतिम संस्कार स्थल पर निरंतर झगड़ा होते हैं। गरीब मजदूरों से जबरन वसूली की जाती है। महात्मा मैकू लाल ने मंगलवार को डीएम से मुलाकात करके एक शिकायती पत्र सौंपा है उन्होंने सदर एसडीएम व नगर पंचायत कछला से आग्रह किया है अंतिम संस्कार स्थल पर दोनों तरफ शुल्क के बोर्ड लगाए जाएं। रशीद अंतिम संस्कार करने वालों की परिवारजनों को दी जाये जिससे अवैध वसूली करने वालों पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई कर सकें। महात्मा मैकू लाल ने कहा अगर इस शिकायत पर करवाई नहीं हुई तो गंगा तट पर अंतिम संस्कार स्थल पर बैठकर आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाऊंगा।

## डीएम ने मृतक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक के परिजनों से मुलाकात कर उनकों सांत्वना दी

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बनिया खेड़ा के ग्राम गुमथल के निवासी स्वर्गीय श्री नवल किशोर के पुत्र स्वर्गीय सतेन्द्र पाठक जोकि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित पुस्तकालय में आउटसोर्स के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कार्मिक थे जिनका 6 अक्टूबर 2025 को हार्ट अटैक हो जाने के कारण देहांत हो गया था, उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकों सांत्वना दी एवं उप जिलाधिकारी चंदौसी को निर्देश दिए कि मृतक के परिजनों को ग्राम सभा की सरकारी भूमि में से नियमानुसार पट्टा दिया जाए तथा उप जिलाधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि वह नियमानुसार क्षतिपूर्ति प्रदान कराने के लिए यथा आवश्यक कार्यवाही करें। उपस्थित उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार एवं अन्य ने भी मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।

## विधायक ने सड़क हादसे में घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

गोरखपुर । चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के गौरीघाट जा रहे थे तभी झंगहा के पास सड़क हादसे में घायल एक युवक गिरकर तड़प रहा था विधायक ने तत्काल अपने गाड़ी को रुकवाया और घायल युवक को अपने गाड़ी से अस्पताल भिजवाया और बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया और कहा युवक के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विधायक का मानवीय चेहरा सामने आया है जिसकी ग्रामीणों ने सराहना किया है। पहले भी विधायक ने घायलों को पहुंचाया है अस्पताल।

# थानाध्यक्ष मूसाझाग के विरुद्ध एसएसपी को ज्ञापन, निलंबन की माँग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। क्षत्रिय सैनिक सभा बदायूं के संरक्षक विजय रतन सिंह को पांच घंटे हवालात में बंद करने तथा चालान करने और फर्जी अभियोग पंजीकृत करने के प्रकरण में क्षत्रिय महासभा बदायूं, महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट, क्षत्रिय समाज विकास समिति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, क्षत्रिय सैनिक सभा व भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एसएसपी कार्यालय पर जुट तथा विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।

वहीं एसएसपी को मांगपत्र सौंपा गया। एसएसपी द्वारा तीन दिन में कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया। क्षत्रिय महासभा बदायूं के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि विजय रतन सिंह जनपद के एक संभ्रांत नागरिक होने के साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी हैं। भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय पदाधिकारी भी हैं।



गंभीर रोगों से ग्रस्त होने का ज्ञान होते हुए भी थानाध्यक्ष द्वारा उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया है, सभ्य समाज पुलिस को क्षमा नहीं करेगा। थानाध्यक्ष मूसाझाग द्वारा विजय रतन सिंह द्वारा अपनी दान की गई भूमि में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर को बंद कराने और मदरसे के संचालक को संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है और दुर्भाग्य का विषय है कि योगीराज में वह थाने का प्रभारी भी बना हुआ है। आज हम सबने थाना प्रभारी मूसाझाग के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराए जाने और निलंबन की मांग की है। कार्यवाही न होने पर प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस महानिदेशक से मिलेगे। विजय रतन सिंह के साथ गठित दुर्भाग्यपूर्ण घटना से जनपद का क्षत्रिय समाज आक्रोशित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह राठौड़ एडवोकेट, प्रदेश कोषाध्यक्ष क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश डॉ सुशील कुमार सिंह, मंडलीय संगठन मंत्री विजय पाल सिंह भदोरिया, संरक्षक डॉ एस के सिंह , जिला अध्यक्ष राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगमोहन सिंह राघव, जिला महासचिव रतन वीर सिंह तोमर, जिला सचिव अभिषेक पुंडीर, क्षत्रिय सैनिक सभा के संरक्षक विजय रत्न सिंह, जिला अध्यक्ष क्षत्रिय सैनिक सभा सतेंद्र पाल सिंह चौहान, ,मनोज , सत्यवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, क्षवि नाथ सिंह, डोरी लाल , महीपाल सिंह, सुनील सिंह, सन्तोष सिंह, वीरपाल सिंह, सन्तोष कुमार सिंह, योगेन्द्र पाल सिंह, प्रेम सिंह शाक्य, रामचंद्र , प्रेम सिंह नेहरा, कैलाश कुमार सिंह समेत आदि की सहभागिता रही।

# हाफ एनकाउंटर में लूट का आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश लूट का आरोपी है। 26 अक्तूबर को बाइक सवार दंपती से कुंडल, पर्स व नकदी लूट कर बाइक सवार दो बदमाश भाग गए थे। पुलिस ने एक आरोपी को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार अभियुक्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक सोने का कुंडल व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव सिवाया हामिदपुर निवासी अनिल कुमार से 26 अक्तूबर को लूट हुई थी। वह पत्नी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक सवार दो बदमाश पर्स, 1400 रुपये व कुंडल लूट कर भाग गए थे। पुलिस ने एक आरोपी मुजरिया के शेखपुरा निवासी वीरेश को 27 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। जबकि उसका साथी अलापुर थाना क्षेत्र के गांव अठर्रा कुनिया निवासी सत्यपाल की पुलिस तलाश कर थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह पांच बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि उसैहत रोड पर गांव मामूरगंज में बाग में आरोपी सत्यपाल छिपा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो उसने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें सत्यपाल के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# जैन समाज द्वारा सिद्ध चक्र महामंडल एवं विश्व शांति यज्ञ के उपलक्ष्य में भव्य घट यात्रा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जैन समाज द्वारा आज जैन मंदिर बदायूँ से श्री वसुंनंदी महाराज के ससंध सानिध्य में सिद्ध चक्र महामंडल एवं विश्व शांति यज्ञ के उपलक्ष्य में एक भव्य घट यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा धर्म, अहिंसा और सत्य और विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली गई।

यात्रा की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे प्रारम्भ हुई जो जैन मंदिर से प्रारंभ होकर जोगीपुरा होते हुए पुणे बदायूं सिटी मॉल पर आकर संपन्न हुई घट यात्रा का समाजजनों ने पूजा-अर्चना और मंगलाचरण के साथ शुभारंभ किया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें महिलाएँ, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।रथों में विराजमान भगवान महावीर और अन्य तीर्थंकरों की सुंदर झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह समाज के लोगों और नगरवासियों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने बताया कि इस घट यात्रा का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और नैतिकता के संदेश को प्रसारित करना है। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व महाप्रबंधक शैखुपुर चीनी मिल बदायूँ तथा पूर्व बाढ़ खंड अधिकारी डी0के0 जैन सहित स्थानीय लोगों में जैन समाज के विकास जैन महावीर जैन गौरव जैन रोहित जैन पार्थ जैन मनीष जैन शालिनी जैन सौरभ जैन मधु जैन पूजा जैन तृप्ति जैन संजय जैन तथा उनके पुत्र वरदान जैन इत्यादि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मेला ककोड़ा में विधि विधान से हुआ झण्डी पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। रूहेलखंड के मिनी कुम्भ कहे जाने वाले जनपद के प्रसिद्ध मेला ककोड़ा में मां ककोड़ा देवी मंदिर से झंडी लाकर उसकी पूजा व स्थापना का कार्य जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी की उपस्थिति में पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से किया गया। मेले का शुभारंभ 04 नवंबर को अपराह्न 3:00 बजे होगा। मुख्य स्नान 05 नवंबर को तथा मेला आगामी 12 नवंबर तक चलेगा। डीएम ने अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बुधवार को मेला ककोड़ा क्षेत्र में मां ककोड़ा देवी मंदिर से झंडी लाकर उसकी स्थापना व पूजा अर्चना का कार्य मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक विधि विधान से पूरी श्रद्धा के साथ किया गया। जिला पंचायत द्वारा आयोजित मेला ककोड़ा जनपद का एक प्रसिद्ध मेला है जिसमें हजारों श्रद्धालु आकर धर्म लाभ प्राप्त करते रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा



यादव ने जनपद वासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेला स्थल में आकर धर्म लाभ लेने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मेला स्थल पर कोतवाली आदि की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर किसी प्रकार की गैरवैधानिक चीजों व गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हर आधे घंटे पर बस की सुविधा मेला स्थल पर रहेगी। मेला के सफल आयोजन के लिए कच्चे मार्गों का निर्माण भी कराया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस प्रकार की व्यवस्थाएं मेला स्थल पर कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य स्नान की तिथियां पर सेक्टर व जोन की व्यवस्था पूर्ण रूप से लागू रहेगी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने किसी न किसी अधिकारी व कर्मचारियों को प्रत्येक दशा में मेला स्थल पर तैनात रखें ताकि कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर उसकी तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि मेला स्थल पर सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा गंगा की पवित्र धारा में प्लास्टिक के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि गंगा जी में किसी प्रकार की गंदगी व प्लास्टिक आदि को प्रवाहित ना किया जाए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र व गंगा को पवित्र व साफ रखना सभी की जिम्मेदारी है।

# बहजोई बैंक के काम से गया युवक संदिग्ध हालात में सड़क किनारे पड़ा मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हिम्मतपुर निवासी रामौतार की मौत से परिवार में मचा कोहराम पत्नी संतोष और चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल**

संभल, धनारी। बुधवार को धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी बिचौला के जंगल में सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो मृतक की पहचान रामौतार पुत्र अमर सिंह निवासी हिम्मतपुर के रूप में हुई। जो कल मंगलवार को घर से बैंक के किसी काम से बहजोई गया था लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। सुबह उसका शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।रामौतार मंगलवार को सुबह अपने घर से यह कहकर निकला था कि उसे बहजोई जाना है और बैंक में कुछ जरूरी काम निपटाने हैं। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो पत्नी संतोष को चिंता हुई। संतोष ने फोन किया तो रामौतार ने बताया कि वह थाना क्षेत्र के ही गढ़ी बिचौला में एक कैंटीन पर है और जल्द ही घर आ जाएगा। लेकिन इसके बाद रामौतार का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया और वह घर नहीं पहुंचा। बुधवार की सुबह गांव गढ़ी बिचौला के ग्रामीणों ने सड़क किनारे जंगल के पास एक युवक का शव पड़ा देखा। शव की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना धनारी पुलिस तथा पुलिस चौकी सुलतानगढ़ को दी। सूचना पर सुलतानगढ़ चौकी इंचार्ज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कराई गई। शिनाख्त के बाद मृतक का नाम रामौतार पुत्र अमर सिंह निवासी हिम्मतपुर बताया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। मौके से किसी प्रकार के संघर्ष या चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या रामौतार की हत्या की गई या किसी हादसे का शिकार हुआ है।

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

रामौतार की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया।पत्नी संतोष का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में चारों बच्चे हैं। तीन बेटे और एक बेटी लगातार पिता के वापस आने की आस लगाए हुए हैं। परिवार के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे कि घर से रोज़मर्रा के काम के लिए निकला रामौतार अब इस दुनिया में नहीं रहा। ग्रामीणों ने बताया कि रामौतार स्वभाव से शांत और मिलनसार व्यक्ति था। उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। गांव में उसकी मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

### पुलिस बोली हर एंगल से जांच

इस संबंध में थाना धनारी पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। सभी बिंदुओं पर गहराई से जांच की जा रही है। मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स और उसकी आखिरी लोकेशन भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया बाहय निरीक्षण**

बदायूँ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराये जाने के संबंध में कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। तदोपरान्त डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का बाहय निरीक्षण किया। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा के दौरान राजनैतिक दलों के सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु बूथ लेवल एजेन्ट्स की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने तथा पुनरीक्षण कार्यों के सम्बन्ध में आयोग के दिशा-निर्देशों से समस्त बूथ लेवल एजेन्ट्स को भली-भांति अवगत कराते हुये प्रशिक्षित दिलाए जाने के लिए कहा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों क मुद्रण होगा। 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, 09 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन होगा। उन्होंने बताया कि 09 दिसम्बर से 08 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल किए जाएंगे। 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय लिए जाएंगे। 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# वेंटिलेटर पर गोण्डा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था

**गोण्डा जिला महिला से एक ऐसी तस्वीर सामने आई की दलाली का पैसा ना देने पर दलाल और आशा की लड़ाई मारपीट में तब्दील हों गईं है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का कठिन संकल्प लेकर काम कर रहे है पर अफसरशाही की लापरवाही और संवेदनहीनता योगी सरकार की मंशा पर खुलेआम पलीता लगाते नज़र आ रहे हैं और अफसरशाही की मनमानी से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर पहुंच चुकी है। गोण्डा जिला महिला से एक ऐसी तस्वीर सामने आई की दलाली का पैसा ना देने पर दलाल और आशा की लड़ाई मारपीट में तब्दील हों गईं है।

महिला अस्पताल के बाहर दो आशाएं आपस में भिड़ी दोनों ने बाल पकड़ कर की एक दूसरे की पिटाई कर रही जिला महिला अस्पताल में लगा मजमा देखने उमड़ी मरीजों के तीमारदारों की भीड़ उमड़ पड़ी कमी शन बाजी के चक्कर में जिला महिला अस्प ताल में रोज ड्रामा होता है लेकिन वहां पर तैनात सीए मएस इन सब घटनाओं से अंजान बने रहते हैं दूसरी घटना जिला महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स और डॉक्टरों की एक बड़ी लापर वाही से एक नवजात बच्चे की इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई।

मनकापुर निवासी विनोद कुमार अपनी भाभी को सीएचसी मनकापुर ले गए थे,जहां बच्चे का जन्म हुआ था। तबीयत बिगड़ने पर परिजन नवजात को देर रात गोंडा जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे।परिज नों ने बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराना चाहा लेकिन डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया।आरोप है कि अस्पताल में मौजूद स्टाफ नर्स ने भर्ती के लिए दो हजार रुपये की मांग की,परिजनों का कहना है कि स्टाप नर्स ने यह भी कहा कि अगर बाहर दिखाओगे तो पचीस हजार रुपये लगेंगे। काफी प्रयासों के बावजूद नवजात को भर्ती नहीं किया गया।

इसके बाद समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष लालचंद गौतम ने जिलामहिला अस्पताल के सीएमएस को फोन कर पूरी जानकारी दी। सीएमएस ने दो बार नवजात को तत्काल भर्ती करने के निर्देश दिए,लेकिन स्टाफ नर्स ने उनके निर्देशों को भी दरकिनार कर दिया और लगाता र रिश्वत की मांग करती रही। परिजनों के द्वारारिश्वत न दिए जाने पर नवजात को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती नहीं किया गया। इसी लापरवाही के कारण देर रात इलाज के अभाव में बच्चे की मौत हो गई इसके बाद परिजनों ने अब गोंडा महिला अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स और डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाया है।अब गोंडा जिले के स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठ रहा है कि आखिर रिश्वत न मिलने के कारण नवजात बच्चे को क्यों नहीं भर्ती किया गया और इस नवजात बच्चे की मौत का जिम्मेदार कौन होगावहीं पूरे मामले को लेकर के पीड़ित विनोद ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में बच्चा हुआ था।वहां पर बच्चों की हालत ख राब हो गई मैं तत्काल जिला अस्पताल गोंडा बच्चों को लेकर के पहुंचा।यहां पर ऑक्सीजन की पाइप लगाकर के हम लोगों को बैठा दिया गया लेकिन इन लोगों द्वारा बच्चों को भर्ती नहीं किया गया।

जिला महिला अस्पताल में भर्ती किस लिए नहीं किया गया क्योंकि जिला महि ला अस्पताल में यहां तो लोग पैसे के भूखे रहते है रिश्वत का यह कोई पहला मामला नहीं है य हाँ पर इससे पहले भी कई ऐसे मामले आ चुके हैं।तो ये हैं हालात उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में स्वास्थ्य व्यव स्था की है।जहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के स्वास्थ्य एवं उपमुख्यमंत्री मंत्री बृजेश पाठक हैं..अब थोडा आपको और सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था ओं से रबरू कर दूँ। कि गोण्डा जिले के सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है गोंडा मेडिकल कॉलेज व जिला महिला अस्प ताल में जहाँ मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खुले आम खिलवाड़ किया जा रहा है...और मरीजों के तीमारदारों से अभद्रता की जा रही है जहां मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा,अनुभवी डॉक्टरों की जगह प्रैक्टिस कर रहे नए स्टूडेंट को मरीजों की जांच करने के लिए बैठाया जा रहा है,गोंडा मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी में बैठे डॉक्टर मरीज को छूते तक नहीं है,सवाल है कि क्या आम जनता का जीवन इतना सस्ता है कि नए-नए स्टूडेंट मरी जों के स्वास्थ्य पर अध्ययन कर रहे हैं।

इतना ही नहीं मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों से इनके द्वारा अभद्रता की जा रही है। वही ओपीडी में घंटो लाइन में लगने के बावजूद मरीजों का सही से इलाज नहीं किया जा रहा है।जाहिर है जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है व्यवस्थाओं का आलम यह है कि मरीजों की जान पर आफत आ रही है...लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग है कि मौन है...स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक इन सब मामलों से पूरी तरह से बेखबर हैं...या फिर उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था उनसे संभल नहीं रही है ऐसे में सवाल है कि आखिर कब स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की आंखे कब खुलेंगी,योगी सरकार कब ऐसे डॉक्टरों पर कार्रवाई करेंगे... क्योंकि जाँच करने और कार्यवाही करने की खानापूर्ति की परंपरा तो वर्षो से जनता देखते ही चली आ रही हैं अब समय आ गया कि उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने चिरपरिचित अंदाज में कार्यवाही करें वर्ना जनता तो यही कह रही है उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है।

## बाइक जलाने के विवाद में एक गिरफ्तार , भेजा गया जेल

गोरखपुर। बेलीपार थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बीते मंगलवार कों एक बाइक में आग लगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना मंगलवार दोपहर बेलीपार के मुजेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में हुई थी।मालूम हों की गीडा थाना क्षेत्र के मामापार निवासी नितेश यादव अपने साथी के साथ अपनी बाइक मंदिर परिसर के स्टैंड में खड़ी कर दर्शन करने जा रहा था। की इसी दौरान बेलीपार के बंशीपुरा निवासी सफीक ने अपने साथियों के साथ मिलकर नितेश की बाइक में आग लगा दी। इस दौरान मंदिर परिसर में खड़ी बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी।पुलिस के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बंशीपुर निवासी सफीक ने निखिल चौधरी, आकाश चौधरी और शिवम चौधरी के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते नितेश यादव कों मारा था जिससे नितेश घायल अवस्था में भाग कर अपनी जान बचाई थी। वही गाड़ी परिसर के स्टैंड में छोड़ दिया था। जिसे सफीक नें आग लगा लगाकर उसे जला दिया था। इस घटना से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया था।पीड़ित नितेश यादव की तहरीर पर बेलीपार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफीक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

## दहेज लोभी पति ने की पत्नी की पीट–पीट कर हत्या,सड़क किनारे फ़ेका शव

**पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा तुलसीपुर मांझा से इस वक्त एक दर्द नाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है जहां दहेज लोभियों ने विवाहिता को उसके ही ससुराल वालों ने बेरहमी से पीट पीट कर विवाहिता हत्या कर दी उसके बाद शव को सड़क किनारे फेंक कर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक मामला ग्रामसभा तुल सीपुर मांझा पूरे का है जहां पर अर्जुन के निवा सी राम टहल यादव की बेटी सुषमा की शादी 13 फरवरी 2023 को इसी गांव के मुकेश याद व पुत्र स्वर्गीय शिवाकांत यादव के साथ हुई थी शादी के शुरुआती कुछ दिन तो ठीक चले, ले किन फिर ससुराल वालों का असली चेहरा सामने आने लगा।परिवार वालों का आरोप है कि ससुराल पक्ष आए दिन सुषमा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे।और इसी प्रताड़ ना ने अब उसकी जान ले ली।बताया जा रहा है कि मुकेश अपनी पत्नी सुषमा को बाजार ले गया था। लेकिन बाजार से लौटते वक्त नई बस्ती फार्म नंबर एक के पास सुषमा की बेर हमी से हत्या कर दी गई।आरोप है कि इस हत्या में मुकेश, उसकी मां, मौसा तिलक राम उर्फ तिलंगा और उसकी बहन रेनू शामिल थे। हत्या के बाद आरोपी शव को सड़क किनारे फेंक कर मौके से फरार हो गए।जब ग्रामीणों ने शव देखा, तो उन्होंने तत्काल सुषमा के मायके वालों को सूचना दी। सूचना मिलते ही सुषमा के पिता राम टहल यादव और परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के भाई वीर प्रताप यादव ने थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने दहेज उत्पीड़न और हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।फिलहाल इस घटना से पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

## तिलहर में सेवानिवृत्ति से पूर्व जेल अधीक्षक को दी भावभीनी विदाई

शाहजहांपुर। तिलहर में मंगलवार को वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भावपूर्ण विदाई दी। सेवानिवृत्ति से पूर्व हुए इस आयोजन में नगर के विभिन्न संस्थानों, संगठनों और नागरिकों ने उनके उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रीय गौ रक्षक परिवार के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जेल अधीक्षक का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद आरपी सिंह पब्लिक स्कूल रजनपुर रोड पर प्रबंधक अवनीश सिंह और ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। विद्यालय में आयोजित समारोह में बच्चों ने स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनके प्रदर्शन से खुश होकर जेल अधीक्षक ने बच्चों को मेडल देकर उत्साहवर्धन किया। मानव जीवन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश शर्मा उर्फ पप्पू शर्मा ने अपनी टीम के साथ मिजाजी लाल को पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इसी क्रम में व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि के आवास पर भी उनका स्वागत किया गया।

## भक्तों के बीच हुआ रघुनंदन का अभिनंदन

**कथा में मंगलवार को सांयकाल भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार के द्वारा अष्टम श्री बालाजी महोत्सव में आयोजित दिव्या संगीत में श्री राम कथा का आयोजन श्री नूरामल मंदिर प्रांगण स्टेशन रोड गोंडा में चल रहे के श्री राम कथा के तृतीय दिवस का दिव्य संगीतमय हनुमंत पूजन वैदिक मंत्र उच्चारण से दूध,गेहुं और सिंदूर से अभिषेक अर्चन कराया गया।पूजन कार्यक्रम में कथा व्यास परमपूज्य पीठाधीश्वर संत रविशंकर जी महाराज ''गुरु भाई''के देखरेख में हुआ।

कथा में मंगलवार को सांयकाल भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की कथा का वर्णन हुआ। कार्यक्रम में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री राम का जन्म होते ही लोग खुशियां मनाने लगे बधाइयां देने लगें, झूमने और नाचने लगे। बधाई भजनों पर भक्तों ने खूब झूम कर नृत्य किया।श्र्पाी मेहंदीपुर बालाजी परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर भक्तों के बीच खिलौने से संबंधित उपहारों की बारिश की। भगवान श्री राम का रूप मैं छोटे से बालक का नाम शिवार्थ गुप्ता था। कार्यक्रम में मुख्य यजमान माला देवी और शंकर कुशवाहा रहे।उसके बाद आरती हुई फिर सभी भक्तों ने नुगती दाने,छप्पन भोग,केक और फल का प्रसा द ग्रहण किया।कथा के दौरान कमेटी के सुनील रस्तोगी, अनुराग शर्मा, अनूप कुशवाहा, अमित गुप्ता,उषा रस्तोगी, रिंकी रस्तोगी, रूही टंडन, कामिनी कुशवाहा,कृष्णा कली ,भावना सोमानी ,नेहा गुप्ता,संतोषी सोनी,आकृति सोनी,शिखा गुप्ता, खुशबू गुप्ता, पल्लवी गुप्ता,पूनम गुप्ता, मधु शर्मा,रेनू कसौधन,वर्षा कसौधन,लक्ष्मी सोनी, नैंसी कसौधन, ज्योति कसौधन, पूजा आर्य सहित भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## खबर का असर :पत्नी आरती की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस ने आरती देवी हत्याकांड का खुला सा करते हुए फरार चल रहे आरोपी पति गुनी राम को गिरफ्तार कर लिया है।गुनीराम पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।उसे तरबगंज थाना क्षेत्र के सेझिया गांव के पास से पकड़ा ग या।यह घटना बीते 25 अक्टूबर को नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर बाजार में हुई थी।इस की कर कैनविज टाइम्स ने इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था चार दिन बाद भी हत्या गिरफ्तारी नहीं हुई थी। वही पुलिस के अनुसार, गुनीराम और आरती देवी के बी च अपने पांच वर्षीय बेटे कान्हा के जन्मदिन के लिए घर की पेंटिंग करवाने को लेकर बहस हुई थी।इसी दौरान गुनीराम ने अपनी पत्नी के सिर पर हथौड़े से कई वार किए और फिर चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी।यह पूरी वार दात उनके बेटे के सामने हुई।हत्याकांड को अं जाम देने के बाद आरोपी गुनीराम अपने पांच वर्षीय बेटे कोससुराल में छोड़कर फरार हो गया था।गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पांच पुलिस टीमों का गठन किया था।आरोपी अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में कंबल रखकर जगह-जगह छिप रहा था और रात होने पर अलग-अलग स्थानों पर सो जाता था। नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायि क हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और जल्द ही न्या यालय में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

## गोंडा में पुलिस का इकबाल खत्म : थाने के गेट पर पिटती रही महिला

**पीड़ित महिला को पुलिस ने बचाया, महिला के तहरीर पर आरोपियों को किया गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के उमरी बेगमगंज थाने के गेट पर एक 25 वर्षीय महिला सीमा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला गुमशुदगी के एक मामले में बयान दर्ज कराने थाने आई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने सात नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, सीमा के पिता बुधराम ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उमरी बेगमगंज थाने में दर्ज कराई थी। बीती रात सीमा इसी मामले में बयान देने थाने पहुंची थी। बयान देकर लौटते समय धनीराम, सुखना, रेखा, शिवम साहू, गोलू, नितिन और अमरनाथ सहित कुछ अन्य लोगों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और जबरन घर ले जाने का प्रयास किया,किसी तरह बचकर सीमा दोबारा थाने पहुंची, लेकिन गेट पर अंदर जाते समय आरोपियों ने फिर उस के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। जब पुलिसकर्मी महिला को बचाने पहुंचे,तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उमरी बेगमगंज पुलिस ने सीमा की तहरीर पर सात नामजद और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पांच गंभीर धाराओं में मा मला दर्ज किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो में आरोपी पुलिसकर्मियों के साथ भी बदसलूकी करते और सीमा के साथ मारपीट करते साफ देखे जा सकते हैं।

इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि महिला को परिजनों को सौंपने के बजाय उसे अकेले घर क्यों जाने दिया गया।उमरी बेगमगंज थाना अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।मामले की जांच उप निरीक्षक बृजेश यादव को सौंपी गई है सो शल मीडिया पर वायरल वीडियो रात करीब 12 बजे का बताया जा रहा है।

## घरेलू हिंसा, दहेज उन्मूलन थीम पर जागरूकता चौपाल का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति 5.0'' के तहत महिला कल्याण विभाग द्वारा घरेलू हिंसा/दहेज उन्मूलन थीम पर जागरूकता चौपाल का आयोजन विकासखण्ड राही के ग्राम पंचायत-इब्राहिमपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा 2005, दहेज उन्नमूलन विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि महिलाओं पर घरेलू हिंसा होती है तो पीडित महिला 60 दिनों के भीतर तत्काल दीवानी उपचार प्राप्त कर सकती है। पीडित महिलाएं इस अधिनियम के तहत वयस्क पुरुष अपराधी के विरूद्ध मामला दर्ज करवा सकती है जो उसके साथ घरेलू सम्बन्ध में है। साथ ही बताया गया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, की धारा-4 के अनुसार, विवाह के सम्बन्ध में दुल्हन या दूल्हे या उनके रिश्तेदारों सीधे या परोक्ष रूप से दहेज मांगना एक दण्डनीय अपराध है। इस अपराध के लिए छः महीने से लेकर दो साल तक का कारावास और 10000 रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## घरेलू कलह से तंग आकर मंजू ने खाया जहर, मौत

**दीपावली की खुशियां जहां एक ओर गांव में लौट रही थीं, वहीं मंजू के घर मातम छा गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के नेवास गांव में बुधवार भोर एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। 38 वर्षीय मंजू देवी पत्नी मटेलू ने घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

दीपावली की खुशियां जहां एक ओर गांव में लौट रही थीं, वहीं मंजू के घर मातम छा गया।बताया जाता है कि मंजू देवी का पति मटेलू दीपावली से कुछ दिन पहले परदेश से लौटा था। घर लौटने के बाद अक्सर शराब पीने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होने लगा। रोज-रोज की लड़ाई, मारपीट और तनाव से टूट चुकी मंजू ने आखिरकार मौत को गले लगा लिया। मंगलवार की शाम जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसे गंभीर हालत में सीएचसी ठर्रापार से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर ले जाया गया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।घटना की सूचना पर घघसरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ पूरे घटनास्थल की बारीकी से जांच की। टीम ने मौके से कई नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका मंजू देवी पीछे दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई है। मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठने के बाद परिवार बेसहारा हो गया है। गांव के लोगों की आंखें नम हैं – कोई यकीन नहीं कर पा रहा कि हमेशा मुस्कुराने वाली मंजू अब नहीं रही।गांव की महिलाओं ने कहा अगर परिवार में थोड़ी समझदारी और प्यार होता, तो मंजू आज जिंदा होतीपुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने महिला की मौत पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## पिपराइच में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत युवा सम्मेलन संपन्न

**भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर । श्री गुरु गोरक्षनाथ धर्मशाला पिपराइच में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी और स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, जिसके तहत उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया था। जिसपर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा और कौशल का योगदान दें। विधायक ने कहा कि भारत का युवा यदि संकल्प ले ले, तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से देश में बने उत्पादों को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान देने की अपील की। कहा कि आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत युवा हैं। उन्होंने जोर दिया कि युवा न केवल राजनीति की रीढ़ हैं, बल्कि देश की दिशा बदलने की क्षमता भी रखते हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए गए ठोस कदमों की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि अब युवा नौकरी की तलाश में नहीं हैं, बल्कि दूसरों को नौकरी देने का हौसला रखते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने युवाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है। पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरी पाने के लिए धांधली और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा नीरज दुबे, क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा अंबिकेश्वर दुबे, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री अजय प्रकाश यादव, जिला महामंत्री युवा मोर्चा नारायण दत्त ओझा, विकास पांडे, ब्लॉक प्रमुख जनार्दन जायसवाल, रणविजय सिंह मुन्ना, राघवेंद्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल उर्फ पप्पू, जिला मंत्री नरेंद्र सिंह, रामानंद यादव, संजीव पासवान, जिला उपाध्यक्ष चंद्रबाला श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष अनिल चौहान, अनिल मद्धेशिया, प्रदीप यादव, राम नरेश निषाद, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा का आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन, प्रदेश संगठन मंत्री ने भरी हुंकार, बोले–

# अब युवा नौकरी नहीं, नौकरी देने वाले बन रहे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत बुधवार को होटल सॉलिटेयर में युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत युवा हैं, जो न केवल राजनीति की रीढ़ हैं बल्कि दिशा बदलने की क्षमता भी रखते हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं अब युवा नौकरी की तलाश में नहीं, बल्कि दूसरों को नौकरी देने का हौसला रखता है भाजपा सरकार ने युवाओं के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में युवाओं को नौकरी पाने के लिए धांधली और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष है उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 'मेक इन इंडिया' और स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाएं, देश में बनी वस्तुओं को प्राथमिकता दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें सम्मेलन के दौरान धर्मपाल सिंह ने कहा कि आज का युवा मोदी सरकार की नीतियों से प्रेरित होकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद, दुर्विजय शाक्य, गुलशन आनन्द ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान ने युवाओं में नई ऊर्ज़ा और आत्मविश्वास जगाया है उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और उद्योग लगाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है पीलीभीत के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने युवाओं को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया, जिनके दम पर भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, ऋण सुविधा और तकनीकी सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया बरखेड़ा विधायक प्रवक्ता नन्द ने ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में अपार प्रतिभा होने की बात कही और उन्हें सही मार्गदर्शन व अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया बीसलपुर विद्यायक विवेक वर्मा ने कहा कि गांवों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की कई योजनाएं सक्रिय हैं जिनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी आत्मनिर्भर भारत अभियान युवाओं के भविष्य की दिशा तय करेगा इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह विशिष्ट अतिथि जितिन प्रसाद ,दुर्विजय सिंह शाक्य गुलशन आनंद,संजीव प्रताप सिंह ,स्वामी प्रबक्तानंद,विवेक वर्मा,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ दलजीत कौर,डॉ सुधीर गुप्ता विधानपरिषद सदस्य,क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र मनीष गौतम,रूद्र लक्ष्मी कंात अवस्थी, चेतन शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,ब्लॉक प्रमुख गण,नगर पालिका अध्यक्ष गण,मंडल अध्यक्ष सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता गण भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाजसेवी के दोनों पुत्रों ने वार्षिक प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**विद्यालय ने 2025 चैंपियनशिप के खिताब से नवाजा**

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कला निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जैगम खान के पुत्र अरमान खान एवं बाबर खान ने सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित वार्षिक टूर्नामेंट में जीत का परचम लहराया है। बाबर खान ने 100 मीटर और 200 मी रेस व लंबी कूद में पहला स्थान प्राप्त किया है। क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने हुनर को दिखाया है। कॉलेज प्रबंध समिति ने बाबर खान को वर्ष 2025 चैंपियनशिप के खिताब से नवाजा है। बाबर खान का यह पहला मौका नहीं है। उन्होंने लगातार तीसरी बार इस चैंपियनशिप अपने पास रखकर तहसील का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। अरमान खान ने गोला फ़ेक व रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सपा नेता के दोनों पुत्रों ने शेरपुर सहित पूरे जनपद का नाम रोशन करके अपने पिता का मान बढ़ाया है।सपा नेता के दोनों पुत्रों ने जो उपलब्धि हासिल की है। उसके लिए उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। सपा नेता ने बताया कि उनके दोनों पुत्र पिता के पद चिन्ह पर चलकर एक दिन बहुत आगे बढ़ेंगे और अपने प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे आपको बता दें।कि सपा नेता के दोनों पुत्र सामाजिक कार्यों में भी बढ़कर हिस्सा लेते हैं। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया है।

## अमेठी के आदर्श पाण्डेय ने यूपीएससी में पाई 28वीं रैंक

अमेठी । विकास क्षेत्र संग्रामपुर के गांव सोनारी कनू के निवासी आदर्श पाण्डेय ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में देशभर में अठाइसवीं रैंक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने बधाई दी है। बताते चलें कि आदर्श के पिता चंद्रभान पाण्डेय वर्तमान में अमेठी तहसील में अमीन पद पर कार्यरत हैं तथा अमीन संघ के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श ने अपनी शिक्षा लखनऊ पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट तक पूरी की। इसके बाद उन्होंने बीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड कोर्स) किया और फिर बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर स्वाध्ययन के माध्यम से यूपीएससी की तैयारी की।सिविल सेवा परीक्षा 2024 का परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ जिसमें कुल एक हजार नौ अभ्यर्थी सफल घोषित हुये।आदर्श पाण्डेय ने प्री, मेंस और इंटरव्यू तीनों चरणों को सफलता पूर्वक पार करते हुये अठाइस वीं रैंक हासिल की।अपने पुत्र की सफलता पर चंद्रभान पाण्डेय ने कहा कि यह सब ईश्वर की कृपा, पूर्वजों का आशीर्वाद और कड़ी मेहनत का परिणाम है।उन्होंने कहा कि आदर्श ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर मन में लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी कठिन परीक्षा को जीता जा सकता है।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व महिला आयोग की अध्यक्ष कमलावती सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आशा वाजपेई ने की तथा संचालन गीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कमलावती सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी के ल्लविजनऽ2047 : विकसित भारतङ्क के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रत्येक भारतीय नारी को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत को साकार करने हेतु केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का कार्य कर दिखाया है।उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी एवं प्राथमिकता देकर राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति को सशक्त किया गया है। महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने आत्मनिर्भरता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा जब संपूर्ण विश्व संकट में था तब भारत ने अपनी औषधियों एवं चिकित्सा सामग्री से न केवल आत्मनिर्भरता प्राप्त की बल्कि अन्य देशों की सहायता भी की।यह प्रधानमंत्री मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाएं आज आत्मबल और स्वदेशी के संकल्प से समाज को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी, प्रज्ञा त्रिपाठी, चन्द्र मौलि सिंह,विषुव मिश्रा,मनोज जायसवाल,प्रभात शुक्ला,अरुण मिश्रा सहित अनेक सम्मानित कार्यकर्ता एवं बहनें उपस्थित रही।

## राजाफत्तेपुर में गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

तिलोई अमेठी,क्षेत्र के कस्बा राजाफत्तेपुर स्थित डॉ प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इंटर कालेज में श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कथा व्यास के साथ यजमान ने धार्मिक स्थलों पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन किया और ग्रामीणों द्वारा कलश यात्रा का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा में भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया और वातावरण भक्तिमय रहा। बुधवार को कार्यक्रम स्थल से गाजे बाजे के साथ वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास योगेन्द्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में निकली कलश यात्रा प्राचीनतम बाबा घुइसरनाथ महादेव मंदिर, पंचेश्वर महादेव मंदिर,सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में यजमान आनंद कुमार मिश्रा कामिनी मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के दर्शन पूजन किया। इसके बाद कलश यात्रा हनुमानगढ़ी राजापुर में दर्शन पूजन के बाद पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं और बच्चों के साथ हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरु नही : आचार्य शान्तनु जी महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिये बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो मैया शबरी अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान कि प्रतीक्षा की और अंततः भगवान उनके पास स्वयं जाकर उनको दर्शन दिये है।कथा व्यास ने कहा कि हम सब की यही स्थिति होनी चाहिये कि भगवान के लिये मन में ललक और प्यास होनी चाहिये इसीलिये भगवान जब भारद्वाज मुनि के पास गये तो उन्होंने यही कहा कि आज उनके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण हो गये है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही और गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है।चित्रकूट की लीला का बहुत ही सुंदर व मार्मिक वर्णन किया गया एवं दसरथ जी के मार्मिक महाप्रयाण का महाराज जी ने दर्शन कराया। श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर श्रोताओं की भीड़ इस कदर कथा श्रवण करने पहुंच गई कि पण्डाल छोटा नजर आने लगा और हजारों की संख्या में श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। कथा के समय बीच बीच में जय श्री राम का जयकारा पण्डाल में गूंजता रहा।श्रीराम कथा के यजमान ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के आयोजक गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह श्रोताओं के स्वागत सत्कार में लगे रहे और रोली चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत किया तो विधायक राकेश प्रताप सिंह के बड़े भाई दिनेश प्रताप सिंह,मुकेश प्रताप सिंह ने अतिथियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह,राम कृपाल सिंह, कप्तान मिश्रा, मनीष पाठक,विनोद सिंह, आशीष दुबे, उग्रसेन सिंह, राजेश सिंह, मनीष सिंह, देशराज पाण्डेय, विकास सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, हिमांशु सिंह,सिद्धार्थ सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित हजारों की की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

**शौर्यगाथा एक नवम्बर को होगी**

अमेठी,गौरीगंज में मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर आगामी एक नवम्बर को दिन में ग्यारह बजे से दो बजे तक शौर्यगाथ का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम के आयोजक एवं गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी एक नवम्बर को प्रातः ग्यारह बजे से दो बजे तक शौर्यगाथा होगी और इसके बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया जायेगा। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आम जनमानस से शौर्य गाथा श्रवण के उपरांत विशाल भण्डारा में प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

### गौशाला पहुंचे बीएसए बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गोपाष्टमी का त्योहार

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचायत सरोरा में स्थित अस्थाई गौशाला जगदीशपुर और नूरपुर शाही में स्थित गो संरक्षण केंद्र में गोपाष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बीएसए ने गौशाला में पहुंचकर गौ माता को केला और गुड़ खिलाकर उनका सम्मान किया। गोपाष्टमी के दिन गौ माता का सम्मान करने का विशेष महत्व है। गौ संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का भी यह एक अच्छा अवसर है।बीएसए अमित कुमार सिंह ने गौ माता की पूजा की और उन्हें केला और गुड़ खिलाया। बीएसए ने गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया और गौ माताओं की देखभाल के लिए आवश्यक निर्देश दिए।इस तरह के आयोजनों से गौ संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती है और गौ माताओं का सम्मान करने की भावना भी पैदा होती है।

### गोपाष्टमी पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने की गौमाता की पूजा एवं सेवा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर बुधवार को नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता अपनी माता जी के साथ श्री कान्हा गौशाला, हरसिंहपुर पूरनपुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने श्रद्धा भाव से गौमाता की पूजा एवं सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया।इस अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ल्लगौ सेवा सच्चे अर्थों में ईश्वर सेवा है। गौमाता हमारे जीवन, संस्कृति और आस्था की आधारशिला हैं। इस पावन दिवस पर हम सभी को गौ संरक्षण और सेवा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने गौमाता के चरणों में नमन करते हुए समस्त नगरवासियों के सुख–समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।गौपूजा कार्यक्रम में एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, प्रभारी बीडीओ हेमंत यादव, धीरज शुक्ला, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. आशीष शर्मा, सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', उदित सिंह, दिनेश भारती,दुर्वेश कुमार, विवेक तिवारी सहित अनेक सम्मानित जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने गौमाता की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और गौसेवा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।

### देवीपुरा गौशाला में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया गोपाष्टमी पर्व

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर आज देवीपुरा गौशाला पहुंचकर हवन व गौ पूजन किया। गौशाला का निरीक्षण कर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था को देखा तथा गौ माता को केला व गुड खिलाया एवं उपस्थित लोगों को गौ सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गौशाला में भण्डारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा हर्षोउल्लास के साथ प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर सोशल हेरीटेज फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को गौ माता की प्रतिमा भेंट की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 पी.के.त्यागी, खण्ड विकास अधिकारी लियाकत अली, सचिव, एवं सोशल हेरीटेज फाउंडेशन के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### छठ पूजा के अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने भक्तों को भेंट किए उपहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम नारायणपुर निकट गैस गोदाम, सिरसा रोड में बुधवार प्रातः छठ पूजा के उषा अर्घ्य की पावन बेला पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने पहुंचकर छठी मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया और उपवास रखने वाले श्रद्धालु भक्तों को उपहार भेंट कर उनकी सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया।पूजा स्थल पर नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान, संजीव कुमार, उमेश पटेल, विवेक तिवारी सहित अनेक सम्मानित जन एवं भारी संख्या में उपस्थित नारी शक्ति ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ छठी मैया एवं सूर्य देवता की पूजा–अर्चना की।इस अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, जो हमें संयम, श्रद्धा और सूर्य उपासना के संदेश से प्रेरित करता है। उन्होंने छठी मैया से नगरवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

### कृषकों के लिए खुशखबरी

पीलीभीत। अब जनपद पीलीभीत में कृषि विज्ञान केन्द्र टांडा बिजेसी पीलीभीत में सभी प्रकार की हाईब्रिड पौध कम लागत में प्राप्त का आय दोगनी कर अधिक लाभ कमाये जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो गया है। अब जनपद के सभी प्रगतिशील कृषक हाईटेक नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र टांडा बिजैसी, न्यूरिया पीलीभीत में स्थापना हो जाने से जनपद पीलीभीत के सब्जी उत्पादकों को उनके वांछनानुसार गुणवत्तायुक्त/रोगमुक्त सब्जी बेहन/पौध आसानी से सुलभ हो जायेगी। विभाग द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश के अर्न्तगत कृषकों द्वारा अपने स्वयं के व्यय से क्रय किये गये वांछित सब्जी बीज उपलब्ध कराने पर उन्हे 01 रूपया प्रति पौध की दर से पौध उत्पादन कर उपलब्ध कराया जायेगा।

## बेमौसम बरसात ने बढ़ाई किसानों की धड़कन, धान की फसल पर संकट के बादल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बल्दीराय/सुल्तानपुर। क्षेत्र में मंगलवार से शुरू बेमौसम बरसात ने किसानों की नींद उड़ा दी है। धान की कटाई के ठीक समय हुई इस बारिश से खेतों में खड़ी फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिन किसानों ने फसल की कटाई कर ली थी, उनके लिए धान को सुखाने और सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है, वहीं जिन खेतों में फसल अब भी खड़ी है, वहां पानी भरने से बड़े नुकसान की आशंका बढ़ गई है। धान की बालियां पक चुकी हैं और कटाई का काम जोरों पर चल रहा था। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने खेतों में नमी बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि यदि बरसात एक-दो दिन और जारी रही तो खेतों में पानी भरने से बालियां झुक जाएंगी और धान का दाना काला पड़ सकता है, जिससे उपज की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। कटे हुए धान को सुखाने के लिए धूप न मिलने से दानों में फफूंद लगने का खतरा भी बढ़ गया है। गांवों में कई किसानों ने बताया कि इस समय की बरसात सबसे नुकसानदेह होती है। बल्दीराय, हलियापुर, और धनपतगंज क्षेत्र के किसानों ने बताया कि ल्लहमने दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी, अब यह बेमौसम बारिश हमारी गाढ़ी कमाई पर पानी फ़ेर सकती है।ल्ल कई जगहों पर कटे हुए धान के ढेर खेतों में खुले पड़े हैं, जिन्हें बारिश ने भिगो दिया है। तो वहीं मौसम विभाग के चेतावनी को देखें तो कृषि जानकारों के अनुसार, यदि अगले 24 घंटे में मौसम साफ नहीं होता है, तो फसल में भारी नुकसान की संभावना है। कृषि अधिकारी किसानों को सलाह दे रहे हैं कि कटे हुए धान को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर ले जाकर सुखाएं और खेतों में पानी की निकासी की व्यवस्था करें।बेमौसम बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। जहां एक ओर वे पूरी मेहनत से साल भर की फसल तैयार करते हैं, वहीं मौसम की यह मार उनकी मेहनत को चौपट करने का डर दिखा रही है। किसानों की उम्मीदें अब आसमान की ओर टिकी हैं कि जल्द मौसम खुल जाए और उनकी फसलें सुरक्षित रहें।

## स्कूलों में आईसीटी लैब के उपकरण महीनों से पैक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



भदैंया/सुल्तानपुर। परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित करने के लिए आए कंप्यूटर उपकरण महीनों से लगाए नहीं गए हैं। इससे छात्रों की कंप्यूटर शिक्षा बाधित हो रही है और सत्र बीतता जा रहा है।उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर और कुछमुछ जैसे विद्यालयों में कंप्यूटर डेस्कटॉप, मॉनिटर, वाईफाई राउटर, मल्टीफंक्शन प्रिंटर, इन्वर्टर और बैटरी जैसे उपकरण 12 सितंबर से रखे हुए हैं। अभी तक इन्हें इंस्टाल नहीं किया गया है। नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को कंप्यूटर का ज्ञान देने की योजना है। इसके लिए एससीईआरटी ने पाठ्यक्रम में बदलाव किया है, जिसमें कक्षा छह से आठ तक के छात्रों के लिए विज्ञान विषय में 'डिजिटल लिटरेसी' अध्याय जोड़ा गया है।इस अध्याय में ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर, स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्टिविटी की जानकारी दी जानी है। विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और सावधानियों के बारे में भी पढ़ाया जाएगा। लंबे समय से रखे इन उपकरणों के खराब होने की आशंका बनी हुई है, जिससे बच्चों की कंप्यूटर शिक्षा और प्रभावित हो सकती है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

### लोधवरिया के रोजगार सेवक के खाते से धोखाधड़ी कर निकाला दो लाख रुपया

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत लोधवरिया के ग्राम रोजगार सेवक के खाते से ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर करीब दो लाख रुपया निकाल लिया गया है। पीड़ित को जब मामले की जानकारी हुई तो उसने पूरे घटनाक्रम से थाना मोहनगंज पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल में जुट गई है।थाना क्षेत्र के गांव पूरे अमीर सिंह मजरे लोधवरिया निवासी मेवालाल पुत्र गंगादीन का बचत खाता बैंक आफ बडौदा शाखा तिलोई में है जिसका खाता संख्या 00580100005095 है। पीड़ित ग्राम रोजगार सेवक मेवालाल ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती सत्ताइस अक्टूबर व अठाइस अक्टूबर को यूपीआई के माध्यम से पांच बार में एक लाख अठ्ठान्नवे हजार चार सौ निन्नान्बबो रूपया काट लिया गया है जो कि धोखाधड़ी से खाते से निकाल लिया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही खाताधारक के पैरों तले से जमीन खिसक गई और उसने पूरे घटनाक्रम से स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।

## खाद दुकानों के लाइसेंस सस्पेंड, किसानों को डीएपी निर्धारित दर पर मिलेगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। जिले में किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग सक्रिय हो गया है। जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने दो उर्वरक दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना लाइसेंस या निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा है। कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 27 अक्टूबर तक कुल 560 बोरी डीएपी प्राप्त हुई है, जिसका वितरण केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है। निर्देशों के अनुसार, किसी भी दुकान पर रेट बोर्ड न होने या निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। उर्वरक विक्रेताओं को प्रत्येक बैग पर रेट बोर्ड प्रदर्शित करने, स्टॉक पंजी बनाए रखने और कैश मेमो का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है। अवैध विक्रय की शिकायत मिलने पर बाजार नियंत्रण अधिनियम के तहत तुरंत कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया जाएगा। वर्तमान अक्टूबर माह के लिए जनपद का डीएपी खाद का लक्ष्य 15064 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 2697 मीट्रिक टन उपलब्ध हो चुका है। डीएपी के अलावा, एनपीके (10:26:26), म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी), सल्फर, जिंक सल्फ़ेट और बायोफर्टिलाइज़र जैसे अन्य उर्वरकों का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग न करने की अपील की है, क्योंकि यह भूमि की उर्वरता को प्रभावित करता है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे संतुलित मात्रा में डीएपी, एनपीके, जैव उर्वरक और जैविक खाद का प्रयोग करें, जिससे फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि हो सके। विशेष रूप से गेहूं, चना, मसूर, अरहर, सरसों और तिलहनी फसलों के लिए संतुलित उर्वरक प्रयोग से मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। किसान खाद की उपलब्धता की जानकारी के लिए निकटतम कृषि विभाग कार्यालय या सहकारी समितियों से संपर्क कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# पराली जो जलकर बनती है सियासत वाली

ठण्ड की दस्तक के साथ धान की कटाई और पराली जलाए जाने के बीच आई दिवाली पर खतरनाक स्तर तक पहुंचे प्रदूषण के लिए फिर पराली को ही जिम्मेदार ठहराने में पंजाब और दिल्ली की राज्य सरकारें इस बार आमने-सामने रहीं। यह सच है कि पराली के चलते दोनों राज्यों के अलावा भी कई राज्य इसका प्रदूषण भुगत रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि पंजाब-दिल्ली की सरकारें बजाए सुलह के एक-दूसरे को दोषी ठहरा, प्रदूषण से कैसे निपटेंगी? आसमान से निगरानी और लाइव तस्वीरों के इस दौर में भी सच सामने होने के बावजूद राजनीतिक बयानबाजी बेहद हैरानगी भरी है। सच है कि प्रदूषण की दमघोटू हवा इसके प्रभाव में आने वाले हर किसी को तकलीफ देती है। यह भी सही है कि कोरोना के बाद बहुत से लोगों में प्रदूषण को बरदाश्त करने की क्षमता भी घटी है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारें बयानों से बचाव करें। हालांकि इस बार दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश की बात की जा रही है। देखना होगा कि यह तकनीक कितनी कामियाब होती है। लेकिन प्रदूषण को लेकर यह स्थाई विकल्प हो पाए, ऐसा लगता नहीं है। इधर सुप्रीम कोर्ट ने भी बीते बरस, दिल्ली में बढ़े वायु प्रदूषण पर केंद्र को कड़ी फटकार लगाई तो पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। बावजूद इसके काबू पाया जा सका न ही कोई विकल्प खोजा गया। अदालत में तब पेश जवाब पर ही सवाल खड़े होना लाजिमी थे जो हुए। फिलहाल दिल्ली में दिवाली के फौरन बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पहुंचना बेहद चिंताजनक है। 301 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एयर क्वालिटी इण्डेक्स(एएक्यूआई) इमरजेंसी स्थिति मानी जाती है। दिल्ली में 27 अक्टूबर तक प्रदूषण के स्तर में सुधार जरूर हुआ है लेकिन धान कटाई और पराली जलाने की घटनाओं में भी पंजाब व आसपास तेजी से स्तर कब कहां पहुंच जाए कहना मुश्किल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि न केवल एनसीआर बल्कि दूसरे क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ा हुआ है। पंजाब भी बुरी तरह से इसकी गिरफ्त में है। लेकिन यह सच है कि दिल्ली के मुकाबले वहां प्रदूषण अभी कम है। भले अभी पंजाब को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है क्योंकि इसी मंगलवार लुधियाना में दिवाली के ठीक पहले 271, जालंधर में 247, अमृतसर में 224, पटियाला में 206 वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के आंकड़ों जो कि 27 अक्टूबर तक के हैं देखने से पता चलता है कि दिल्ली में प्रदूषण में गिरावट के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 पर बना हुआ है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 1,900 प्रतिशत अधिक है। इसी दिन बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 381 से बढ़कर 387 हो गया है। जबकि दिल्ली सहित नौ शहरों में यह 300 के पार है। वहीं, देश में शिलांग की हवा सबसे साफ रही जबकि भारत के 256 शहरों में से केवल 23 प्रतिशत में ही हवा साफ है यानी 77 प्रतिशत में हवा खराब है। गनीमत है कि बीच-बीच में बदलते मौसम से हालात इस बार पिछली बार जैसे नहीं बन पा रहे हैं। समझना होगा कि प्रदूषण के लिए केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान की पराली का धुंआ भी जिम्मेदार है। नासा की एक रिपोर्ट, वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरें, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के शोध से भी साफ हो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलती है। इस पर पड़ोसी पर भी लगाम की जरूरत है। आखिर कैसी कोशिशें हैं कि सालों साल से यह मसला बजाए सुलझने के हर बार नए आरोपों में घिर जाता है? रही बात सरकारों की तो केन्द्र या राज्य की सरकारें किसानों को लेकर दावा कुछ भी करें लेकिन किसानों की भी तो अपनी समस्याएं हैं। संसाधनों की कमीं से जूझते छोटे-छोटे किसानों को भला ऋण कैसे मिलेगा ताकि पराली से विभिन्न उत्पाद बनाने वाली मशीनें खरीद सकें? किसानों की अपनी मजबूरी है। खेती मौसम पर निर्भर है और एक-दो दिन का बिगड़ा मौसम महीनों की मेहनत पर पानी फ़ेर देता है। इसी चलते किसान भी तुरंत पराली जलाने को मजबूर होते हैं।

# प्रतिमा नहीं, भारत की आत्मा है, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

**नर्मदा की शांत धाराओं के मध्य, केवडिया की गोद में खड़ी एक प्रतिमा, जो केवल पत्थर और धातु का ढांचा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का साक्षात प्रतीक है। यह वही स्वरूप है जिसने कभी बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांध दिया था। यह वही चेतना है जिसने रियासतों की दीवारें तोड़कर 'एक भारत' का सपना साकार किया। यह वही लौ है, जो अब स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में अनंत काल तक प्रज्वलित रहेगी। 182 मीटर ऊँची यह मूर्ति जब सुबह के सूर्य को स्पर्श करती है, तो लगता है मानो स्वयं इतिहास अपने पुरोधा को प्रणाम कर रहा हो। नर्मदा की लहरें इसके चरणों से टकराती हैं, जैसे राष्ट्रमाता अपने पुत्र का आशीर्वाद ले रही हो। यह प्रतिमा केवल सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति नहीं, बल्कि उस विचार का स्थापत्य है जो कहता है, एकता ही भारत की पहचान है। आज जब विश्व भारत को नए आत्मविश्वास से देख रहा है, तब यह प्रतिमा उस अखंड भारत की गूंज बन चुकी है, जिसे सरदार ने अपने दृढ़ संकल्प और राजनीतिक कुशलता से गढ़ा था। यह केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति, और राष्ट्रभाव की मूर्त व्याख्या है, भारत की एकता की जीवित प्रतिज्ञा**

अगर सरदार पटेल न होते, तो भारत आज भी रियासतों का जाल होता, न कि एक अखंड राष्ट्र। यह वाक्य केवल इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की आत्मा का उद्घोष है। इसी लौह संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा की विराट स्मृति के रूप में 31 अक्तूबर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवडिया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का लोकार्पण किया। 182 मीटर ऊँची यह प्रतिमा विश्व की सबसे ऊँची मूर्ति है, पर यह केवल धातु और पत्थर का ढांचा नहीं। यह भारत की आत्मा का सजीव प्रतीक है। यह मूर्ति उस व्यक्ति की है जिसने विभाजन की वेदना के बीच भी देश की रियासतों को एक सूत्र में बांधने का असंभव कार्य कर दिखाया, सरदार वल्लभभाई पटेल।

यह प्रतिमा केवल सरदार का स्मारक नहीं, बल्कि उनके विचारों का प्रतीकात्मक शिल्प है। इसके हर पहलू में 'एकता' का दर्शन छिपा है, ऊँचाई : 182 मीटर, गुजरात विधानसभा की 182 सीटों का प्रतीक। नर्मदा : जीवन, ऊर्जा और निरंतरता का स्रोत। धातुः जनता द्वारा दान किया गया लोहाकृजनसहभागिता का प्रतीक। दिशा : दक्षिण की ओर मुख, देश की एकता की ओर दृष्टि। वास्तु और स्थापत्य की दृष्टि से एक अजूबा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण चीन के मूर्तिकार झोउंग लियांग के निर्देशन में हुआ। इसमें 1,700 टन कांस्य (ब्रॉन्ज) और 1,850 टन इस्पात का प्रयोग हुआ। मूर्ति की आधारशिला 58 मीटर ऊँची है, और इसके अंदर एक आधुनिक संग्रहालय तथा प्रदर्शनी हॉल बनाया गया है, जहाँ सरदार पटेल के जीवन, आंदोलन और राष्ट्रनिर्माण की झलकियां प्रदर्शित हैं।

2020 में इसे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आठ अजूबों में शामिल किया गया। यह केवल स्थापत्य का सम्मान नहीं, बल्कि भारत की उस विचारधारा का वैश्विक सम्मान है जो विविधता में एकता को अपने जीवन दर्शन के रूप में मानती है। भारत की आज़ादी का संघर्ष जितना गांधी की अहिंसा से जुड़ा था, उतना ही पटेल की संगठनशीलता और दृढ़ इच्छाशक्ति से भी। उन्होंने भारत को 'संघीय ढांचे में एकात्म भारत' के रूप में गढ़ा। जब 1947 में देश आज़ाद हुआ, तब 562 रियासतें अपने-अपने स्वार्थों और संधियों में बंटी थीं। कोई स्वतंत्र रहना चाहती थी, कोई पाकिस्तान में मिलना चाहती थी। ऐसे कठिन समय में लौहपुरुष ने दृढ़ता से कहा, यह देश टुकड़ों में नहीं बँट सकता, यह एक रहेगा, अखंड रहेगा। उनकी यही लौ आज स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में साकार है।

नर्मदा के शांत जल के किनारे स्थित यह प्रतिमा, प्रकृति और पुरुषार्थ का अद्भुत संगम है। गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में स्थित यह स्मारक केवल एक स्थापत्य चमत्कार नहीं, बल्कि एक संदेश है, जो भारत को एक कर सकता है, उसकी प्रतिमा भी उतनी ही ऊँची होगी जितना उसका आदर्श। 182 मीटर ऊँची यह मूर्ति स्वतंत्र भारत की ऊँचाई और आत्मगौरव का प्रतीक है। इसके निर्माण में लगभग 2,989 करोड़ रुपये की लागत आई। इसे लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) कंपनी ने चार साल में तैयार किया। इस स्मारक का लोकार्पण 31 अक्टूबर 2018 को हुआ, पटेल की जयंती के अवसर पर। आज का भारत अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, विचारों, भाषाओं, धर्मों और प्रदेशों की विविधता के बावजूद एकता की भावना को जीवित रखना किसी लौह इच्छाशक्ति से कम नहीं। पटेल ने कहा था, राष्ट्र की शक्ति उसकी सीमाओं में नहीं, बल्कि उसकी एकता में है। आज जब देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति पर अग्रसर है, तब पटेल का दर्शन और भी प्रासंगिक हो जाता है। उनका जीवन बताता है कि संगठन, अनुशासन और समर्पण ही राष्ट्र की रीढ़ हैं।

नर्मदा की लहरें इस प्रतिमा के चरणों से टकराती हैं, जैसे भारत की नदियाँ अपने पिता समान पुरुष को नमन करती हों। दिन के उजाले में जब सूर्य की किरणें सरदार की मूर्ति पर पड़ती हैं, तो वह आभा बताती है कि यह कोई निर्जीव आकृति नहीं, बल्कि जीवित प्रेरणा है। रात के अंधेरे में जब यह मूर्ति रोशनी से नहाई होती है, तो लगता है, भारत का भविष्य इसी आलोक में दमक रहा है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य के



भारत का घोषणापत्र है। यह हमें सिखाती है कि विचार जब कर्म से जुड़ते हैं, तब राष्ट्र अमर हो जाता है। यह स्मारक कहता है, भारत कोई भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि चेतना है, जो समय-समय पर ऐसे महापुरुषों के माध्यम से स्वयं को नये रूप में अभिव्यक्त करती है। 31 अक्तूबर, सरदार पटेल की जयंती, अब केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर भारतीय के हृदय में अंकित हो चुकी है। हर वर्ष जब इस दिन देशभर में 'रन फॉर यूनिटी' आयोजित होता है, तो यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि एक संकल्प होता है, भारत एक है, भारत अखंड रहेगा। नर्मदा के तट पर खड़ी यह विशाल प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाती रहेगी कि, जिस व्यक्ति ने भारत को एक किया, वह अब अनंत काल तक इस धरती के हर अणु में जीवित रहेगा। नर्मदा की लहरें गुनगुनाती हैं, वो लौहपुरुष नहीं, भारत की आत्मा हैं, जो आज भी हर दिल में बसते हैं। पत्थर नहीं, विचारों का जीवंत मंदिर हैं वो, जो हमें एकता की राह दिखाते हैं। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवल एक प्रतिमा नहीं, यह उस विराट चेतना की मूर्त अभिव्यक्ति है, जो कहती है, हम भारतीय हैं, और हमारी एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे केवल सरकारी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनभागीदारी के अभियान के रूप में देखा गया। देशभर के किसानों ने अपने खेतों के पुराने औज़ार, हल, दरांती और लोहा दान दिया। इन उपकरणों से 'लोहा अभियान' चला, और उसी धातु से गढ़ी गई लौहपुरुष की यह मूर्ति। यह उस भारत की पहचान है जहाँ राष्ट्रनिर्माण केवल नेताओं का नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था और श्रम का परिणाम होता है। सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्तूबर 1875 : 15 दिसंबर 1950) का जन्म गुजरात के नडियाद में हुआ था। वकालत से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन तक, उन्होंने हर भूमिका में अनुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। गांधीजी ने जब सत्याग्रह का बिगुल बजाया, तो पटेल ने उसे 'व्यवस्था और संगठन की रीढ़' दी। खेड़ा और बारडोली के किसानों के आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक, सरदार हर मोर्चे पर दृढ़ और निष्ठावान रहे। बारडोली सत्याग्रह के दौरान जब किसानों ने कर न देने का निश्चय किया और अंग्रेज शासन ने दमन किया, तब पटेल ने जो नेतृत्व दिखाया, उससे ही उन्हें 'सरदार' की उपाधि मिली।

आज़ादी के बाद जब भारत दो टुकड़ों में बँटा, तब पटेल ने 562 रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में बाँधा। हैदराबाद, जूनागढ़, कश्मीर, भोपाल, मणिपुर जैसी रियासतों के विलय में उनकी निर्णायक भूमिका रही। इतिहासकारों के शब्दों में, अगर पटेल न होते, तो भारत आज अफ्रीका के देशों की तरह असंख्य छोटे-छोटे राष्ट्रों में विभाजित होता। उन्होंने तर्क, दृढ़ता और कूटनीति से 'अखंड भारत' का निर्माण कियाकृवह भारत जो आज हमें संविधान, सीमाओं और संस्कृति के रूप में मिला है।

इस प्रतिमा के कारण केवडिया आज 'एकता नगर' के रूप में विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर चुका है। यहां प्रति वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। एकता नगर में आधुनिक रेल स्टेशन, रोप-वे, टेंट सिटी, एकता नर्सरी, जंगल सफारी, बच्चों के लिए एडवेंचर पार्क और 'एकता क्रूज़' जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। नर्मदा डैम और इसके आसपास के क्षेत्र को अब 'इको-टूरिज़्म हब' के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि प्रेरणा स्थल है, जहाँ आकर हर भारतीय अपने भीतर के सरदार को खोज सकता है।

आज जब कोई विदेशी पर्यटक 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' देखता है, तो उसे केवल एक मूर्ति नहीं दिखती, उसे भारत की आत्मा दिखाई देती है। जैसे स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी अमेरिका की स्वतंत्रता का प्रतीक है, वैसे ही स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की एकता, साहस और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन चुकी है। भारत का यह स्मारक संदेश देता है कि हमारी एकता हमारी शक्ति है, और हमारी संस्कृति हमारी पहचान।

**सुरेश गांधी**

# नौकरशाही के दरबार में फाइलों के बीच दम तोड़ती संवेदनाएँ

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हमारे समय की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं है कि समाज अन्याय से भर गया है बल्कि यह है कि संवेदनाएँ खोती जा रही हैं। जिस देश में सरकारी तंत्र सेवा का प्रतीक होनी चाहिए थी, वहाँ अब नौकरशाही शब्द ही अहंकार और दूरदर्शिता की कमी का पर्याय बन चुका है। सरकारी तंत्र जब संवेदनहीन हो तो व्यवस्था का चेहरा निर्दयी हो जाता है। छोटी-सी समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति फ़ाइलों के जंगल में भटकता है। फोन उठाने से लेकर जवाब देने तक हर कदम पर दीवार खड़ी है- उस दीवार का नाम है नौकरशाही की असंवेदनशीलता।

नौकरशाही का मूल उद्देश्य नागरिकों की सुविधा, प्रशासन की पारदर्शिता और नीतियों की समानता था। लेकिन धीरे-धीरे यह वर्ग अपने ही बनाए दायरे में कैद हो गया। सत्ता के निकट रहकर उसने सेवा को सत्ता-साझेदारी में बदल दिया। आज अधिकारी जनता के प्रतिनिधि नहीं, सत्ता के प्रतिनिधि बन चुके हैं। फ़ाइलों पर फैसले अब संवेदना से नहीं, किसे खुश करना है और किससे बचना है जैसी मानसिकता से लिए जाते हैं। इस मानसिकता ने शासन को जीवंतता से दूर कर दिया है। नौकरशाही अब अपने भीतर ऐसा 'प्रशासनिक अहंकार' पाल चुकी है जो हर आलोचना को शत्रुता समझता है। फ़ाइलें महीनों दबाई जाती हैं, नियुक्तियाँ वर्षों तक लंबित रहती हैं और जब जवाब माँगा जाए तो कहा जाता है- प्रक्रिया में है। यह प्रक्रिया अब बहाने का दूसरा नाम बन चुकी है। जनता के सवालों का जवाब काग़ज़ों में मिलता है लेकिन न्याय का उत्तर शून्य में खो जाता है।

सत्ता अपने स्वभाव में आकर्षक होती है। यह व्यक्ति को शक्ति देती है पर उसी शक्ति के साथ चरित्र की परीक्षा भी लेती है। दुर्भाग्य से, हमारे समय की राजनीति ने इस शक्ति को ज्यादातर जिम्मेदारी नहीं बल्कि विशेषाधिकार समझ लिया है। सत्ताधारी तब तक सक्रिय रहते हैं, जब तक प्रशंसा मिलती रहती है। लेकिन आलोचना या असहमति के क्षणों में उनकी सहनशीलता समाप्त हो जाती है। यही संवेदनहीन सत्ता का भयावह रूप है- जहाँ जनता की पीड़ा आँकड़ों में बदल दी जाती है और आँकड़ों की भाषा में संवेदना मर जाती है। हर बार जब कोई त्रासदी होती है- दुर्घटना, दंगा या भ्रष्टाचार- तब ज़मीनी स्तर पर प्रशासन केवल रिपोर्ट तैयार करता है, जिनमें संवेदना नहीं, केवल डेटा होता है। यह स्थिति लोकतंत्र के उस आत्मा को चोट पहुँचाती है जो जन से शुरू होकर जन पर ही समाप्त होती है। संवेदनहीनता केवल प्रशासन की नहीं समाज की भी बीमारी बन चुकी है। आज दुर्घटनाओं के वीडियो बनाए जाते हैं पर किसी की मदद करने की हिम्मत कम ही होती है। गरीब की पीड़ा पर ताली बजाना आसान है पर मदद करना कठिन। यह वही मानसिकता है जिसने एक गहरी खाई बना दी है। जहाँ ऊपर बैठे लोग 'नीतियों' की बात करते हैं, वहीं नीचे खड़े लोग 'रोटी' की। नौकरशाही-जो पुल नहीं, दीवार बन चुकी है। यही वह त्रासदी है जो लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर रही है। एक समय था जब सरकारी अधिकारी जनसेवक कहलाते थे। यह शब्द अब मज़ाक लगता है। आज का प्रशासन इतना प्रक्रियात्मक हो गया है कि वह मनुष्यता को भूल गया है। फ़ाइलों और कानूनों की दुनिया में संवेदना को अपवाद मान लिया गया है। यह विचलित करने वाली सच्चाई है कि जो तंत्र जनता की सेवा के लिए बना, वही तंत्र अब नागरिक को संदेह की दृष्टि से देखता है। अधिकारी जनता को सुविधा देने से अधिक उसके इंटेंशन पर शक करने लगे हैं। यह शक लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। नौकरशाही और सत्ता के बीच यह मानसिक दूरी अब सामाजिक असमानता को और गहरा रही है। गाँवों में सड़क तब पहुँचती है जब वोट की ज़रूरत पड़ती है। स्कूलों में शिक्षक तब लगते हैं जब मीडिया हंगामा करती है। अस्पतालों में दवा तब आती है जब मंत्री का दौरा तय होता है। यह संवेदनहीन तंत्र आम नागरिक की ज़िंदगी को उस प्रतीक्षा की यातना में बदल देता है जो कभी समाप्त नहीं होती। संवेदनहीनता की यह संस्कृति सरकारी तंत्र की स्थायी साथी बन चुकी है। हम यह भूल चुके हैं कि शासन का सार मनुष्यता में निहित है। कानून तभी तक उपयोगी हैं जब वे मानवीयता की रक्षा करें और प्रशासन तभी तक वैध है जब वह नागरिक के दुख को अपनी जिम्मेदारी माने। आज हमारे देश में हर विभाग में योजनाएँ हैं लेकिन क्रियान्वयन में संवेदना नहीं है। यही कारण है कि योजनाएँ रिपोर्ट कार्ड बनकर रह गई हैं, न कि राहत का साधन।

## सेहत मंत्र

# पेट की चर्बी बढ़ा सकती है दिल की बीमारियों का खतरा


दुनियाभर के आंकड़े बताते हैं कि इंसानों में मौत का सबसे बड़ा कारण कार्डियोवस्कुलर डिजीज यानी दिल की बीमारियां हैं। साल 2016 में दिल की बीमारियों से लगभग 17 करोड़ लोगों की मौत हुई थी। 1990 के मुकाबले 2016 में भारत में दिल की बीमारियों से मरने वालों की संख्या 34 गुना ज्यादा बढ़ गई थी। ये आंकड़े बताते हैं कि हमें दिल के स्वास्थ्य के प्रति कितना सजग रहने की जरूरत है। भारतीय लोगों में दिल की बीमारियों का एक प्रमुख पेट की चर्बी है। हर 10 में से 7 भारतीयों को मोटापे के कारण दिल की बीमारियों का खतरा होता है। इससे बचाव के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनानी बहुत जरूरी है। कई बार ऐसा होता है कि कोई व्यक्ति पूरे शरीर से दुबला-पतला या सामान्य लगता है मगर उसके कमर के आस-पास चर्बी जमा होती है। इस तरह की चर्बी टाइट कपड़े पहनने पर बाहर से दिखाई देती है। इसी को बेली फैट कहते हैं। पेट के आस-पास चर्बी जमने से मेटाबॉलिक डिसआर्डर्स शुरू हो जाते हैं, खासकर कार्डियक बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। पेट की चर्बी को जांघ या हिप्स की चर्बी से ज्यादा खतरनाक माना जाता है। आपके पेट या कमर में कितनी चर्बी जमा है, इसका पता लगाना है तो आप कमर नापने वाले मीटर का प्रयोग कर सकते हैं। भारतीयो में आमतौर पर पुरुषों के लिए 90 सेन्टी मीटर या इससे ज्यादा और महिलाओं के लिए 80 सेन्टीमीटर या इससे ज्यादा कमर होना खतरे की घंटी माना जाता है। इसके अलावा इसका पता लगाने के लिए आप वेस्ट टू हिप (WHR) रेशियो निकाल सकते हैं। 0.85 से ज्यादा WHR महिलाओं के लिए और 1.0 से ज्यादा WHR पुरुषों के लिए खतरनाक हो सकता है और इसके कारण दिल की बीमारियों की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हार्ट यानी दिल हमारे शरीर का महत्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि ये पूरे शरीर को ऑक्सीजन और पोषक तत्व सप्लाई करता है। इसलिए इसका स्वस्थ रहना जरूरी है। ऐसे कई कारण हैं, जिनसे हार्ट को फंक्शन करने में परेशानी होती है, उन्हीं में से एक पेट की बढ़ हूई चर्बी भी है।

## धर्म मंत्र

# 'शिरगुल महाराज' जहां जल चढ़ाने से होती हैं सारी मनोकामनाएं पूर्ण

हिमाचल प्रदेश जितना प्राकृतिक रूप से समृद्ध है, उतना ही यहां पर देवी देवताओं के पवित्र स्थान भी मौजूद हैं। आज हम हिमाचल के सिरमौर जिले स्थित शिरगुल महाराज की मंदिर की चर्चा करेंगे और इस मंदिर की महत्ता आपको बताएंगे। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में सबसे ऊंची चोटी चूड़धार है, जहां शिरगुल महाराज का मंदिर बना हुआ है। मंदिर में स्थापित भगवान शिव को सिरमौर और चौपाल का देवता के रूप में स्थानीय लोग जानते हैं। इस मंदिर को लेकर स्थानीय लोगों के अंदर बेहद अटूट श्रद्धा है और ऐसा कहा जाता है कि 'शिरगुल महाराज' के समक्ष अपनी समस्याओं को बताने से उनका निदान भी मिलता है। कहा जाता है कि आदि शंकराचार्य जब हिमाचल प्रवास पर आए थे, तब उन्होंने इस ऊँची पहाड़ी पर एक शिवलिंग की स्थापना की थी और तभी से यह मंदिर प्रचलित है। इस पहाड़ी पर एक विशाल पत्थर है जिसको लेकर पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि यहां भगवान शिव अपने परिवार के साथ निवास करते थे। वहीं मंदिर को लेकर एक और कथा प्रचलित है, जिसके अनुसार प्राचीन समय में चूरू नाम का एक शिव भक्त अपने बेटे के साथ इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आया करता था। एक दिन अचानक एक विशाल सर्प निकलकर चूरू और उसके बेटे को डंसने के लिए आगे बढ़ा। तभी चूरू ने भगवान शिव को याद करते हुए अपने प्राणों की रक्षा की गुहार लगाई।

पर्यटन



# हरियाली, झरने-पहाड़ों के बीच मानवनिर्मित आधुनिक साज-सज्जा वाला शहर जमशेदपुर

जमशेतजी। जी हां, यही नाम है इस शहर के संस्थापक का। अक्सर लोग उन्हें जमशेतजी कह देते हैं। पर उनका पूरा नाम था जमसेतजी नसरवानजी टाटा। यहां आने के बाद आप देखेंगे कि उन्होंने बड़े ही प्यार से इस शहर को बसाया। यहां की साफ-सुथरी गलियां और सड़कें बताती हैं कि यह सचमुच किसी बड़ी प्रबंधकीय क्षमता वाले शख्सियत की देन होगी। यूं तो यह पूरा क्षेत्र कुदरत की नायाब कारीगरी से भरा पड़ा है लेकिन आप देखेंगे कुदरती खूबूसरती को सहेजे हुए इसे आधुनिक कलेवर दिया गया है। यही वजह है कि हरे-भरे व खूबसूरत झरने-पहाड़, पर्यटन स्थलों की भरमार के चलते हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक यहां सुकून के पल गुजारने और आनंद लेने आते हैं। जमशेदपुर में आप बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात से लेकर दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल तक केलोगों और उनकी संस्कृति को देख सकते हैं। यह एक बड़ा कारण है जिसके कारण यहां एक लघु भारत नजर आता है। इस रमणीक स्थल में देशभर की विभिन्न संस्कृतियों का संगम तो देखने को मिलता ही है, जमशेद्पुर शहर के अलावा आसपास के कई स्थल भी अपनीखूबसूरती के कारण पर्यटकों को लुभाते रहे हैं। जमशेदपुर आधुनिक व्यवस्थित शहर है लेकिन अपनी प्राचीन परंपरा पर इसे गर्व है। यहां ग्रामीण क्षेत्र में आदिवासी कला-संस्कृति के सुंदर दर्शन आप कर सकते हैं। मिट्टी से बने तरह-तरह के रंगों से रंगे और दीवारों पर बने चित्र तो आपको बरबस अपनी ओर खींचने लगेंगे। यहां आदिवासियों की सोहराय कला खूब प्रसिद्धि पा रहीहै। वहीं बांस से बनी कलाकृतियां यहां की खासियत हैं। इसे चाहें तो आप अपने साथ उपहारस्वरूप या यादगार के तौर पर ले जा सकते हैं। जमशेदपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित सरायकेला छऊ नृत्य के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां छऊ के मुखौटों के निर्माण कला को बढ़ावा दिया जा रहा है। पर्यटक यहां से बने मुखौटे सजाने के लिए ले जाते हैं।

# मुकदमे रह गए लंबित शालीमार मन्नत को बेच दी सीलिंग की जमीन, गिरफ्तारी वारंट जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पैसार के पूर्व तालुकेदार चौधरी अजीमुद्दीन अशरफ की सीलिंग सुरक्षित जमीनों को राजस्व न्यायालयों में मामला लंबित रहते हुए भी बेच दिया गया। सिर्फ यही नहीं, जिलेभर में सीलिंग की जमीनों की बिक्री पर प्रशासनिक सख्ती न बरते जाने से अधिकांश भूमि पर अब निजी कब्जे हो चुके हैं। सीलिंग भूमि की बिक्री और उस पर कब्जे की शिकायत 1 वर्ष पहले 07 अक्टूबर 2024 को जगजीवन दास सतनाम सेवा न्यास, बाराबंकी के न्यासी ने महंत बी.पी दास 'बाबा जी' ने जिलाधिकारी व मुख्यसचिव तथा अध्यक्ष राजस्व परिषद से की थी जिलाधिकारी व मुख्यसचिव तथा अध्यक्ष राजस्व परिषद से की थी। जिस पर नगर कोतवाली में दो मुकदमा 0955व 0453,454 मुकदमा थाना सतरिख में





दर्ज कराए गए थे।

यह कार्रवाई पूर्व डीएम सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर 25 अक्टूबर 2024 को सदर तहसील के तत्कालीन लेखपाल प्रमोद तिवारी व अजय सिंह ने कराई थी। मुकदमे में बताया गया था कि चौधरी अजीमुद्दीन अशरफ की सीलिंग की जमीन से संबंधित मामला एडीएम (वित्त एवं राजस्व) के न्यायालय में विचाराधीन था। 31 मार्च 2003 को एडीएम कोर्ट ने सीलिंग भूमि की गाटा संख्याएं तय की थीं, लेकिन मामला बाद में पुनः अपर आयुक्त अयोध्या मंडल के न्यायालय में तलब हो गया। इसी तरह 18 अगस्त 2011 को दोबारा सीलिंग भूमि से जुड़ी गाटा संख्याओं को लेकर सुनवाई लंबित हो गई। इसके बावजूद संबंधित जमीनों के खतौनी में प्रपत्र 5 व 6 का अनुपालन नहीं किया गया। इसी शिथिलता का फायदा उठाते हुए गाटा संख्या 280, 284 व 301 की आंशिक जमीनें एसएएस कोलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक खालिद मसूद (गोलागंज, लखनऊ) को बेच दी गईं। इसके अलावा नई गाटा संख्या 284, 301, 302 व 293 भी बिक्री के दायरे में आ गईं। इस प्रकरण में वारिस सैयद अफरोज शेर, सैयद फरोग शेर, अंजुम फातिमा अशरफ, सईदा फातिमा, जुलेखा खातून, जहानआरा और खरीददार खालिद मसूद को नामजद किया गया।

**खरीददार को क्लीनचिट, चार आरोपियों पर वारंट**

पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी है, जिसे सीजेएम न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। विवेचना में पुलिस ने खरीददारों को क्लीनचिट देते हुए अपराध को केवल धोखाधड़ी की धारा तक सीमित बताया। कोर्ट ने अंजुम फातिमा अशरफ, सईदा फातिमा अशरफ, सैयद फरोग शेर व सैयद अफरोज शेर के खिलाफ वारंट जारी किया है। अगली सुनवाई की तिथि 5 नवंबर नियत की गई है।

''शालीमार कॉर्प लिमिटेड ने जारी की सफाई''

लखनऊ रोड स्थित मोहम्मदपुर के शालीमार ग्रुप टाउनशिप के निवासी सीलिंग विवाद को लेकर आशंकित हैं। इस पर शालीमार कॉर्प लिमिटेड ने अपने टाउनशिप गेट पर नोटिस लगाकर सफाई दी है। कंपनी ने कहा है कि ह्यशालीमार मन्नत टाउनशिपङ्क विकसित करने से पहले बाराबंकी प्रशासन से एनओसी ली गई थी। परियोजना में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं की गई है। भूमि जेडए के माध्यम से पुराने जमींदारों – सैयद नावेद शेर, सैयद फरोग शेर, सैयद मशरूर, सैयद फरीदा शेर, गजला शेर, सनम रशीद, एएस सिद्दीकी व मोहम्मद नईम अहमद से खरीदी गई थी। कंपनी ने कहा कि यदि किसी गाटा संख्या को सीलिंग भूमि के रूप में चिह्नित किया जाता है तो खातेदार वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराएंगे।

## समूह सखियों को नहीं मिला मानदेय, डीएम से गुहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। क्षेत्र की दर्जनों समूह सखियों ने जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि उन्हें वर्ष 2023 से अभी तक मानदेय नहीं मिला है । जिसके कारण उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सखियों के अनुसार, उन्हें पिछले 30 महीनों से कोई मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया, लेकिन हर बार यही बताया गया कि जब फंड आएगा, तब भुगतान किया जाएगा। 30 महीने बीत जाने के बावजूद भी इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।शिकायत पत्र में समूह सखियों में सरिता देवी, रेखा, रीता, माधुरी, वंदना ,सुनीता गुप्ता ,लक्ष्मी देवी, राम कुमारी, अंशिका रावत, सुमन देवी, पूनम सहित दर्जनों समूह सखियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि उनका बकाया मानदेय, जो वर्ष 2023 से लंबित है, जल्द से जल्द दिलाया जाए । जिससे उनकी आर्थिक परेशानियां दूर हो सकें। इस सम्बन्ध में सिरौलीगौसपुर ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहम्मद इमरान ने बताया कि सभी समूह सखियों के मानदेय से संबंधित पैसा अभी तक राज्य स्तर से नहीं आया है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर इस संबंध में कोई समस्या नहीं है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना टीम ने की पात्रों की पड़ताल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बुधवार को ग्राम पंचायत अम्बौर मे एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों ने आवास प्लस 2024 के तहत योग्य परिवारों के किये गये सर्वे कार्य का जायजा लिया तथा आवास पल्स सूची मे जोड़े गये परिवार के सदस्यों से मिलते हुए जमीनी हकीकत की जानकारी ली बताते चले कि ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के घर बनाने के लिए पात्र परिवारों की पहचान करने के लिए पात्रता चयन का सर्वे कार्य किया जा चुका है। एकस्पर्ट कमेटी आवास पल्स 2024 के चेयरमैन प्रवीण श्रीवास्तव, डायरेक्टर शशिकांत सिंह के नेरत्व मे आयी 10 सदस्यीय टीम ने बुधवार को ग्राम पंचायत अम्बौर मे गत दिनों हुए सर्वे कार्य मे पात्रता सूची मे शामिल किये गये लाभार्थियों से मिलकर सर्वे कार्य की जमीनी हकीकत जानी टीम के सदस्यों ने आवास लाभार्थी कविता पत्नी दुर्गेश जिया का पुरवा, ज्योति पत्नी शिवनंदन गुलरिहा, अनिता पत्नी अशोक कुमार, शीला पत्नी आशीष कुमार लाला का पुरवा, सरिता देवी पत्नी सुखराम स्तोखर, श्याम पुत्र जुराखन अम्बौर से मिलकर उनके कच्चे घरो का जायजा लिया और सर्वे कार्य के दौरान पात्रता के मापदंडो की जानकारी ली। कमेटी के सदस्यों ने सर्वे की पारदर्शिता और गुणवत्ता की जांच की जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि केवल पात्रता मापदंडों को पूरा करने वाले परिवारों को ही योजना का लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान एक्सपर्ट कमेटी गया प्रसाद, अजय मौर्य, अमृता वालिया, शालिनी दिवाकर, मान्या साहिल, फराज, दीपक शुक्ला, संजय कुमार सहित आवास पल्स 2024 उपायुक्त अखिलेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, ए डी ओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, ए डी ओ पंचायत जानकी राम, ग्राम प्रधान अकील अहमद, पंचायत सचिव जैसराम, उत्तम वर्मा, वीरेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे यही मेरी पहली प्राथमिकता : तेजस कृष्णा

### आईएएस तेजस कृष्णा ने संभाला खंड विकास अधिकारी का कार्यभार



हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायतों का समग्र विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि केंद्र और प्रदेश सरकार की हर योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे।ङ्क यह कहना है नवागत खंड विकास अधिकारी एवं संयुक्त मजिस्ट्रेट तेजस कृष्णा का, जिन्होंने हाल ही में खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कैनविज टाइम्स से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण विकास कार्यों को गति दी जाएगी। ब्लॉक दिवस पर आने वाली शिकायतों तथा आईजीआरएस पोर्टल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के लाभ वितरण में भेदभाव किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।नवागत बीडीओ तेजस कृष्णा ने बताया कि उनकी कोशिश होगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जाए, ताकि जनता को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। बताते चलें कि तेजस कृष्णा 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं, जो कि बेंगलुरु (कर्नाटक) के मूल निवासी हैं। प्रशिक्षण अवधि के अंतर्गत उन्हें खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहाँ वे ग्रामीण विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करने को तत्पर हैं।

## महादेवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

### 17 नवंबर से सात दिवसीय महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील स्थित पौराणिक स्थल श्री लोधेश्वर धाम महादेवा महोत्सव 2025 (अगहनी मेला) की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में बुधवार को जिले के अधिकारियों एवं मेला कमेटी के सदस्यों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार, महादेवा महोत्सव 17 नवम्बर से प्रारंभ होकर 23 नवम्बर तक आयोजित किया जाएगा। सात दिवसीय यह आयोजन इस वर्ष भव्यता, दिव्यता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बनेगा।

**भव्य और दिव्य आयोजन के लिए तैयारियां तेज**

जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों और अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन समीक्षा करते हुए कहा कि महादेवा महोत्सव को जिले की सांस्कृतिक पहचान और आस्था के अनुरूप विशेष रूप से सजाया और संजोया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कलाकारों का चयन समय से सुनिश्चित किया जाए, तथा स्थानीय प्रतिभाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाए। डीएम ने कहा कि महादेवा महोत्सव श्रद्धालुओं, पर्यटकों और कलाकारों का साझा उत्सव है, इसलिए व्यवस्थाओं में



उत्कृष्टता, सौंदर्य और अनुशासन का समन्वय होना चाहिए, ताकि किसी भी आगंतुक को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से महोत्सव को सफल और गरिमामय बनाया जाएगा।

**सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं पर हुई गहन चर्चा**

बैठक में महोत्सव के सुचारू आयोजन के लिए अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें वित्तीय व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच की साज-सज्जा, कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं हेतु उपसमिति का गठन, शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था, क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाने के विषय शामिल रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि मेला परिसर में झूला, मनोरंजन झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शनी के लिए समुचित स्थान निर्धारित किया जाए। साथ ही, भीड़ प्रबंधन हेतु मजबूत बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छुट्टा जानवरों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग विशेष प्रबंध करे, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही में कोई व्यवधान न हो।

**श्रद्धा, सुरक्षा और सौंदर्य का संगम बनेगा महोत्सव**

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था के लिए पर्याप्त वाटर टैंकर और अस्थायी हैंडपंप की व्यवस्था की जाए। बोहनिया एवं अभरन तालाबों की सफाई, शौचालयों की मरम्मत और संचालन, विद्युत, प्रकाश, चिकित्सा और साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को रात्रि में भी सुगमता से दर्शन और भ्रमण में कोई कठिनाई न हो। इसके साथ ही, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन चिकित्सा सहायता, और संचार समन्वय पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। डीएम ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी वैन, होर्डिंग और बैनर लगाए जाएं, जिससे आमजन तक सरकार की योजनाओं की जानकारी सरलता से पहुंच सके।

स्थानीय सहयोग से बढ़ेगा आयोजन का गौरव

जिलाधिकारी ने कहा कि महादेवा महोत्सव की सफलता जनभागीदारी से ही संभव है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय समाजसेवियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। डीएम ने कहा कि इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों के सहयोग और सहभागिता से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि जिले की सांस्कृतिक और पर्यटन पहचान भी और मजबूत होगी।

**सभी विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**

अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महादेवा महोत्सव-2025 को श्रद्धा, सुरक्षा और सौंदर्य का संगम बनाते हुए समस्त तैयारियाँ समयबद्ध और समन्वित रूप से पूर्ण कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह जिले की सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक भी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी रामनगर एवं मेला सचिव सुश्री गुंजिता अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री विकास चंद्र त्रिपाठी, सीओ श्रीमती गरिमा पंत, निवर्तमान विधायक श्री शरद अवस्थी, मठ रिसीवर श्री हरिप्रसाद द्विवेदी, श्री अनिल शास्त्री, ग्राम प्रधान श्री राजन तिवारी, तहसीलदार श्री विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, थाना प्रभारी अनिल पांडेय एवं मेला कमेटी के सम्मानित सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरे राह फिर छिनैती, बाइक सवार को लूटा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर बुधवार की शाम बसारा के पास बाइक सवार युवकों ने एक महिला का पर्स झपट लिया और भाग गए। महिला पति के साथ बाइक से जा रही थी। पर्स में रुपये, चांदी की पायल व मोबाइल था।सीतापुर जनपद के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र निवासी मोहित कुमार बुधवार शाम को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर बसारा गांव के निकट एक अन्य बाइक पर सवार दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक किया।जब उनकी बाइक कपूर पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो युवकों ने पत्नी के हाथ से पर्स झपट लिया। पीड़ित ने कुछ दूरी तक उनका पीछा किया, लेकिन आरोपी भाग गए। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ना मूल्य निर्धारित, भुगतान भी सुनिश्चित



रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार ने गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने के मूल्य में ?30 प्रति कुंतल की वृद्धि की है।अब अगेती प्रजाति का मूल्य ?400 और सामान्य प्रजाति का ?390 प्रति कुंतल निर्धारित हुआ है।इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को लगभग ?3000 करोड़ का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अनुसार योगी सरकार के प्रयासों से 4 नई मिलें स्थापित हुईं 6 बंद मिलें फिर से चालू की गईं तथा 42 मिलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई है।राज्य में ?12,000 करोड़ से अधिक का निवेश हुआ है और एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़कर 182 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष हो गई है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।अब तक किसानों को ?2.90 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है जो पूर्व सरकारों से ?1.42 लाख करोड़ अधिक है।किसान मोर्चा के महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने बयाया कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भक्त वत्सल भगवान अपने भक्तों की करते हैं सदैव रक्षा : सत्यम जी महराज

### परीक्षित के जन्म की कथा सुन श्रोता हुए मुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी ।जब जब धरा पर पापाचार व अत्याचार बढता है और आसुरी शक्तियाँ भक्तों को नुकसान पंहुचाना चाहती हैं तब तब भगवान भक्त की रक्षा करते हैं। उक्त प्रवचन मथुरा वृंदावन से आए बाल शुक सत्यम जी महराज ने कस्बे के मोहल्ला धमेडी चार निवासी आशीष उपाध्याय के निवास पर चल रही श्रीमद भागवतकथा में दूसरे दिन दिए।

उन्होंने परीक्षित के जन्म की कथा सुनाते कहा कि जब अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त होते हैं तो उनकी पत्नीउत्तरा के गर्भ में पांडव वंश का अंतिम वारिस पल रहा था। अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्र उसे नष्ट करने के लिए छोड़ा जाता है किन्तु भगवान कृष्ण गर्भ में जाकर शिशु को बचाते हैं।उसी दिव्य



रक्षा के कारण बालक का नाम रखा जाता है परीक्षित। उसके जन्म के समय शरीर के चारों ओर तेज आभा थी और जन्म लेते ही अपने हाथों को ऐसे हिलाने लगा जैसे भगवान की कृपा उसे घेर रही हो। कहा जाता है कि बालक जन्म से ही भगवान कृष्ण के रूप का अनुसंधान करता था क्यों कि उसने गर्भ में ही कृष्ण के दिव्य स्वरूप का दर्शन किया था।

उन्होंने आगे कहा कि परीक्षित बड़े होकर पांडवों के उत्तराधिकारी और हस्तिनापुर के राजा बने। उनके ही पौत्र जनमेजय ने आगे चलकर महाभारत कथा सुनवाई और उन्हीं की शंका से श्रीमद्भागवत महापुराण का प्राकटीकरण हुआ।कलियुग मे भागवत संकीर्तन से ही सभी जीवो का उद्धार संभव है।इस अवसर पर मीनाक्षी देवी,संत कुमार

निशा,उषा, डा अखिलेश,इंद्र मणि श्याम, अभिषेक,ऋषभ,गौरव,महेश ,राज बहादुर आदि मौजूद रहे।

## ननिहाल आयी युवती ने की आत्महत्या

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नाना के घर आई युवती का शव बरामदे में फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर सफदरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। बदोसराय थाना क्षेत्र के नौबस्ता निवासी वर्तिका सिंह (20) पुत्री अर्जुन एक दिन पूर्व ही ग्राम सैदनपुर अपने नाना मंशाराम के घर आई थी । बुधवार को उसके नाना और मां धान काटने खेत चले गए । खेत से लौटने पर उन्होंने वर्तिका का शव लटकता देखा और पुलिस को सूचना दी ।घटना की सूचना मिलते ही सफदरगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची। परिजनों के अनुसार, वर्तिका सिंह के पिता अर्जुन पिछले छह वर्षों से लापता हैं। उसके दो छोटे भाई सचिन (12) और आयुष (10) तथा एक विवाहित बहन भी है। मौके पर पूर्व प्रधान राजेश कुमार वर्मा, प्रधान मसूद रियाज और लेखपाल आशुतोष मिश्रा भी उपस्थित थे।वर्तिका की मां पालावती ने बताया कि वह अपने पिता के यहां सैदनपुर में रहती हैं, क्योंकि उनकी माँ का निधन हो गया है और उनकी एक बहन मानसिक रूप से कमजोर है। पिता की अधिक उम्र के कारण वह उनकी देखभाल करती हैं। उन्होंने बताया कि वर्तिका कल ही नौबस्ता से यहां आई थी और वे सुबह खेत चले गए थे। आत्महत्या कारणों की जानकारी नहीं है।कोतवाली सफदरगंज के कोतवाल अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पुलिस मौके पर मौजूद है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## एसआईआर मतदाता सूची ,पुनरीक्षण संबंधी बैठक

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा चुनाव 2027 के दृष्टिगत तहसील सभागार में एसआईआर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण संबंधी बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल ने की।इसमें तहसीलदार विपुल सिंह रजिस्ट्रार कानूनगो अनिल श्रीवास्तव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों भाजपा सपा बसपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक में उपजिलाधिकारी ने मतदाता सूची को लोकतंत्र की नींव बताते हुए इसके पारदर्शी व निष्पक्ष पुनरीक्षण पर जोर दिया।राजनीतिक दलों ने नाम जोड़ने संशोधन और विलोपन की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग रखी।

## फांसी लगाकर छात्र ने की आत्महत्या

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कक्षा दस की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।छात्रा का शव उसके कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घुंघटेर थाना क्षेत्र के सुषमा देवी ने पुलिस को दिए प्राथना पत्र में बताया गया कि उसके पति अमृतपाल की पांच वर्ष पहले मौत हो चुकी है।अपनी पुत्री लक्ष्मी व पुत्र 12 शोभित के साथ रहती है।उसकी 15 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी जो कि कक्षा दस की छात्रा है।जिसका बीते कुछ वर्षों से मानसिक रूप से बीमारी चल रही थी। बुधवार को वह अपने मायके गई हुई थी।घर पर उसकी पुत्री लक्ष्मी अकेली थी जबकि पुत्र शोभित स्कूल गया हुआ था।दोपहर को उसकी पुत्री ने अपने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।दोपहर को जब उसका पुत्र शोभित स्कूल से लौट के घर आया तो उसे जानकारी हुई। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि छात्रा मानसिक रूप से बीमार चल रही थी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आत्महत्या मामला, जांच की मांग

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी अभिषेक कुमार रावत पुत्र राम मिलन रावत ने पुलिस को दिए प्राथना पत्र में बताया कि तीन अक्टूबर को उसके भाई ने आत्महत्या कर ली थी।उसका शव उसके कमरे मे लटकता मिला था।आरोप है कि छह अक्टूबर को जब उसने अपने भाई मोबाइल फोन चेक किया तो पता चला कि लखनऊ जनपद के चिनहट थाना अंतर्गत इस्माइलगंज निवासी एक युवती सुष्मिता कोईराला ने तीन अक्टूबर रात्रि में उससे फोन पर बात की थी।युवती उसके भाई को अपने प्रेमजाल में फसा कर अवैध धन वसूली तथा अनुचित मांगो को लेकर इतना प्रताड़ित किया था।अनुचित मांगे न पूरा करने पर उनकी बेईज्जती करते हुए फर्जी मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी थी। पिता जी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति है, तथा मेरे भाई आयुष रावत की मानसिक शक्ति को हरण कर अपने हिसाब से चलाने के लिए विवश करती थी मेरे भाई लोक-लाज व समाजिक प्रतिष्ठा के कारण घर के किसी व्यक्ति से यह बात बता नही पाये और सुष्मिता कोइराला द्वारा की गयी प्रताड़ना से अन्दर ही अन्दर घुटते रहे विपक्षी सुष्मिता कोइराला द्वारा मेरे भाई का आर्थिक, मानसिक तथा शारीरिक शोषण किया गया। जिससे उसके भाई आयुष कुमार रावत ने अपने गले में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी।थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय लुटेरा गिरोह धारा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बाईक एव ई रिक्सा सवार महिलाओं से लूट एव छिनौती की घटनाओ को अंजाम देने वाले अन्तर्जनपदीय 25 हजार रुपये के इनामिया वांछित शातिर चोर को मंगलवार की देर रात्रि सफदरगंज पुलिस टीम ने अभियुक्त को मुठभेड़ मे लगडा करते हुए धर दबोचा। बताते चले कि विगत माह पूर्व आतंक के पर्याय बने स.फ़ेद पल्सर बाइक सवार लुटेरों ने ई रिक्सा सवार महिलाओ से मोबाइल एव पर्स छिनौती कर आतंक मचा दिया था दिन दहाड़े हाइवे पर चलते वाहनो से होने वाली घटनाए पुलिस के लिए सिरदर्द बन गयी थी पुलिस के लिए चुनौती बनी लूट की घटनाओ के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा दिये गये निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे 13 सितंबर सफदरगंज पुलिस सर्विलास एव स्वाट टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये डिजिटल डेटा के मदद से प्रकाश में आये गैरजनपदीय शातिर अभियुक्त मनीष कुमार गोस्वामी पुत्र विनोद कुमार गोस्वामी उर्फ झम्मन निवासी ग्राम ठकुरापुर डिहवा थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा को ग्राम प्यारेपुर सरैया के निकट से गिरफ्तार कर युवक के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त स.फ़ेद रंग की आपाचे बाईक सहित चोरी के 11 मोबाइल 17 हजार की नगदी, चांदी की दो जोड़ पायल, एक अंगूठी, 3 बिछिया, सोने का मंगलसूत्र, सोने की एक जोड़ी बाली अवैध तमंचा बरामद किया था।

**( सफ़ेद पल्सर गैंग का सरगना है अभियुक्त संतोष यादव )**

पुलिस की गिरफ्त मे आये अभियुक्त मनीष कुमार गोस्वामी ने बताया था कि वह अपने अन्य साथियों के साथ गिरोह बनाकर मोटरसाइकिल से जनपद बाराबंकी, लखनऊ, गोण्डा, बलरामपुर, अयोध्या आदि जनपदों में घूमते हुए मुख्यतः महिलाओं से पर्स,ज्वैलरी,मोबाइल आदि छीन लेने जैसी घटनाएं करते है पिछले माह थाना मसौली व सफदरगंज मे ई रिक्सा सवार महिलाओ से पर्स आदि लूटने की घटना गैंग के सरगना संतोष यादव पुत्र रामअवध निवासी ग्राम घनखर थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा के साथ की थी इस दौरान अभियुक्त मनीष गौस्वामी ने 10 घटनाओ का खुलासा किया था।

**( 25 हजार का इनामी वांछित हुआ लगडा )**

छिनौती एव लूट की घटनाओ को अंजाम देने वाले अपराधियो को सलाखों के बींच पहुंचाने वाली सफदरगंज पुलिस 25 हजार के वांछित अभियुक्त संतोष यादव पुत्र राम अवध पर विशेष नजर रखे हुए थी कि मंगलवार की देर

रात्रि मुखबिर द्वारा जानकारी मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति रामपुर कटरा के निकट खड़ा है जो संदिग्ध लग रहा है थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया एव उनकी पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को रोकने की कोशिश तो वह बाईक से भाग खड़ा हुआ लेकिन बारिश होने के कारण बाईक फिसल गयी जिससे लड़खड़ाये अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिसके जवाब मे पुलिस टीम ने अभियुक्त के पैर मे गोली मारते हुए लगडा कर गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त की जमातलासी मे दो मोबाइल फोन, अवैध तमंचा जिंदा कारतूस सहित बरामद किया तथा अभियुक्त को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है ।

## पूर्व डायरेक्टर के निधन पर शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। समाजसेवी व पूर्व डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक लालजी वर्मा गगियापुर का लंबी बीमारी के चलते आज दुखद निधन हो गया उनके अंतिम संस्कार में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा अश्रु पुरित नेत्रों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। ग्राम गगियापुर निवासी 70 वर्षीय समाजसेवी लाल जी वर्मा लगातार चार बार जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर व गन्ना समिति बुढ़वल के उपाध्यक्ष रहे वह काफी दिनों से लीवर व गुर्दा रोग से ग्रसित थे इलाज के दौरान आज हिंद अस्पताल में उनका निधन हो गया उनके निधन के समाचार से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई.। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री राकेश वर्मा पूर्व सांसद डॉ पी एल पुनिया उपेंद्र रावत विधायक गौरव रावत पूर्व एमएलसी अरविंद यादव पूर्व विधायक सरवर अली शरद अवस्थी रतनलाल पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह नेत्र सर्जन डॉ विवेक वर्मा सुरेंद्र सिंह जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार वर्मा सदस्य जिला पंचायत जैसी राम वर्मा डॉ अवधेश वर्मा ललित वर्मा पप्पू पूर्व सदस्य जिला पंचायत देवी शरण यादव प्रधान शिवकुमार वर्मा पूर्व प्रधान संजय वर्मा शिवाशांत वर्मा जय करन वर्मा सहित भारी संख्या में लोगों ने दिवंगत वर्मा को अश्रु पूरित नेत्रों से विदाई दी।

# बारिश ने बिगाड़ा मजा, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रद्द हुआ पहला टी20 मुकाबला

एजेंसी




कैनबरा । बारिश ने एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बुधवार को लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। पांच मैचों की टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला अब 31 अक्टूबर को खेला जाएगा।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने तेज शुरुआत दिलाई और 3.4 ओवर में 35 रन जोड़ दिए। चौथे ओवर की पांचवीं गेंद पर अभिषेक को नाथन एलिस ने अपना शिकार बनाया। 5वें ओवर की समाप्ति पर बारिश शुरू हो गई और जब रुकी तो मैच 18-18 ओवर का कर दिया गया।

इसके बाद शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ने मात्र 35 गेंदों में 62 रनों की चमकदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत का स्कोर 9.4 ओवर में 97/1 था, तभी आसमान में काले बादल छा गए और एक बार फिर तेज बारिश शुरू हो गई और खेल रोक दिया। हालांकि, इसके बाद बारिश नहीं रुकी और अंपायरों ने मुकाबला रद्द घोषित कर दिया। बारिश से बाधित यह मैच भले ही परिणाम नहीं दे सका, लेकिन भारतीय बल्लेबाज़ों के तेवरों ने दर्शकों को आने वाले मुकाबलों के लिए रोमांचित जरूर कर दिया।

# नौ साल बाद प्लेऑफ में पहुंचना तेलुगु टाइटंस के लिए ऐतिहासिक पल : कोच कृष्ण कुमार हुड्डा

एजेंसी



नई दिल्ली । प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 में तेलुगू टाइटंस ने नौ साल का इंतजार खत्म करते हुए प्लेऑफ में जगह बना ली है। मंगलवार को त्यागराज इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टाइटंस ने पटना पाइरेट्स की आठ मैचों की विजयी लय तोड़ते हुए 46-39 से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम ने क्वालिफायर-2 में जगह पक्की की, जहां आज रात उनका मुकाबला सीज़न 10 की चैंपियन पुणेरी पलटन से होगा।

टीम की इस अहम जीत पर मुख्य कोच कृष्ण कुमार हुड्डा ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ऌयह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच था। मैंने सीज़न की शुरुआत में ही कहा था कि इस बार हम अपने दर्शकों को निराश नहीं करेंगे। कौन जीतेगा, यह वक्त बताएगा, लेकिन हम अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।ङ्क कोच हुड्डा ने विजय और भरत की जोड़ी की तुलना मशहूर फिल्म शोले के जय-वीरू से करते हुए कहा, ऌविजय और भरत की जोड़ी टीम के लिए अमूल्य है। विजय की कप्तानी और भरत की रेडिंग ने टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

टीम के कप्तान विजय मलिक ने भी कोच की बातों को दोहराते हुए कहा, ऌहमने शुरुआत से अच्छा प्रदर्शन किया है और हमारा मकसद लगातार उसी लय को बनाए रखना था। हम सिर्फ अपना खेल खेलना चाहते थे।ङ्क भावुक होते हुए कोच हुड्डा ने कहा, ऌतेलुगू टाइटंस नौ साल बाद प्लेऑफ में पहुंचे हैं। पहले टीमें हमें देखकर सोचती थीं कि ये मुकाबला तो आसान होगा। लेकिन इस बार खिलाड़ियों ने ऐसा खेल दिखाया है कि मेरी आंखें नम हो गईं।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में पहली बार नंबर 1 बने रोहित शर्मा

एजेंसी




नई दिल्ली । भारत के सलामी बल्लेबाज़ व पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पहली बार आईसीसी वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में रोहित के बल्ले से शानदार रन निकले, जिससे वे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे में 73 रन की पारी खेलने के बाद सिडनी में उन्होंने नाबाद 121 रन की मैच विजेता पारी खेली और प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का ख़िताब भी जीता। इस प्रदर्शन से रोहित ने 781 रेटिंग अंक प्राप्त किए, जो अफ़गानिस्तान के इब्राहिम जादरान (764 अंक) से 17 अधिक हैं।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल (745 अंक) अब तीसरे स्थान पर हैं। रोहित का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग दूसरा स्थान था, जो उन्होंने जुलाई 2018 में हासिल किया था। इस बीच इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के पहले ऐसे बल्लेबाज़ बने, जिन्होंने कुछ समय के लिए वनडे बल्लेबाज़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था – यह तब हुआ जब गिल उनसे नीचे खिसके और रोहित ने अभी शीर्ष पर छलांग नहीं लगाई थी।

भारत के उप-कप्तान श्रेयस अय्यर, जिन्होंने दूसरे मैच में 61 रन बनाए थे, एक स्थान ऊपर बढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाज़ों में भी कई खिलाड़ियों की रैंकिंग में सुधार देखा गया। ऑस्ट्रेलिया के तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड दो स्थान ऊपर उठकर आठवें स्थान पर आ गए हैं, वहीं एडम ज़म्पा दो स्थान बढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे। भारत के अक्षर पटेल छह स्थान चढ़कर 31वें, जबकि वॉशिंगटन सुंदर 22 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 73वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

अन्य परिवर्तनों में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 135 रन (101 गेंदों) की शानदार पारी खेलकर 23 स्थान की छलांग लगाई और अब वे 25वें स्थान पर हैं। टेस्ट रैंकिंग में भी बदलाव देखने को मिला। पाकिस्तान के सऊद शकील एक स्थान बढ़कर 12वें, जबकि कप्तान शान मसूद पांच स्थान चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के टोनी डी ज़ोरज़ी सात स्थान बढ़कर 47वें पर हैं।

गेंदबाज़ों में, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट में नौ विकेट लेकर नौ स्थान की छलांग लगाई और अब वे 13वें स्थान पर हैं। साइमन हार्मर ने दूसरी पारी में 6/50 के प्रदर्शन से 26 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## कनाडियन ओपन 2025: अनाहत सिंह ने विश्व नंबर-7 टिन्ने गिलिस को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

टोरंटो (कनाडा)। भारत की उभरती स्क्वैश स्टार अनाहत सिंह ने कनाडियन ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बड़ा उलटफ़ेर कर दिया है। दिल्ली की 17 वर्षीय अनाहत ने मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर-7 टिन्ने गिलिस को सीधे गेमों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में विश्व नंबर-20 मेलिसा एल्वेस (फ्रांस) को हराकर चौंकाया था। यह अनाहत के करियर की पहली टॉप-10 खिलाड़ी पर जीत है। उन्होंने यह मुकाबला 12-10, 11-9, 11-9 से अपने नाम किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी से होगा। मुकाबले के बाद अनाहत ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ऌमैं इस हफ्ते अपने खेल से बहुत खुश हूं।

# संक्षिप्त समाचार

## अरुणाचल प्रदेश की अंडर-19 टीम में प्रयागराज की साधना का हुआ चयन

प्रयागराज। कैंटोन्मेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु साधना पाल का चयन बीसीसीआई द्वारा लखनऊ के इकना स्टेडियम में 26 अक्टूबर से आयोजित वूमेंस अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी के लिए अरुणाचल प्रदेश की टीम में हुआ है। वह इस टूर्नामेंट के दो मैच में प्रतिभाग भी कर चुकी हैं।

यह जानकारी साधना पाल के कोच संजीव कुमार ने दी है। साधना कैंटोन्मेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी के कोच संजीव कुमार से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। अशोक नगर निवासी हरिश्चंद्र पाल एवं शमा पाल की पुत्री साधना दाहिने हाथ की ओपनर बल्लेबाज हैं। साधना के चयन पर छावनी परिषद प्रयागराज के मुख्य अधिशाषी अधिकारी मोहम्मद समीर इस्लाम और कैंटोन्मेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी के कोच संजीव कुमार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

## कासिम स्मृति अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को मिली जीत

प्रयागराज। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने हरिनाथ सिंह क्लब वाराणसी को आठ विकेट से हराकर सैयद असद कासिम स्मृति अंडर-16 राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले खेलते हुए हरिनाथ सिंह क्लब ने 25.3 ओवर में 84 रन (हार्दिक नारायण तिवारी 23, शिवांश सोमवंशी 19, आशीष पाल 15, अभय राज यादव 3-16, मोहम्मद अनस 3-18, मोहम्मद हमदान 3-30, अभय गौतम 1-04) बनाए।

जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर 88 रन (सूरज चौहान 36 नाबाद, अब्दुल्ला हस्सान 18, यश पटेल 2-13) बना लिए। मोहम्मद अनस को पूर्व क्रिकेटर एस.एम.आर. नकवी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मोहम्मद आरिफ व मोहम्मद नबी अम्पायर एवं खुर्शीद अहमद व मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

## पैट कमिंस की नेट्स में वापसी, एशेज में कमबैक की उम्मीदें बढ़ीं

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को नेट्स में गेंदबाजी करते हुए देखा गया है, जिससे इस साल की एशेज सीरीज में उनकी वापसी की उम्मीदें बढ़ गई हैं। स्काई न्यूज ऑस्ट्रेलिया की रिपोर्ट के मुताबिक 32 वर्षीय तेज गेंदबाज कमिंस नेट्स में अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। कमिंस को कमर में बोन स्ट्रेस इंजरी के कारण पहले एशेज टेस्ट से बाहर कर दिया गया है, जो 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि इस मुकाबले में स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे।

स्मिथ का बतौर स्टैंड-इन कप्तान रिकॉर्ड अब तक शानदार रहा है। उन्होंने कप्तान रहते हुए पांच मुकाबले जीते हैं और एक ड्रॉ रहा है। पर्थ टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा अगले हफ्ते होने की उम्मीद है। कमिंस की ब्रिसबेन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्धता उनके चार हफ्तों के गेंदबाजी कार्यक्रम के नतीजों पर निर्भर करेगी, जिसमें उनकी फिटनेस की परीक्षा ली जाएगी।

एशेज में इंग्लैंड के खिलाफ कमिंस हमेशा एक बड़ी चुनौती रहे हैं। उन्होंने पिछली चार एशेज सीरीज में कुल 91 विकेट झटके हैं और 2017S18, 2019 तथा 2021S22 सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। गौरतलब है कि 2011 में बतौर युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले कमिंस को शुरुआती दौर में लगातार पीठ की चोटों से जूझना पड़ा, जिसके कारण वह पांच साल तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने 2017 में शानदार वापसी करते हुए खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शामिल कर लिया।

# न्यूजीलैंड ने 17 साल बाद घरेलू मैदान पर सीरीज़ जीती, दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

एजेंसी

सेडन पार्क (हैमिल्टन) । इंग्लैंड की कमजोर बल्लेबाज़ी एक बार फिर टीम के लिए भारी पड़ी। तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के दूसरे मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर सीरीज़ 2-0 से अपने नाम कर ली।

वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज़ में पराजित किया। दोनों टीमों के बीच तीसरा और आखिरी। वनडे 1 नवंबर को खेला जाएगा।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 175 रन पर ढेर हो गई, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने डैरिल मिशेल (56), रचिन रवींद्र (54) और मिचेल सैंटनर (34) की शानदार पारियों की बदौलत लक्ष्य को सिर्फ 33.1 ओवर में हासिल कर लिया। यह 2008 के बाद न्यूजीलैंड की इंग्लैंड पर घरेलू मैदान पर पहली वनडे सीरीज़ जीत है। इंग्लैंड पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 175 रन पर ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड के सभी छह गेंदबाज़ों ने विकेट चटकाए, जबकि ब्लेयर टिकनर ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। नाथन स्मिथ ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से जेमी ओवरटन (42) और हैरी ब्रूक (34) ही कुछ देर टिक सके। कप्तान जोस बटलर और जो रूट सस्ते में लौट गए। बारिश के बाद जब मैच शुरू हुआ तो शुरुआत से ही इंग्लैंड की हालत पतली दिखी। तीसरे ओवर में जैकब डफी ने बेन डकेट को पवेलियन भेजा और जल्द ही फॉल्क्स ने दूसरे ओपनर जेमी स्मिथ को चलता किया। टिकनर ने जो रूट को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे और टीम 36 ओवरों में 175 पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत भी लड़खड़ाई, जब जॉफ्रा आर्चर ने पहली ही ओवर में विल यंग को आउट किया, लेकिन इसके बाद रचिन रवींद्र (54) और डैरिल मिशेल (56 नाबाद) ने पारी को संभाला। रवींद्र ने 54 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मिशेल ने लगातार दूसरी फिफ्टी जड़ी। इंग्लैंड की ओर से आर्चर ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की और 3 विकेट (3/23) झटके, लेकिन उनका प्रयास टीम को जीत नहीं दिला सका। अंत में मिचेल सैंटनर (34 नाबाद, 17 गेंदों में) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी करते हुए मैच को 33.1 ओवर में ही खत्म कर दिया। ब्लेयर टिकनर को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोरकार्डः इंग्लैंड S 175/10 (36 ओवर, जेमी ओवरटन 42, हैरी ब्रूक 34; ब्लेयर टिकनर 4/34, नाथन स्मिथ 2/27) न्यूजीलैंड S 177/5 (33.1 ओवर, डैरिल मिशेल 56*, रचिन रवींद्र 54, मिचेल सैंटनर 34*; जॉफ्रा आर्चर 3/23)।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 मैचों से बाहर हुए नीतीश रेड्डी

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले तीन मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।

भारतीय क्रिकेटर कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि रेड्डी अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम करीबी नजर रखे हुए है।

दरअसल, नीतीश को एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे के दौरान बाएं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में चोट लगी थी। इसके बाद वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे, लेकिन हाल ही में उन्हें गर्दन में खिंचाव (नेक स्पैज्म) की शिकायत हुई, जिसने उनकी रिकवरी और मूवमेंट पर असर डाला है। इस वजह से टीम मैनेजमेंट ने उन्हें आराम देने का फैसला लिया है।




बीसीसीआई के अनुसार, उनकी फिटनेस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उनकी वापसी को लेकर फैसला बाद में किया जाएगा। रेड्डी ने हाल के महीनों में अपनी ऑलराउंड क्षमताओं से प्रभावित किया है, खासकर आईपीएल और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर। उनकी गैरमौजूदगी में टीम इंडिया को मिडल ऑर्डर और गेंदबाजी दोनों में संतुलन साधने की चुनौती रहेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वे सीरीज के आखिरी दो टी20 मैचों में वापसी कर सकते हैं।

# डॉलर की तुलना में 7 पैसे की मजबूती के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी

नई दिल्ली । मजबूत ग्लोबल संकेतों और स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की खरीदारी का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने पॉजिटिव माहौल के कारण रुपया आज डॉलर समेत ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं की तुलना में मजबूती के साथ बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 7 पैसे उछल कर 88.20 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को भारतीय मुद्रा 88.27 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 5 पैसे की तेजी के साथ 88.22 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपया अपनी सारी बढ़त गंवा कर 8 पैसे की कमजोरी के साथ 88.35 रुपये के स्तर तक गिर गया। लेकिन दिन के दूसरे सत्र में विदेशी निवेशकों ने बिकवाली बंद करके लिवाली शुरू कर दी। इसके साथ ही कच्चे तेल का भाव भी स्थिर होता हुआ नजर आने लगा। ऐसा होने पर डॉलर की मांग में कमी आने लगी, जिससे रुपया भी मजबूत होने लगा। स्टॉक मार्केट की ओर डॉलर की आवक में तेजी आने के कारण दोपहर 2 बजे के करीब भारतीय मुद्रा 13 पैसे की मजबूती के साथ 18.14 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 7 पैसे की उछाल के साथ 88.20 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी मजबूत प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 91.12 पैसे की बढ़त के साथ 116.62 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच मामूली बढ़त के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मामूली बढ़त के साथ ही हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। सेंसेक्स 0.16 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की मजबूती कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एनटीपीसी और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 2.63 प्रतिशत से लेकर 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर श्रीराम फाइनेंस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 0.64 प्रतिशत से लेकर 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।



अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,064 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,224 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 840 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 12 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 35.52 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 84,663.68 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में उतार- चढ़ाव शुरू हो गया। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 84,916.10 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 84,638.68 अंक तक गोता भी लगाया। राहत की बात यही रही कि अभी तक के कारोबार में ये सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बना रहा।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **21.11.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे,** यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध **ऑनलाईन भुगतान प्रणाली** में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01112025 दिनांक 28.10.2025 | |
| कार्य का नाम | 1. लखनऊ मण्डल में रेल सह सड़क मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग संयंत्र का उपयोग करके लूप लाइन को 60/52 किग्रा० के एस०डब्ल्यू०आर०/एल०डब्ल्यू०आर० में बदलने हेतु फ्लैश बट वेल्डिंग का कार्य। 2. लखनऊ मण्डल में शाहगंज-अकबरपुर खण्ड में H-बीम द्वारा चैनल स्लीपर्स को बदलने का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹4,73,81,570.63 | 2. ₹81,89,255.22 |
| धरोहर राशि | 1. ₹3,86,900/- | 2. ₹1,63,800/- |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। क्र.सं. 2 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः (06) माह। | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 07.11.2025 | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.11.2025 को 15:00 बजे | |

नोटः 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नई दिल्ली का पत्र सं० 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनांक 07.04.2015)

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3361/2025

# राजद के नेताओं ने बिहार की छवि पूरी दुनिया में खराब की : राजनाथ

एजेंसी

दरभंगा। केन्द्रीय रक्षा मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर हमला करते हुये बुधवार को कहा कि उसकी पार्टी के नेताओं ने बिहार की छवि न सिर्फ देश में बल्कि पूरी दुनिया में खराब की है।

श्री सिंह ने दरभंगा के हायाघाट में राष्ट्रीय जनतांत्रिम गठबंधन समर्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी रामचंद्र प्रसाद के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि राजद के नेताओं ने बिहार की छवि न सिर्फ देश में बल्कि पूरी दुनिया में खराब की है। उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बिना कहा कि बिहार के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री के पूरे परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जो दुख का विषय है।पहले एक नारा था,जो खाता न बही, जो लालू कहे वही सही।अब वो नारा नहीं चलेगा। जो जनता कहेगी, वही सही। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था देश में 11वें स्थान से बढ़कर अब चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

श्री सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ईमानदारी और शासन शैली की तारीफ करते हुए कहा कि 20 वर्षों तक उन्होंने बिहार की सेवा की है।उन पर भ्रष्टाचार का आरोप कोई नहीं लगा सकता है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और श्री कुमार की नीयत पर कोई सवाल खड़ा नहीं कर सकता है। श्री मोदी ने देश का मस्तक पूरी दुनिया में उंचा किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार संस्कृति की भूमि है, लेकिन पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में विफल रही। उन्होंने राजद के चुनावी घोषणा पत्र की आलोचना करते हुए कहा कि हर घर में एक सरकारी नौकरी देने का वादा अव्यावहारिक है।'बिहार देश का एकमात्र राज्य है जहां महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।'उन्होंने दावा किया कि बिहार में लाखों युवाओं को रोजगार मिला है और बिना किसी से पैसा लिए नौकरी मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे शासनकाल के बावजूद कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं दिया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा।

श्री सिंह ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जो भी पैसा दिया, वह आधा भ्रष्टाचारियों के भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि सोच और नीयत में अंतर होता है, श्री मोदी ने कहा है कि अब एक भी पैसा भ्रष्टाचारियों के हाथ में नहीं जाएगा। श्री मोदी पहली बार जब प्रधानमंत्री बने थे, तभी उन्होंने फैसला लिया था कि सभी गरीबों का बैंक में अकाउंट खोला जाएगा। आज जो भी पैसा महिलाओं, किसानों और बेरोजगारों के लिए केंद्र देती है, वो उनके खाते में पूरा जाता है। नीयत साफ हो तो बड़ा से बड़ा लक्ष्य हासिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैथिली भाषा की पूछ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने लगी है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने जनता के लिए बहुत काम किया है।

# इस देश मे दो हिंदुस्तान, पहला गरीबों का और दूसरा अडानी, अंबानी जैसे सुविधा भोगियों का: राहुल गांधी

एजेंसी

मुजफ्फरपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि इस देश मे दो हिंदुस्तान हैं, पहला दलित शोषित तथा वंचित गरीबों का और दूसरा प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के चहेते अडानी और अंबानी जैसे सुविधा भोगियो का, जिन्हें सरकार संसाधनों पर कब्जा देती जा रही है।

श्री गांधी ने आज मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र से बिहार में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि देखने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के हितैषी बनते हैं,लेकिन उनका व्यवहार उसके अनुरूप नही होता है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा हाल ही में खत्म हुई है, जिसके दौरान छठ व्रतियों को प्रभावित करने के लिए घाट से उनकी तस्वीरें जारी की गई, लेकिन सच्चाई यह थी कि श्री मोदी यमुना में नही बल्कि एक तालाब में खड़े थे जिसमें पाइप से साफ पानी लाया गया था। उन्होंने कहा कि वहां से कुछ ही दूर जिस यमुना के पानी मे छठ के व्रती पूजा कर रहे थे, उसकी उचित सफाई नही की गई थी। उन्होंने कहा कि इसी को कहते हैं कि हमारे देश मे दो हिंदुस्तान है, एक सुविधा भोगियों का जिन्हें सरकार संसाधनों पर कब्जा देती जा रही है और दूसरा वंचितो का जिन्हें पग पग पर जिंदगी में सफर करना पड़ता है। कांग्रेस के नेता ने कहा कि बिहारियो ने देश को बनाया है। उनके बिना दिल्ली, मुम्बई, गुजरात या अन्य विकसित राज्यों की मिलें नही चल पाएंगी, लेकिन स्वयं बिहार को कल कारखाने नही मिले। बिहारी युवा देश ही नही विदेशों में , दुबई, मॉरीशस और अन्य अंतरराष्ट्रीय शहरों के विकास में योगदान कर रहे हैं, लेकिन खुद उन्हें उनके अपने प्रदेश में जीने के अवसर उपलब्ध नही है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की ज़िंदगी ऐसी है जिसमे बिहारी युवा रोजी रोटी के मोहताज हैं, वहीं उसी प्रदेश में दूसरे हिंदुस्तान के एक व्यक्ति को सिर्फ एक रुपये में हजारों एकड़ किसानों की जमीन अडानी को दे दी जाती है।

श्री गांधी ने कहा कि पिछले दिनों बिहार की जनता से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सस्ते इंटरनेट डेटा की बात की थी और लोगों को भरमाया था, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह नही बताया कि इस सस्ते डेटा का अधिकतम कारोबार करने वाला रिलायंस जियो उन्हीं के मित्र अंबानी का है और इस डेटा के माध्यम से उनकी कंपनी हजारो करोड़ कमा रही है।

कांग्रेस के नेता ने कहा कि बिहार के लोग उस हिंदुस्तान में जी रहे हैं जहां बेसिक सुविधाएं भी उपलब्ध नही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पास प्लाई ओवर के नीचे बड़ी संख्या में बिहारी इलाज के इंतजार में बैठे रहते हैं और पूछने पर बताते हैं कि उचित कीमत पर उनके राज्य में अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वोट के लिए कोई भी स्वांग भर लेते हैं, अच्छी अच्छी बातें करते हैं लेकिन वास्तव में गरीबो की बेहतरी से उनका कोई सरोकार नही है। उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में उनके द्वारा जातीय जनगणना कर हर वर्ग के लोगो की स्थिति समझने की बात कही गयी तो श्री मोदी और उनके दल के लोगों ने उसका उपहास किया था।

# मोंथा से आंध्र प्रदेश में काफी नुकसान, दो की मौत मुख्यमंत्री ने बचाव व राहत पहुंचाने के दिए निर्देश

एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश में चक्रवात मोंथा ने जमकर तबाही मचाई है। तेज हवाएं और भारी बारिश से कई जिलों में काफी नुकसान हुआ है। एसडीआरएफ, पुलिस और दमकल कर्मी बचाव व राहत कार्य में लगे हैं। तूफान से दो लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने हेलीकॉप्टर से चक्रवात प्रभावित इलाकों का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे राज्य के कई इलाकों में बाधित बिजली व्यवस्था बहाल करने, बंद सड़कों पर यातायात यथासंभव शुरू करने और पीड़ितों तक जरूरी सामान पहुंचाने के साथ नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार सुबह जिला कलेक्टरों, संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों के साथ राज्य सचिवालय से वर्चुअली बातचीत की। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन जल्द तैयार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और मंत्रियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में दौरा करने को कहा। सचिवालय से जारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने कहा कि चक्रवात से नुकसान को कम करने के लिए हम सभी ने एक टीम की तरह काम किया। चक्रवात को रोका नहीं जा सकता.. एहतियाती उपायों से हम ज़्यादा नुकसान को रोकने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि नुकसान के आकलन के बाद इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार कोसौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ, पुलिस और दमकल कर्मियों ने अच्छा काम किया।मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने दावा किया है कि क्षतिग्रस्त बिजली व्यवस्था को बहाल करने के लिए सरकार ने दस हजार लोगों को लगाया है। तूफ़ान के कारण दो की मौत हुई है। अगर मुसीबत में मदद के लिए सरकारी आदमी उपलब्ध होते हैं, तो इससे सरकार पर भरोसा बढ़ता है। पुनर्वास केंद्रों में आए चक्रवात पीड़ितों को आर्थिक मदद देने आदेशचक्रवात मोंथा के पीड़ितों को राज्य सरकार की ओर से पुनर्वास केंद्रों में आए प्रत्येक पीड़ित को एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के आदेश जारी किए हैं। पुनर्वास केंद्रों में आए पीड़ितों को अधिकतम तीन हजार रुपये दिए जाने की भी बात कही गई है। यह राशि पीड़ितों को पुनर्वास केंद्र से घर जाने से पहले दी जाएगी। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष मुख्य सचिव साई प्रसाद ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभावित इलाकों का हवाई निरीक्षणआंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आज दोपहर बाद चक्रवात से प्रभावित इलाकों का हेलीकॉप्टर से हवाई निरीक्षण किया।

# समालखा बनेगा श्रद्धा एवं भक्ति का केन्द्र

## आत्ममंथन से आत्मोन्नति की ओर 78वां वार्षिक संत समागम

एजेंसी



समालखा। जहाँ एक ओर आज की दुनिया जाति, धर्म, भाषा और विचारों की सीमाओं में उलझी हुई प्रतीत होती है, वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन समरसता, प्रेम और मानवता की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु निरंतर सक्रिय है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन सान्निध्य में निरंकारी मिशन का 78 वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष समागम की मूल प्रेरणा 'आत्ममंथन' है, जो आत्मचिंतन एवं आंतरिक जागरूकता को प्रेरित करने वाली एक सकारात्मक पहल के रूप में उभरेगी।

लगभग 650 एकड़ क्षेत्र में आयोजित इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भारत ही नहीं, अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं विशिष्ट अतिथि सहभागी होंगे। जो श्रद्धालु किसी कारणवश समागम स्थल पर उपस्थित नहीं हो सकेंगे, वे निरंकारी मिशन की वेबसाइट एवं यूट्यूब चैनल के माध्यम से इस दिव्य आयोजन का सीधा प्रसारण देख सकेंगे और इस आध्यात्मिक पर्व से जुड़कर आनंद प्राप्त करेंगे। समागम की समस्त व्यवस्थाएँ संत निरंकारी सेवादल के निःस्वार्थ और समर्पित स्वयंसेवकों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं, जो 28 सितम्बर से लगातार सेवाओं में संलग्न हैं। निरंकारी समागम कमेटी के कॉर्डिनेटर श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी दी कि लंगर (भोजन), कैंटीन, शौचालय, यातायात, चिकित्सा, एम्बुलेंस, पार्किंग, सुरक्षा व रहने आदि की विस्तृत व्यवस्थाओं सहित समस्त आवश्यक सेवाओं की जिम्मेदारी लगभग 1 लाख सेवादार पूरी निष्ठा और सेवा-भावना से निभा रहे हैं। यह सेवाभाव ही संत निरंकारी मिशन की विशेष पहचान है, जो समर्पण और अनुशासन की भावना को दर्शाता है। संत समागम के चारों दिन दोपहर 3:00 से रात्रि 9:00 बजे तक भक्ति और ज्ञान से परिपूर्ण मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे; इनमें सभी आयु वर्ग के भाषा-भाषियों द्वारा आध्यात्मिक विचार प्रस्तुत किए जाएंगे और प्रख्यात संगीतज्ञों द्वारा भक्ति संगीत की अमृत वर्षा की जाएगी। सदैव की भांति इस वर्ष भी रूहानी कवि दरबार समागम का विशेष आकर्षण रहेगा, जो प्रेम, सेवा और समर्पण की भावनाओं को काव्यात्मक अभिव्यक्ति देगा। समागम में एक सुंदर एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें संत निरंकारी मिशन के इतिहास, सिद्धांतों और सामाजिक व आध्यात्मिक प्रयासों को रचनात्मक रूप से दर्शाया जाएगा। साथ ही, मिशन के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित साहित्य, प्रेरणादायक पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ भी समागम स्थल पर उपलब्ध रहेंगी, जिससे श्रद्धालु मिशन की शिक्षाओं को और अधिक गहराई से समझ सकें। इस आयोजन में हरियाणा राज्य की विभिन्न प्रशासनिक इकाइयाँ भी सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रही हैं, जिससे समागम का संचालन सुचारु और सुरक्षित रूप से हो सके। निसंदेह यह समागम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक ऐसा पावन अवसर है जहाँ मानवता, प्रेम और आध्यात्मिकता एक सूत्र में बंधते हैं। आप सभी श्रद्धालुओं एवं मानवता प्रेमियों का इस दिव्य संगम में हार्दिक अभिनन्दन है।

# वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है इंडिया गठबंधन : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम के श्रीभूमि में कांग्रेस पार्टी की बैठक में पार्टी के बड़े नेता द्वारा बंगलादेश का राष्ट्रगान गाने पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इंडिया गठबधंन की एक ही पहचान बन गयी है, ''जुबान पर संविधान, पर मन में वोट बैंक की दुकान'' । उन्होंने कहा कि कल तक पाकिस्तान को अपना घर बताने वाली कांग्रेस अब बंगलादेश पर मेहरबान हो गयी है। श्री पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की दुकान चलाने के लिये अवैध बंगलादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का साथ देने के एजेंडे पर उतर आयी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी लगातार कई वर्षों से बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इसी अभियान के तहत संप्रग के कार्यकाल में देश में करोड़ों घुसपैठियों को बसाने का काम किया गया। उन्होंने आगे कहा कि अब तो कांग्रेस पार्टी अपने मंच से बंगलादेश का राष्ट्र गान गाकर अपना समर्थन प्रकट करती है। श्री पूनावाला ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस उस बंगलादेश का राष्ट्रगान गा रही है जिसने हमारे देश के उत्तर पूर्व भाग विशेषकर असम में अराजकता फैलाने की कोशिश की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह घुसपैठिया प्रेम सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के बाकी दल भी कर रहे हैं। इस होड़ में तृणमूल, कांग्रेस, द्रमुक सभी शामिल हैं। श्री पूनावाला ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों में तुष्टिकरण और वोटबैंक के लिए ऐसा करने की होड़ लगी है। जिसके चलते कांग्रेस पार्टी अपने आधिकारिक मंच से घुसपैठियों का समर्थन करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल भी जंगलराज और शरिया का राज चाहती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा करने वाले, दंगा करने वाले और जंगलराज बनाने वाले लोगों को ममता सरकार खुला संरक्षण देती है।

प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं पर हमले और मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म की घटना पर संविधान बचाने की बात करने वाले कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी एक शब्द भी नहीं बोलते हैं।

# ट्रंप ने मोदी को 'बहुत सख्त' व्यक्ति बताया, फिर से भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा किया

एजेंसी

तोक्यो/सियोल। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें ''बहुत ही उम्दा'', ''प्रभावशाली'' और ''बेहद सख्त'' व्यक्ति बताया। वहीं दूसरी ओर भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर एक बार फिर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच हाल में हुई सैन्य झड़प रुकवाई थी। इससे कुछ घंटे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि सात से 10 मई के बीच 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ''सात बिल्कुल नए'' विमान मार गिराए गए थे। ट्रंप ने दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के सीईओ शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी बहुत ही उम्दा व्यक्ति हैंवह ऐसे व्यक्ति हैं जिनमें आप अपने पिता की छवि देखते हैं३वह बहुत प्रभावी हैं वह बहुत सख्त हैं। ट्रंप जापान से बुधवार सुबह दक्षिण कोरिया पहुंचे जो एशिया के तीन देशों की उनकी यात्रा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री मोदी के साथ ''बेहतरीन संबंध'' हैं और यह दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार का सहारा लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया। मैंने कहा कि हम आपके साथ व्यापार समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने (मोदी ने) कहा, नहीं नहीं, हमें व्यापार करना चाहिए। मैंने कहा कि नहीं, हम नहीं कर सकते आप पाकिस्तान से युद्ध लड़ने जा रहे हैं। तो हम फिर व्यापार नहीं करेंगे। ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की भी तारीफ की और उन्हें ''बेहतरीन योद्धा'' और ''अच्छा इंसान'' बताया। उन्होंने कहा, ''फिर मैंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल को फोन किया। मैंने कहा कि हम आपके साथ व्यापार नहीं करेंगे क्योंकि आप भारत से लड़ रहे हैं और आप जानते हैं कि आप दोनों परमाणु राष्ट्र हैं। उन्होंने (मुनीर ने) कहा कि नहीं नहीं, आप हमें लड़ने दीजिए। दोनों (मोदी और मुनीर) ने यही कहा। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों देशों के नेताओं ने उन्हें दो दिन बाद फोन कर संघर्ष रोकने की बात कही। उन्होंने कहा, ''महज दो दिन बाद उन्होंने फोन किया और कहा कि हम समझ गए हैं तथा उन्होंने लड़ाई रोक दी। क्या यह अद्‌भुत नहीं है? अब आप सोचिए कि क्या (पूर्व राष्ट्रपति) जो बाइडन ऐसा कर पाते? हालांकि, इन टिप्पणियों से कुछ घंटे पहले तोक्यो में ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने सिर्फ 24 घंटे में युद्ध रुकवा दिया था। ट्रंप अक्सर अपने बयानों में विरोधाभास के लिए जाने जाते हैं।

# पेज एक का शेष

### गन्ना मूल्य 30...

ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है। इस प्रणाली को भारत सरकार ने 'मॉडल सिस्टम' घोषित किया है, जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। एथेनाल उत्पादन में यूपी नंबर वन एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंत्री ने बताया कि सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है और आसवनियों की संख्या 61 से बढ़कर 97 हो गई हैं। गन्ना क्षेत्रफल में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में गन्ना क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर आ गया है।

### देश की रक्षा...

राष्ट्रपति ने उडान भरने से पहले वहां मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति ने वायु सेना के पायलट और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत भी की। हवाई अड्‌डे पहुंचने पर वायु सेना प्रमुख ने उनका स्वागत किया। बाद में राष्ट्रपति ने सलामी गारद का निरीक्षण किया। राष्ट्रपति को विमान में उडान भरने से पहले विमान और उडान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी थी और उनका व्यापक मेडिकल चेकअप किया गया। राष्ट्रपति का अंबाला वायु सेना स्टेशन से राफ़ेल में उडान भरने का एक महत्व यह भी है कि फ्रांस से खरीदे गये इस विमान को पहले स्क्वाड्रन के माध्यम से इसी हवाई अड्‌डे पर वायु सेना के बेड़े में शामिल किया गया था।

### ज्ञानवापी विवाद: 'वजूखाने' के...

बताया कि वाराणसी जिला न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 29 अक्टूबर तय की है। उन्होंने बताया कि अदालत ने कहा कि चूंकि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है इसलिए वह स्वयं कोई आदेश जारी नहीं कर सकती। मिश्रा ने बताया, अदालत ने कहा हालांकि, अगर दोनों पक्ष सहमत हो तो ताले पर लगे कपड़े को बदला जा सकता है। सर्वेक्षण के दौरान दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) और उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद विवादित ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना क्षेत्र को 16-17 मई, 2022 को सील कर दिया गया था। मिश्रा के अनुसार, ताले पर बंधा कपड़ा समय के साथ फट और घिस गया है तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हिंदू पक्ष ने इस वर्ष आठ अगस्त को एक याचिका दायर कर इसे बदलने की अनुमति मांगी थी।

### राममंदिर ध्वजारोहण...

निर्माण समिति ने फैसला किया है कि 2022 के बाद योगदान देने वाले दानदाताओं को भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि समरसता और सहभागिता के दृष्टिकोण से दानदाताओं को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। राममंदिर निर्माण में योगदान देने वाली कंपनियों, सप्लायर्स और कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। मिश्र ने बताया कि 25 नवंबर के बाद राम मंदिर परिसर में एक बृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, इसका निर्णय लिया गया है, तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। इस समारोह में सभी योगदानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। नृपेन्द्र मिश्र ने राममंदिर निर्माण पर लगी धनराशि के बारे में बताया कि अब तक 1500 करोड़ रुपये की बिलिंग हो चुकी है, जबकि कुल निर्माण लागत 1800 करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है।

### भारत-चीनी सेनाओं के...

स्तर पर सीमा प्रबंधन तंत्र का उपयोग करने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी 2018 के बाद से अपनी पहली चीन यात्रा पर 30 अगस्त को चीन के तियानजिन पहुंचे और शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मुलाकात में कहा कि हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया, जो पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय तक चले सीमा गतिरोध के बाद गंभीर तनाव में आ गए थे।

### मायावती ने एक दलित...

भीतरघात न हो, इसके लिए जरूरी है कि पार्टी के लोग हमेशा सतर्क रहें और ऐसी कोई भी शिकायत सीधे मेरे संज्ञान में लाए। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश के करोड़ों दलित, आदिवासी पिछले और मुस्लिम समाज के लोग बसपा के 'बहुजन समाज' के अभिन्न अंग हैं। जिसका लक्ष्य यूपी व देश में इन वंचित, शोषित व उपेक्षित वर्गा को पावर व पद के जरिए गुलामी से निकालकर इन्हें मानवता व इंसानियत से आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान के जीवन जीने योग्य बनाकर संविधान के अति महत्वाकांक्षी, कल्याण कारी उद्देश्य की प्राप्ति है। जो भारत देश को महान बनाने के लिए अति जरूरी है।

### मुख्यमंत्री और...

ज्ञान को सिंचित कर फिर से मिथिला को ज्ञान की नगरी बनाएंगे। उन्होंने दरभंगा के विकास के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों का बखान करते हुए कहा कि बिहार जल्द ही राष्ट्रीय फलक पर बहुत आगे आएगा। श्री शाह ने आज समस्तीपुर जिले के रोसड़ा स्टेडियम में राजग प्रत्याशियों के पक्ष मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि यह विधानसभा चुनाव किसी को विधायक या मंत्री बनाने का नहीं है, बल्कि राजद के शासनकाल के जंगलराज को समाप्त करने का है। उन्होंने कहा कि लोगों के रूझान से स्पष्ट है कि इस चुनाव मे लालू यादव और राहुल गांधी की पार्टी का सूपड़ा साफ हो जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं राजद भ्रष्टाचार का प्रतीक है और इस चुनाव मे इन दलों का सफाया तय है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे बिहार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश का चौतरफा विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव, कर्पूरी ठाकुर को मिले जननायक की उपाधि को छीनना चाहते है। उन्होंने कहा कि राजग के रहते कर्पूरी ठाकुर के जननायक की उपाधि को कोई छीन नहीं सकता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राजग सरकार ने ही जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न से सम्मानित किया। श्री शहा ने कहा कि लालू यादव ने बिहार का विकास तो नहीं किया, लेकिन परिवार का विकास जरूर किया। जिसका उदाहरण लैंड फोर जाँब एवं चारा घोटाला शामिल है। सभा को समस्तीपुर की सांसद शाम्भवी चौधरी, भाजपा विधान पार्षद तरूण कुमार एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश महासचिव जग्रनाथ ठाकुर समेत अन्य राजग के नेताओं ने भी संबोधित किया।

### जो पशुओं का चारा...

का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चाँद बाबू के पुत्र पर एसिड उड़ेलने का अपराध हुआ था। यह वही बिहार है, अपराधी फिर जीवित न हों। सीएम योगी ने आरजेडी, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को 'माफिया प्रेमी' करार देते हुए कहा कि ये लोग बाबर-औरंगजेब की मजार पर सजदा करते हैं, लेकिन राम भक्तों पर गोलियां चलवाते हैं। सबका साथ चाहते हैं, लेकिन परिवार और माफिया का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि आरजेडी राम मंदिर के रथ को रोकने का पाप करती थी, कांग्रेस कहती थी राम हुए ही नहीं। उन्होंने कहा कि ल्लउत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पहले अयोध्या में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज, फिर महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कराया और अंततः 500 वर्षों के कलंक को मिटाते हुए श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण कराया। योगी ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि किसी को अब भी संदेह है कि अयोध्या सर्वोत्तम नगरी बन चुकी है? हमने जो कहा, वह कर दिखाया। उन्होंने कहा कि अपराधियों और माफियाओं की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबों के लिए घर बनाना डबल इंजन सरकार की पहचान है। हमने न सिर्फ बुलडोजर चलाया, बल्कि गरीबों को घर की चाबी भी दी। सीएम योगी ने बिहार की प्रगति पर कहा कि अब राज्य में एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। पलायन नहीं, प्रगति का युग चल रहा है। गरीबों को राशन, बिजली, शौचालय और ?5 लाख तक की आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह वही बिहार है जहां पहले अराजकता और जंगलराज था, लेकिन अब गरीबों को सम्मान और अधिकार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 6,100 करोड़ की राम-जानकी मार्ग परियोजना से अयोध्या को सीतामढ़ी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया से कम्युनिज्म समाप्त हो चुका है। गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद-माओवाद पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। इसके लिए डबल इंजन जरूरी। उन्होंने अपील की, ''हमें अपराधी-माफिया नहीं, विकास का जनप्रतिनिधि चाहिए। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं का साथी चाहिए। रघुनाथपुर के प्रत्याशी विकास कुमार सिंह को 'शुभ अंक 108' से जोड़ते हुए कहा, ''अशुभ को मत आने देना।'' धरौली के विष्णुदेव पासवान के नाम को 'विष्णुदेव' बताते हुए दोनों को विजयी बनाने का आह्वान किया।

# सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डॉ. जितेंद्र सिंह से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और राज्य में मौसम पूर्वानुमान तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी संरचनाओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार का हिमाचल प्रदेश में डॉपलर वेदर रडार स्थापित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस रडार की स्थापना से राज्य में मौसम पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की सटीकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



मुख्यमंत्री ने हाल के बादल फटने और अचानक आई बाढ़ों का उल्लेख करते हुए राज्य में अतिरिक्त डॉपलर रडार और स्वचालित मौसम केंद्र स्थापित करने का अनुरोध किया, ताकि प्रत्येक जिला–विशेष रूप से आपदा-प्रवण क्षेत्रों–को भविष्य की मौसमजनित चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने में सहायता मिल सके।

बैठक के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार सभी राज्यों को जलवायु लचीलापन और आपदा न्यूनीकरण के प्रयासों में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय देश के मौसम विज्ञान

### डॉपलर वेदर रडार की स्थापना के लिए सरकार का जताया आभार

नेटवर्क के विस्तार पर निरंतर कार्य कर रहा है, विशेष रूप से पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में, ताकि जनता और स्थानीय प्रशासन तक महत्वपूर्ण मौसम संबंधी सूचनाएँ समय पर पहुँचे। प्रधानमंत्री मोदी के सहकारी संघवाद के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार 2014 से सभी राज्यों के साथ समान और निष्पक्ष व्यवहार करते हुए वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण हमेशा राज्यों को सशक्त बनाने और स्थानीय प्रशासन को उभरती चुनौतियों

# यूरोपीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा के उपसभापति से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। यूरोपीय संसद की अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों की समिति (आईएनटीए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई क्रिस्टिना मेस्त्रे ने की जो आईएनटीए की भारत के लिए स्थायी प्रतिवेदक हैं। हरिवंश ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) विश्व के दो सबसे बड़े और जीवंत लोकतंत्र हैं–दोनों ही खुली बाजार अर्थव्यवस्थाएं और बहुलतावादी समाज हैं। भारत-ईयू संबंधों की दिशा निरंतर उर्ध्वगामी रही है और दोनों पक्षों ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) शीघ्र ही पूर्ण होगा।

उन्होंने सितंबर 2025 में यूरोपीय संघ द्वारा घोषित नया भारत-ईयू रणनीतिक एजेंडा का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत



सकारात्मक कदम बताया। हरिवंश ने इस संयुक्त संचार में प्रदर्शित महत्वाकांक्षा और दृष्टिकोण की सराहना की और कहा कि यह साझेदारी को आगे बढ़ाने में विशेष रूप से व्यापार, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, रक्षा, नवाचार, जलवायु, संपर्क, गतिशीलता और वैश्विक शासन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने संसदीय आदान-प्रदान में आई सकारात्मक गति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि जून 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सर्वदलीय भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रुसेल्स का दौरा किया था, जहां यूरोपीय संसद के सदस्यों के साथ सार्थक संवाद हुआ था। ऐसे संसदीय संवाद भारत-ईयू साझेदारी की मजबूती का प्रतीक हैं।

हरिवंश ने कहा कि ईयू भारत का प्रमुख व्यापार और निवेश भागीदार होने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी है। पिछले वित्त वर्ष में यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा द्विपक्षीय व्यापारिक भागीदार रहा।हरिवंश ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पक्ष एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री प्रवेश ने छावला वार्ड में 28 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

नई दिल्ली । दिल्ली लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के ग्रामीण क्षेत्र छावला वार्ड के 19 गांवों में गलियों, फिरनी और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े 28 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। यह जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर साझा की। प्रवेश साहिब सिंह ने पोस्ट कर कहा कि इन कार्यों से गांवों की मूलभूत सुविधाएं बेहतर होंगी, हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निगम पार्षद शशि यादव की अगुवाई में जिला अध्यक्ष राज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश शौखंदा, क्षेत्रवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेट्रो निर्माण स्थलों पर प्रदूषण से निपटने की तैयारियों का लिया जायजा

नई दिल्ली । दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने राजधानी में प्रदूषण के बढ़ते स्तर से निपटने के लिए डीएमआरसी की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज अशोक विहार और डेरावल नगर मेट्रो निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। डीएमआरसी ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी साझा की। इसमें बताया गया है कि डॉ. विकास कुमार ने प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) को लागू करने को लेकर मेट्रो निर्माण स्थलों पर तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को फ़ेज–ऋ्र के निर्माणाधीन कृष्णा पार्क एक्सटेंशन ऽ आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर के एक हिस्से का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएमआरसी के सिविल और पर्यावरण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में अशोक विहार और डेरावल नगर निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी ने निर्माण कार्य के प्रारंभ से ही अपने निर्माण स्थलों पर कई कदम उठाए हैं ताकि निर्माण कार्यों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के मौजूदा बढ़े हुए स्तर में और बढ़ोतरी न हो। निर्माण स्थलों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव, वाहनों को शहर की सड़कों पर आने से पहले उनके पहियों को धोना, सभी निर्माण सामग्री को ठीक से ढ़कना और सभी निर्माण और डिमोलिशन कचरे का सही निपटान और रीसाइक्लिंग करना, डीएमआरसी द्वारा उठाए गए कुछ कदम है। कुमार ने बताया कि निर्धारित नियमों के अनुसार निर्माण स्थलों पर एंटी–स्मॉग गन लगाई गई हैं। असल में डीएमआरसी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पहली निर्माण एजेंसी थी जिसने सरकार द्वारा अनिवार्य किए जाने से बहुत पहले एंटी–स्मॉग गन लगाई थीं। फिलहाल निर्माण स्थलों पर ऐसी लगभग 82 मशीनें लगाई गई हैं और आवश्यकतानुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।`

### राज्य स्थापना दिवस पर आहूत प्रतियोगिताओं के लिये कुमाऊं विवि के प्रतिभागी चयनित

नैनीताल । डीएसबी परिसर नैनीताल में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ और विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयनित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंट किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में राधे हरि महाविद्यालय काशीपुर की श्रेया गौनियाल, ज्ञानार्थी कॉलेज के माणिक गुप्ता और डीएसबी परिसर के सौरभ यादव विजेता रहे, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में कुमाऊं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं वाद–विवाद प्रतियोगिता में खटीमा कॉलेज के सुदर्शन मुरारी, राधे हरि काशीपुर की मानसी जोशी, पाल कॉलेज हल्द्वानी की महिमा डालाकोटी व रीतिका चमियाल तथा डीएसबी परिसर के अर्णव त्रिपाठी और नकुल सहदेव राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह स्केचिंग प्रतियोगिता में राधे हरि काशीपुर की संध्या चौरसिया, बाजपुर की यास्मीन, पाल कॉलेज के तुषार सुनौड़ी, डीएसबी की सेहज गिल और आयुषी बिष्ट, मिलेट आधारित मल्टी–क्यूजीन रेसिपी निर्माण प्रतियोगिता में डीएसबी की आराध्या जायसवाल, रिया आर्या, निकिता व कंचन तथा राधे हरि के आंशिक सिंह, सुरभि, लक्ष्य सती और सुमित कुमार, हैंडीक्राफ्ट प्रतियोगिता में डीएसबी की प्रिंसी वर्मा, प्रतिभा सिंह और सरिता बुधलाकोटी, दोसापानी के गौरव बिष्ट, नानकमत्ता के अंकित राणा और काशीपुर की राशि चौहान, एकल गायन प्रतियोगिता में डीएसबी की कविता, रामनगर के आकाश आर्या और काशीपुर के मोहित कुमार, समूह नृत्य में डीएसबी के एनसीसी ग्रुप तथा खटीमा कॉलेज की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी, जबकि एकल नृत्य में डीएसबी के भावेश विश्वकर्मा और रामनगर के सुमित पांडे चयनित हुए। कार्यक्रम प्रदेश के उच्च शिक्षा सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा तथा कुलपति प्रो. दीवान रावत के निर्देशन में और प्रो. वीना पांडे व प्रो. ललित मोहन तिवारी के समन्वयन में आयोजित हुआ। आयोजन में डॉ. छवि आर्य, डॉ. किरण तिवारी, डॉ वीणा सिंह, डॉ सुषमा, डॉ नीलू लोधियाल, डॉ प्रभा पंत, डॉ हेम चंद्र, डॉ हिमानी, डॉ हेम जोशी, डॉ गिरीश चंद्र, डॉ पूनम बिष्ट, डॉ अशोक कुमार, डॉ रवि जोशी, डॉ अलंकार व डॉ संध्या का भी योगदान रहा।

### लोकतंत्र सशक्तिकरण की पहल लोहाघाट में मतदाता पंजीकरण पर कार्यशाला

चंपावत । जनपद चंपावत में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर नए मतदाताओं के पंजीकरण कार्य को गति दी जा रही है। इसी क्रम में, लोहाघाट स्थित डाइट में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी जीवन कलौनी ने प्रतिभागियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और इसके महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, वे युवा जिनकी आयु 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे फॉर्म–06 भरकर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपने क्षेत्र के संबंधित बीएलओ के पास आवेदन कर सकते हैं। कलौनी ने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए शुद्ध निर्वाचक नामावली का होना अत्यंत आवश्यक है, और इसलिए किसी भी पात्र मतदाता को पंजीकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रत्येक विद्यालय में निर्वाचक साक्षरता क्लब गठित किए गए हैं। ये क्लब ऐसे पात्र युवाओं की जानकारी बीएलओ को उपलब्ध कराएंगे, ताकि कोई भी योग्य मतदाता नामांकन से छूटे नहीं। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप और वोटर्स सर्विस पोर्टल के माध्यम से नाम पंजीकरण, संशोधन और सुधार की प्रक्रिया के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. कमल गहतोड़ी सहित जनपद के विभिन्न माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# पांच बार से मोतिहारी के विधायक रहे प्रमोद कुमार को मिल रही तीन तरफा चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण । जिले के मोतिहारी विधानसभा का प्रतिनिधित्व पांच बार से प्रमोद कुमार विधायक के रूप में करते आ रहे है। इस बार भी उन्हे भरोसा है कि जनता उनको निराश नहीं करेगी लेकिन इस बार उनकी डगर आसान नहीं दिख रही है। अलबत्ता एनडीए के नाम पर जीत दर्ज कर रहे प्रमोद कुमार को भी इस बार एनडीए की मोह में जीने वालो ने वोट कर दिया, तो शायद वे छठ्ठी बार का रिकार्ड बना देंगे। अलग बात है कि इस बार का चुनाव गत चुनावी समीकरण का से काफी अलग है। इस बार वैश्यो के बड़े चेहेरे के रूप में देवा गुप्ता राजद से है, तो प्रसिद्ध डॉक्टर अतुल कुमार जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार है।



इसके अलावें छात्र नेता एवं जदयू के युवा प्रदेश अध्यक्ष रहे दिव्यांशु भारद्वाज भी मैदान में है। उनका साफ कहना है कि वे निर्दलीय नही, जनता के उम्मीदवार है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आखिरकार कौन बाजी मारता है लेकिन आज की तारीख में बात की जाये तो भाजपा के प्रमोद कुमार इस बार बुरी तरह से फंसे नजर आ रहे है। अलबत्ता चुनाव की गणित तो प्रत्येक 24 घंटे में बदलती है। हाल में ही भाजपा का दामन छोड़ जनसुराज के डॉ. अतुल कुमार के साथ भी लोग है, इंकारा नहीं जा सकता है। उनकी जाति की वोट भी यहां कम नहीं है लेकिन दिलचस्प होगा कि वे वोट उनको करेंगे, या फिर भाजपा को कर देंगे।

इस बार चित्रांश परिवार एकजुट दिख तो रहा है लेकिन परिणाम स्पष्ट कर देगा कि वे कहा थे या है। जाहिर सी बात है कि डॉ. अतुल एक प्रसिद्ध चिकित्सक है, जिनकी पकड़ हर जाति, धर्म के साथ है। रही बात निर्दलीय प्रत्याशी द्विव्याशु की तो वे पहचान के मोहताज नही है। पटना विवि जैसे जगह से चम्पारण का झंड़ा लाल कर चुके है। फिलहाल वे मैदान में है, उनकी कई सभाएं गवाह है कि बिना पैसा दिए, उन्होने जो भीड़ इक्कठा कर दिखाई है, वैसी भीड़ पार्टी स्तर पर करने वालो को करोड़ो की राशि लूटाने पड़ती है। जिउतिया जैसे हिन्दुओ के पर्व पर जो भीड़ राजाबाजार जैसे प्रशाल हॉल में देखा गया, वहां वैसी महिलाएं आई थी, जिसकी परिकल्पना करना सूर्य को दीपक जलाने के समान माना जायेगा। अलबत्ता कहने को तो मोतिहारी में आमने सामने की टक्कर आसानी से आज के यूटूबर कर सकते है, लेकिन मोतिहारी विधानसभा चतुष्कोणिय मुकाबले में नजर आ रहा है। अब देखना दिलस्प होगा कि आखिरकार लोग किस प्रत्याशी को सर आंखो करते है।

## सोन नदी तट पर हुआ जल संगम से जनसंगम

डेहरी आन सोन । स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ़ सौ वी जयंती पर देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसमें एक प्रमुख कार्यक्रम जल संगम से जनसंगम भी है। जिसे संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित किया गया है। इसके तहत देश की 25 नदियों के जल से नई दिल्ली में सरदार पटेल का जलाभिषेक किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत सोन नदी का भी चयन हुआ है। यहां सोन नदी के एनीकट स्थित घाट पर जल संग्रह किया गया। जल संग्रह से पूर्व दिल्ली से आये सोमा विश्वास व अशोक कुमार समेत अन्य चार प्रतिनिधियो ने यमुना नदी के पवित्र जल का संगम सोन नदी से कराया। इस जल को सरदार पटेल के जलाभिषेक हेतु दिल्ली भेजा जाएगा। स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर के प्रभारी प्राचार्य डॉ दिग्विजय सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के पश्चात भारत को एक रखने में जो तटस्थता और दृढ़ता दिखाई वह हर देशवासियों के लिए अनुकरणीय है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 31 को 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'रन फॉर यूनिटी' अर्थात एकता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा की नैनीताल इकाई भी 31 अक्टूबर 2025 को नैनीताल में मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को नैनीताल क्लब में हुई तैयारी बैठक में निर्णय लिया गया कि सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित यह मैराथन मल्लीताल फ्लैट्स-डीएसए मैदान से सुबह 7 बजे प्रारंभ होगी। एकता दौड़ में नगर के विद्यालयों के विद्यार्थी, स्थानीय युवक-युवतियां तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के स्वयं सेवक भाग लेंगे। आयोजन के लिये कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गयीं। बैठक में मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा जीवंती भट्ट, मंडी समिति सलाहकार मनोज जोशी, मंडल महामंत्री हरीश राणा, मंडल उपाध्यक्ष निखिल बिष्ट, सभासद मनोज जगाती, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, उपाध्यक्ष ज्योति डोंडियाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता गंगोला, नगर मंत्री विकास जोशी और युवराज करायत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में 15वां ग्लोबल फोरम 2025 का वन मंत्री ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में 15वें आईकन एसडब्ल्यूएम-सीई व आईपीएलए ग्लोबल फोरम 2025 का शुभारंभ उत्तराखंड सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। इस अवसर पर स्कूल चिल्ड्रन्स कंग्रेस ऑन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्कुलर इकोनॉमी का भी आयोजन किया गया।

इस मौके पर उत्तराखंड सरकार के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यदि हम अपनी जीवनशैली को प्रकृति के अनुरूप बनाएं, तो स्वच्छ और सतत भविष्य का निर्माण संभव है। ह्लस्कूल चिल्ड्रन्स कंग्रेस ऑन वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्कुलर इकोनॉमीङ्क में देशभर से आए विद्यार्थियों ने



पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा परिपत्र अर्थव्यवस्था के विषय पर अपने नवाचार एवं विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राफिक एरा डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. नर्पिन्दर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैश्विक मंच विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति जागरूक बनाते हैं। इस अवसर पर इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ वेस्ट मैनेजमेंट, एयर एंड वाटर के महानिदेशक डॉ. साधन घोष ने सम्मेलन के उद्देश्यों एवं वैश्विक स्तर पर कचरा प्रबंधन में हो रहे नवाचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वैज्ञानिक एवं उपनिदेशक डॉ. विपिन गुप्ता को ह्लयंग एनवायरनमेंट विजनरी अवार्ड 2025ङ्क से सम्मानित किया गया। डॉ. गुप्ता को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, तथा जनजागरूकता अभियानों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने बीते वर्षों में मिशन लाइफ के तहत 25,000 से अधिक नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है तथा विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण मापदंडों के मूल्यांकन और सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# एसएसपी नैनीताल ने संभाला कार्यभार कहा– महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल जिले के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर प्राथमिकता जताते हुए कहा कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

नैनीताल जनपद के नवागंतुक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बुधवार को मुख्यालय में आगमन पर सर्वप्रथम नगर की आराध्य देवी माता नयना देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत उन्होंने जिले के पुलिस प्रमुख के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया और अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली, और जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से शिष्टाचार भेंट की।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. टीसी ने एसएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया और शाखा प्रभारियों से मुलाकात कर टीम भावना




के साथ दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की और जनपद की स्थिति सहित आगामी राष्ट्रपति भ्रमण को लेकर विस्तृत चर्चा की।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नशे के तस्करों और उनके नेटवर्क पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का लक्ष्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा कि नशा, साईबर ठगी और यातायात अव्यवस्था जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए नैनीताल पुलिस पूरी तत्परता से कार्य करेगी। साईबर ठगों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाएगा और जनता को जागरूक किया जाएगा, जिससे समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके।

डॉ. मंजूनाथ टीसी 2014 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वे रुद्रपुर व ऋषिकेश के पुलिस क्षेत्राधिकारी, एएसपी उधमसिंह नगर, एसपी देहरादून, एसपी अपराध एवं यातायात हरिद्वार, सेनानायक आईआरबी द्वितीय, सेनानायक 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार, एसपी कुंभ, एसएसपी अल्मोड़ा, एसएसपी उधमसिंह नगर, एसपी अभिसूचना मुख्यालय तथा रेलवे में कप्तान जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे दिल्ली के एक चिकित्सालय में चिकित्सक के रूप में सेवाएं भी दे चुके हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063